राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 294 | रांची, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwal-duniyapress@ gmail.com

आज का दिन

देश-दुनिया के इतिहास में 25 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख भारत में टेलीविजन के सफेद और काली दुनिया में बदलाव के लिए याद की जाती है। भारत में 25 अप्रैल, 1982 को ही दूरदर्शन रंगीन हुआ था। इसके बाद भारत ने एशियाई खेलों की मेजबानी की। दूरदर्शन पर खेलों का रंगीन प्रसारण हुआ। इसने भारत में टीवी की लोकप्रियता बढ़ाई। आज तो हमारे पास सैकड़ों चैनल और अब चैनलों को छोड़िए ओटीटी ऐप्स पर कार्यक्रम देखने की सुविधा है। प्रसारण भी कुछ घंटों से बढ़कर 24 घंटों का हो गया है।

आपके एक वोट की ताकत से हम दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए : मोदी

हरदा, एजेंसी

10 सालों में हुआ काम ट्रेलर, देश को बहुत आगे लेकर जाना है: प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदा में आयोजित जनसभा में कहा कि आपके एक वोट की ताकत से हम दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए। आपके एक वोट ने दुनिया में भारत का डंका बजा दिया। सीमा पर से आंख दिखाने वाले दुश्मन के होश ठिकाने लगा दिए। आपका वोट है, जिसने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद रामलाल को भव्य मंदिर में विराजमान कराया। इन 10 वर्षों में जो काम हुआ है, वह केवल एक ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि देश में इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर एक अलग ही उत्साह है। हमारा हरदा तो देश और मध्य प्रदेश की हृदयस्थली है और हृदय से मिला आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। ये क्षेत्र भी पूरे देश में सुर से सुर मिला रहा है। देश के हर कोने में एक ही सुर है और मप्र में भी एक सुर है वो ये कि फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जब से काम संभाला है मध्य प्रदेश को और विकास की ऊंचाइयों पर ले गए हैं।

उन्होंने सभा के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का खतरनाक हिडन एजेंडा अब खुलकर सामने आ चुका है। सेक्युलरिज्म के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की मूलभूत भावना की भी हत्या कर दी है। अब ये खुलकर सामने आ गया है कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से कितनी नफरत करती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। मुसलमान की सभी जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। कांग्रेस ने इन सबको ओबीसी में डालकर ओबीसी को जो हक मिलता था, उसका बहुत बड़ा हिस्सा उसने छीन लिया।

मोदी ने कहा कि आपके पूर्वजों ने जो संपत्ति बचाई जो आपको मिली है, अब कांग्रेस कहती है कि आप अपनी संतानों को वो संपत्ति नहीं दे सकते। करीब-करीब आधी संपत्ति कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कानूनन आपसे लूट लेगी। कांग्रेस का एक ही मंत्र है, ह्यजिंदगी के साथ भी लूट और जिंदगी के बाद भी लूट। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारी आस्था पर हमले करती है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को ठुकरा दिया। कांग्रेस को मंदिर और मंदिर जाने वालों से भी दिक्कत है।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरूआत में भारत माता की जय के साथ उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में जो सम्मान भारत का है, मोदी जी के नेतृत्व में वह कांग्रेस के समय में कभी नहीं रहा।

2014 के पहले भारत को विश्व में घोटालों का देश के रूप में जाना जाता था भारत की इज्जत नहीं की जाती थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी बनने के बाद देश की छवि सुधरी और सम्मान मिला।

कभी नहीं कहा संपत्ति बांटेंगे, हम देश में जातीय जनगणना का कराएंगे : राहुल गांधी

उज्ज्वल दुनिया सं

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे।

नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है।

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल से कह रहे थे कि वे ओबीसी हैं लेकिन जैसे ही मैंने जातिगत जनगणना की बात की वे कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि अगर आप गरीबों की लिस्ट देखेंगे तो उसमें आपको एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग मिल जाएंगे, लेकिन, अमीरों के लिस्ट में आपको एक भी नहीं मिलेंगे।

राहुल गांधी ने कहा के देश के हाईकोर्ट में 650 जज हैं लेकिन 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व 100 जजों द्वारा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में यह आंकड़ा भी नदारद है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की मीडिया और बड़ी कंपनियों के मालिकों या न्यूज एंकरों की लिस्ट में एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग का कोई नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों के हाथ में 'माइक' है ही नहीं। ऐसे में जिन 90 प्रतिशत लोगों के पैसे से देश चल रहा है, उनके हाथों में भी 'माइक' दिया जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई। देश को संविधान दिया। देश में हरित क्रांति, श्वेत क्रांति लाई। बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। प्रिवी पर्स को खत्म किया। देश में कंप्यूटर क्रांति लाई। कांग्रेस देश में क्रांतिकारी काम करती रही है। कांग्रेस की सरकार आते ही हम जातिगत जनगणना करा देंगे। ये मेरी गारंटी है।

कांग्रेस का घोषणापत्र देश को तोड़ने वाला पत्र : संजय सेठ

रांची। रांची के सांसद सह भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हिंदू-मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई हैं, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है।

सेठ बुधवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था। सेठ ने कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए।

लोहरदगा लोकसभा सीट से समीर उरांव और चमरा लिंडा ने दाखिल किए नामांकन पत्र

लोहरदगा, एजेंसी

लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत मौजूद रहे।

झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने बुधवार को लोहरदगा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। लोहरदगा से आईएनडीआईए के सुखदेव भगत चुनाव मैदान में हैं। पिछले कई दिनों से कयास लगाए जा रहे थे कि झामुमो के चमरा लिंडा वहां से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। उनके चुनाव मैदान में उतरने के साथ ही सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

आईएनडीआईए में लोहरदगा सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। इसके बाद कांग्रेस ने सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया। एनडीए ने वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट कर राज्यसभा सदस्य रहे समीर उरांव को मैदान में उतारा है और उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। झामुमो के चमरा लिंडा के नामांकन करने के बाद सुखदेव को अब केवल समीर उरांव ही नहीं, चमरा का चैलेंज भी फेस करना होगा।

पलामू लोकसभा सीट के लिए भाजपा और राजद समेत चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

अब तक आठ नॉमिनेशन, 11 फार्म बिके

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र में छठे दिन बुधवार को चार नामांकन पत्र दाखिल हुए। भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, राजद से ममता भुइयां, एयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा एवं भागीदारी पी से सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में चारों उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। इससे पहले चारों उम्मीदवारों ने शहर के अलग-अलग इलाकों से रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। छठे दिन चार उम्मीदवारों के नामांकन के साथ अबतक आठ प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है।

उल्लेखनीय है कि नामांकन का छठा दिन है। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने का अब मात्र एक दिन शेष रह गया है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 29 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं।

साल 1984 के इंदिरा लहर में तिलकधारी सिंह बने थे कोडरमा से सांसद

कोडरमा, एजेंसी

साल 1984 में हुआ लोकसभा चुनाव कांग्रेस की रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए याद किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से पैदा हुई हमदर्दी और तुरन्त हुए चुनाव के बाद राजीव गांधी फिर प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कोडरमा से कांग्रेस के टिकट पर तिलकधारी सिंह पहली बार सांसद चुने गए।

साल 1984 में कोडरमा से कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनमें मुख्य मुकाबला कांग्रेस के तिलकधारी सिंह और भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा के बीच हुआ था। तिलकधारी सिंह को 208731 वोट मिले थे जो कुल मतदान का 58.8 प्रतिशत था जबकि लगातार दो बार सांसद रहे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 97348 वोट ही मिले थे जो मतदान का 27.45 प्रतिशत था।

इनके अलावा निर्दलीय एनामुल हक को 10453, जनता पार्टी से विश्वनाथ मोदी को 10057, निर्दलीय नंदलाल गोप को 7392, निर्दलीय रामकिशोर मेहता को 5639, झामुमो के प्रदीप कुमार सरकार को 4470, निर्दलीय दिनेश सिंह को 3155, निर्दलीय अबुइनाम अख्तर को 1974, निर्दलीय इंद्र कुमार अग्रवाल को 1951, निर्दलीय सुधा रानी सिन्हा को 1903, आईसीजे से युगल किशोर प्रसाद को 1043 और निर्दलीय बुरहान साहू को 570 वोट मिले थे। तब कुल मतदाताओं की संख्या 766871 थी, जिसमें 366462 मत पड़े थे जो कुल मतदान का प्रतिशत 47.79 था।

शिक्षक की नौकरी छोड़ राजनीति में आए तिलकधारी

गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो गांव में 08 जनवरी, 1938 में जन्मे तिलकधारी सिंह के पिता पंचानन सिंह पंचायत के मुखिया थे और मां नुपूर देवी कुशल गृहिणी थी। रांची विश्वविद्यालय से बीएससी करने के बाद 1962 में चकाई हाई स्कूल में वे विज्ञान के शिक्षक रहे लेकिन 1968 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर पहली बार मुखिया का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में वे गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष चुने गए।

वर्ष 1971 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के बाद 1977 में तिलकधारी प्रसाद सिंह गिरिडीह जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने। इसके बाद 1980 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर धनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीतकर विधानसभा पहुंचे। वर्ष 1984 में कांग्रेस ने उन्हें कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाया और भारी मतों के अंतर से जीतकर वे संसद पहुंचे। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर अकेले तिलकधारी प्रसाद सिंह ने साथ बार चुनाव लड़ा लेकिन सफलता सिर्फ दो बार मिली।

वर्ष 1984 में कांग्रेस पार्टी की लहर में जीत हासिल हुई। दूसरी बार 1999 के चुनाव में फिर जीते लेकिन इसके बाद कभी वापसी नहीं कर सके।

क्विक न्यूज

लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत 25 को करेंगे नामांकन

रांची। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल गुमला में आमसभा का भी आयोजन किया गया है।

पर्चा दाखिल और नामांकन कार्यक्रम में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , शहजादा अनवर शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दस साल अन्याय काल के खिलाफ आदिवासी, किसान, अल्पसंख्यक सहित तमाम वर्ग एकजुट होकर गुरुवार से लड़ाई का आगाज करेंगे।

आईएनडीआईए गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे और देश खुशहाली और तरक्की की ओर अग्रसर होगा।

साहिबगंज में किशोरी और परिवार के तीन सदस्यों पर तेजाब से हमला

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में आज तड़के करीब तीन बजे कुछ लोगों ने परिवार के चार सदस्यों पर तेजाब से हमला किया। चारों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इनमें 15 साल की किशोरी भी शामिल है। यह वारदात राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के पास अर्धनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स की छत पर हुई है। सभी लोग इस कांप्लेक्स की छत पर सो रहे थे।

आनन-फानन में सभी को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद चारों पीड़ितों फुलवानो बेवा (60), हसीन बीवी (35), आलम शेख (25) और शबनम बानो (15) को हायर सेंटर धनबाद रेफर कर दिया।

एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों के लिए लिखित बयान लिए। पीड़ितों को कुछ लोगों पर शक है। एसडीपीओ ने घटनास्थल का भी जायजा लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह परिवार अनुमंडलीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत की दुकान में होटल चलाता है। इसी दुकान की छत पर यह लोग सो रहे थे। एसडीपीओ त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ितों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी तलाश की जा रही है।

झारखंड में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

रांची। राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

वन क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों के आसपास सतर्क रहें वनरक्षी : रवि कुमार

रांची। राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आसपास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

रवि कुमार ने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों और शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एन के सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एसआर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

देवघर एम्स मामले में राज्य सरकार ने झारखंड हाई कोर्ट में कहा, मुहैया करा दी गई बिजली-पानी की सुविधा

उज्ज्वल दुनिया सं

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि देवघर, एम्स में बिजली और पानी आदि की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जो सुविधा बची है उन्हें भी शीघ्र मुहैया कर दिया जाएगा।

फायर फाइटिंग के लिए तात्कालिक रूप से व्यवस्था की जा रही है। एम्स कर्मियों के बच्चों के लिए सेंट्रल स्कूल बनाने के लिए जगह चिह्नित कर दिया गया है, वहां जल्द सेंट्रल स्कूल खोला जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर एम्स, देवघर को प्रतिउत्तर दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई दो मई निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान डीजी फायर अनिल पालटा कोर्ट में वर्चुअल रूप से हाजिर हुए थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए फिनलैंड से दो हाइड्रोलिक मशीन आएगी, जो 24 तल्ला से ऊंचे भवनों में आग लगने पर आग बुझाने में सक्षम रहेगी।

फिनलैंड से यह हाइड्रोलिक मशीन 24 माह में देवघर एम्स आएगी। इस पर लागत 26 करोड़ 85 लाख रुपये आएगी। इस संबंध में टेंडर निकाला गया था।

सांसद निशिकांत ने देवघर एम्स में सुविधाओं को लेकर कई बिंदु उठाए गए हैं। इसमें देवघर एम्स के लिए पावर सबस्टेशन बनाने, देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत देवघर एम्स को पानी देने की बजाय पुनासी डैम से जोड़कर देवघर एम्स के लिए पानी की व्यवस्था करने, देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए समुचित व्यवस्था करने, देवघर एम्स के लिए शेष बचे 20 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने, देवघर एम्स में कार्यरत कर्मियों के बच्चों के लिए वहां सेंट्रल स्कूल खुलवाने आदि की मांग की गई है।

झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है।

कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है।

वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

रामगढ। लोकसभा (आम) चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ श्रीमती मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलांगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे अथवा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 08 वाहनों से कुल 2 लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

रजरप्पा थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ- पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रजरप्पा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से विदेशी शराब लदी कार को जब्त किया है। कार से बीयर और व्हीस्की की 158 बोतल बरामद की गई है। कार के चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि काले रंग की अल्टो कार छ्ग॥24रू7773 पर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के परिवहन की सूचना मिली थी। जिसपर रामगढ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर रजरप्पा थाना में सघन जांचअभियान चलाया गया। रजरप्पा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने जगह-जगह छापेमारी की। इस क्रम में लारी पनशाला मोड के निकट उक्त कार को रूकवाया गया। जांच के क्रम में बिक्री हेतु भारी मात्रा में रखे अवैध अंग्रेजी शराब पाया गया। कार चालक की पहचान प्रेमचंद कुमार (30 वर्ष) पिता नंदकिशोर महतो, मुरूबंदा, रजरप्पा थाना निवासी के रूप में हुई। पुलिस के मांगे जाने पर वह शराब से संबंधित कागजात नहीं दिखा सका। जिसपर शराब सहित कार जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले के संबंध मे रजरप्पा थाना में कांड संख्या- 73/24 दिनांक 23-04-2024 धारा 290 भादवि और 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार से किंगफिशर बीयर 650 द्वद्य- 120 बोतल, मैकडोवेल्स 750 द्वद्य - 02 बोतल, 375 द्वद्य -24 बोतल, 180 द्वद्य - 12 बोतल में कुल लीटर शराब जब्त हुई है।...

स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। रामगढ जिले में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम श्रीमती रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया गया।वहीं इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग करने हेतु अपील की।..

भाजपा द्वारा पश्चिमी अरगड्डा का बूथ सर्वेक्षण का कार्य संपन्न

गिद्दी। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा अरगड्डा पश्चिमी बूथ सर्वेक्षण का कार्य संपन्न कर लिया गया है। इसे लेकर दीपक कुमार के आवासीय कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें बूथ संख्या 72, 73, 74, 75 सर्वेक्षण को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिले के नियुक्त प्रभारी पुरुषोत्तम पांडे, रंजीत पांडे, दयानंद ठाकुर, दिवाकर सिंह, संतराज पासवान क्लस्टर प्रभारी उपस्थित थे। इस दौरान सबसे पहले हर बुथो में सभी कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। इसके पश्चात पार्टी सदस्यों से बूथ अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, वोटर प्रमुख, पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख का चयन किया गया। बताया गया कि अरगड्डा पश्चिमी में पूर्व से सभी बूथो पर बेहतर कार्य हो रखा था, इस वजह से कुछ समय में ही थोड़े बहुत परिवर्तन से आसानी से बूथ सर्वेक्षण का कार्य हो गया। मौके पर शक्ति केंद्र के संयोजक संतराज पासवान, दिवाकर प्रसाद सिंह, राजू दास, नवीन गुप्ता, पिंटू पटवा, वशिष्ठ नारायण शर्मा, संजय कुमार, मनोज रजक, अशोक केसरी, रंजीत केसरी, सूरज केसरी, बद्दू बनर्जी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित ।

लावारिस कुत्तों को दूर से ही देखकर लोग अपने रास्ते बदलने पे मजबूर

गुमला – गुमला जिले में समय समय पर , लावारिस पागल कुत्तों ने काटने से , पिछले दिनो जिला मुख्यालय गुमला में , एक व्यक्ति और एक नन्दी (बैल) की मौत गुमला जिला मुख्यालय में हो चुकी हैं, समय-समय पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पागल कुत्तों का आतंक और दहशत से लोग काफी डरे हुए और भयभीत हैं , फलस्वरूप लावारिस कुत्तों को दूर से ही देखकर लोग अपने रास्ते बदल लेते हैं , गुमलाढ सदर थाना (गुमला प्रखंड) स्थित कसीरा ग्राम निवासी अनिमा एक्का के गाय को रविवार के दिन एक लावारिस , पागल कुत्ते ने काट लिया , तो उसके परिजनों ने देहाती दवा , जड़ी बूटी , खिलाकर लोग निश्चित हो गये, परंतु उसका दुष्प्रभाव यह हुआ कि , सोमवार को उक्त गाय ने देहाती दवा खिलाते अनिमा एक्का की एक उंगली गाय के दांत से कट गई , तो उसके परिजनों ने उक्त बात को हल्के में लेते हुए , अनिमा एक्का को भी , उसके परिजनों ने देहाती जड़ी बूटी , औषधि खिलाकर निश्चित हो गया ,जिसके परिणाम स्वरूप , अनिमा एक्का जो तीन माह की गर्भवती थी और उसके पेट में पाल रहे तीन माह के बच्चे की मौत हो गई, इस वैज्ञानिक युग में भी लोग , अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर , अपनी लापरवाही और सरकारी अस्पताल के प्रति यह धारणा लोगों के जेहन में घर कर गई है कि सरकारी अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा नहीं मिलता है , और डॉक्टरों द्वारा अधिक दामों की दवा लिख दिए जाते हैं अपने कमीशन के लिए तो कहां से मिलेगा इलाज और दवा मिलता है सिर्फ डॉक्टर का लिखा हुआ अधिक दवा और अधिक दामों का पर्ची और तो और डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा रोगियों और उसके परिजनों के साथ करते हैं दुर्व्यवहार , यही कारण है कि लोग सरकारी अस्पतालों में जाने के लिए 100 बार सोचते हैं , और निजी क्लिनिको द्वारा बीमारी के नाम पर तरह-तरह के टेस्ट, विभिन्न आकार प्रकार के कोस्टली महंगी दवाइयों के नाम पर खुला खेल फर्रुखाबादी खेला जा रहा है , लूट की छूट बची हुई है , फिर भी कोई नहीं है ।

आज कुल तीन प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला – लोहरदगा निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला , कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर आज कुल तीन प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये (1) समीर उरांव - भारतीय जनता पार्टी (2) रामचंद्र भगत - लोकहित अधिकार पार्टी , और (3) चमरा लिंडा स्वतंत्र (निर्दलीय) ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये । उक्त सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व अपने-अपने पार्टी समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय गुमला के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए एक जुलूस के शक्ल में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकालकर , गुमला - लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष स्थल तक पहुंचे और अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया।

13 मई को वोट करेगा गुमला, का नारा लगाकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला- गुमला जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज स्वीप गतिविधि के तहत भारत स्काउट और गाईड के माध्यम से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में संत इग्नासियस हाई स्कूल,गुमला, नेट्रोडेम स्कूल गुमला, एवं उर्सलाईन कॉन्वेंट हाई स्कूल गुमला के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

संत इग्नासियस हाई स्कूल से प्रारंभ हुए इस रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी सहित उप विकास आयुक, अपर समाहर्ता एवं जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नजारता उप समाहर्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ,जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने में जिले के विद्यार्थियों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्यों एवं अपने संबंधितों व आस पड़ोस के लोगों से मतदान करने हेतु प्रेरित कर्ण को कहा। उन्होंने कहा कि समाज के गठन के लिए सबसे जरूरी है मतदान,इसे ध्यान में रखते हुए जिले वासियों को नैतिक मतदान के प्रति प्रेरित करना एवं जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है , जिसे निभाना हमारा कर्तव्य है।

उपायुक्त ने 13 मई को गुमला जिले में होने वाले मतदान की तिथि को पुनः सभी को याद दिलाते हुए मंच के माध्यम से उन्होंने जिले वासियों से भी मतदान की तिथि में अपने मतदान केंद्र में जाकर वोट देने की अपील की, एवं चुनाव के इस महापर्व में शामिल होने की बात कही।

जागरूकता रैली के दौरान सभी विद्यार्थियों ने शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहों , टावर चौक, पटेल चौक, जशपुर रोड, जीएसपी रोड , पालकोट रोड एवं सिसई रोड के मुख्य स्थानों का चक्कर लगाते हुए चुनावी नारे लगाए। हमारे भविष्य के लिए आवश्यक मतदान करें की अपील करते हुए विद्यार्थियों ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया ।

सैंकड़ों विद्यार्थियों के एक सुर में लगाए गए चुनावी नारों ने जिले के शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया एवं मतदाताओं ने भी घर से बाहर निकल कर इस चुनावी रैली को देखा।....

एक-नजर

श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ ने किया सभी अखाड़ों को मोमेंटो और शास्त्र देकर पुरस्कृत

रामगढ।रामनवमी में चलंत एवं स्थाई झांकियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने सभी अखाड़ों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।उक्त बातों की जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा द्वारा चट्टी बाजार दुर्गा मंडप पर रामगढ़ के अमरदीप समिति,श्री श्री पवनसुत रामनवमी पूजा समिति,श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर विष्णु बाल समिति,भारती मंडली,सुभाष बाल मंडली,विशाल क्लब किला मंदिर,श्री पवनसुत मंदिर पुरनी मंडप के अध्यक्षों को मोमेंटो और शास्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे महासमिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।इस मौके पर दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी अखाड़ों के सदस्यों का अनुशासित और अथक परिश्रम के कारण रामनवमी भव्यता से संपन्न हुआ। इसी कारण सभी को सम्मानित कर महासमिति उनका आभार व्यक्त करती है, और जिन अखाड़ों के पदाधिकारी किसी कारणवश आज उपस्थित नही हुए हैं, उनके पास महासमिति के पदाधिकारी स्वयं जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे।साथ हीं उन्होंने कहा कि रामगढ़ में रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में महासमिति के पदाधिकारियों सहित सभी पुलिस प्रशासन ने अपना अहम योगदान दिया। इसके लिए उन सभी का भी समिति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करती है।

गिद्दी क,ख,ग एवं टोंगी पंचायत के सभी 14 बूथों का भाजपा द्वारा सर्वेक्षण का कार्य हुआ शुरू

गिद्दी। पुरुषोत्तम पाण्डेय के गिद्दी ए स्थित आवासीय कार्यालय में बुथ संख्या94,95,96,97,98,99,100, 101,102, 103 एवं 80,81,82,83 बूथ सर्वेक्षण की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिले से नियुक्त प्रभारी राजु चतुर्वेदी ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम पाण्डेय और वकील महतो भी शामिल थे। बैठक में सबसे पहले हर बूथ में सभी कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनको सूचीबद्ध किया गया। तत्पश्चात उन्ही कार्यकर्ताओं में से बूथ अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, वोटर प्रमुख, पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख का चयन किया गया। चुकि गिद्दी के सभी बूथों पर पूर्व से सभी बूथों पर बेहतर काम होता रहा है। इसलिए थोड़े बहुत परिवर्तन से कार्य आसानी से संपन्न हो गया।बैठक में मुख्य रूप से नमिता कुमारी, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना त्रिपाठी, उमेश बेदिया, मिर्णल दास, विजय मांझी, सुभम कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, इत्यादि उपस्थित थे।

स्वीप कोषांग के कर्मियों ने सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं से मुलकाता कर चुनाव के प्रति जागरूक किया

गुमला- गुमला जिले में स्वीप गतिविधि के तहत जिले के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कर्मियों ने गुमला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र कोटाम बाजार में आए मतदाताओं से मुलाकात की एवं उनके बीच मतदाता जागरूकता के संदेश देने हेतु उनके बीच कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया। प्रत्येक नागरिकों से स्वीप कर्मियों ने मुलाकात की एवं उन्हे जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तिथि से भी अवगत कराया गया।मतदाताओं को वोट देने के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ उनके बीच चुनाव जागरूकता से जुड़े कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया, ताकि जब भी कोई मतदाता उस बैग को लेकर सार्वजनिक स्थान पर जाए तो आस पास के नागरिकों को जिले में होने वाले मतदान दिवस की तिथि की याद आए । इस दौरान मुख्य रूप से स्वीप कोषांग के फिरदोष, राजेश कुमार पोद्दार, सुनील कुमार, शालेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहें..।

रामगढ अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी व अनुसेवक को 10हजार रूपये रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथ पकडा

रामगढ। एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए रामगढ अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी और अनुसेवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल, एसीबी को शिकायत की गई थी कि रामगढ अंचल के राजस्व कर्मचारी जमीन से जुडे मामले में रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत की सत्यता पर एसीबी की टीम रामगढ अंचल कार्यालय पहुंची। यहां एसीबीद्म ने राजस्व कर्मचारी अमित लोहार और अनिल महली को एसीबी ने रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड लिया। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है।

हजारीबाग ने रामगढ़ को 58 रन से हराया

रामगढ। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर16 का सेल इफिको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ और हजारीबाग के बीच मैच खेला गया। जिसमें हजारीबाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50ओवर के मैच में 37 ओवर मे 178 रन बनाए। जिसमें अर्सदीप मेहता ने 65 रन, पंकज कुमार 23 रन, जीवन कुमार मेहता ने 22 रनों का योगदान दिया। वहीं रामगढ़ की ओर से गेंदबाज संयम शर्मा 10 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट, आलोक टुडू 5 ओवर 16/2 एवं हर्षित कुमार मेहता 6 ओवर 19 रन देकर 2 विकेट झटकने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 21.5 ओवर में 120 रन पर ढेरों हो गई। इनके मुख्य बल्लेबाज अंतरिक्ष कुमार ने 31 रन, प्रिंस कुमार18 रन ही बना पाएं। हजारीबाग 58 रन से इस मैच को अपनी झोली में दल लिया। मैच के अंपायर मो. उ?र तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे ।

रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव सुरज प्रसाद उपेंद्र प्रसाद सिंह वीरेन्द्र प्रसाद पासवान एवम अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी जीवन कुमार मेहता हजारीबाग को भेंट किया.।

प्रचंड गर्मी में खाली पैर और पर्याप्त पैसा नहीं होने के बावजूद इटवा उरांव ने लोगों के सहयोग से नामांकन पत्र खरीदा

गुमला – लौहरदग लोकसभा चुनाव 2024 का प्रत्याशी बनने का हौसला बुलंद रखने वाले, गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित सुरंगों ग्राम निवासी इटावा उरांव ने इस प्रचंड गर्मी में भी खाली पैर और खाली पॉकेट रहने के बावजूद लोगों के सहयोग से नामांकन पत्र खरीदा और भ्रष्टाचार को समाप्त करने की जज्बा रखने वाले , इतवा उरांव ने अकेले स्वतंत्र पार्टी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदने लिए जिला मुख्यालय गुमला पहुंचे , तो उनके पास नामांकन पत्र खरीदने के लिए और ना - ही खाने - पीने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे लेकिन वृद्धावस्था में भी हौसले बुलंद हैं , लोगों के सहयोग से उन्होंने अपने लिए नामांकन पत्र खरीदा और वापस अपने घर घाघरा जाने के लिए और ना ही खाने के लिए पैसे थे फिर भी हौसले बंद थे ,भला हो उन लोगों का जिन्होंने मुझे सहयोग किया, और मैं अपने लिए नामांकन पत्र खरीद सका , मैं संभवत; 24 या 25 अप्रैल 2024 को अपना नामांकन पत्र निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष मैं अपना नामांकन पत्र स्वतंत्र पार्टी (निर्दलीय) पार्टी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करूंगा, स्थानीय लोगों ने मुझे मौका दिया तो मैं सर्वप्रथम भ्रष्टाचार मिटाने में मेरी अहम भूमिका होगी।

आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

रांची, । निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें।

यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया।

कुमार ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें या वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें।

कुमार ने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारी पटेल मयूर कन्हैया लाल, ओएसडी गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खूंटी लोकसभा सीट से पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

खूंटी। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट की अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिन प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें झारखंड पार्टी के अपर्णा हंस, अबुआ झारखंड पार्टी के सोमा मुंडा, लोकहित अधिकार पार्टी के काशीनाथ सांगा, निर्दलीय अहलाद केरकेट्टा तथा झामुमो के पूर्व विधायक निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि द्वारा बुधवार को भी दूसरी बार अन्य सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया। दूसरी ओर बुधवार को एक अभ्यर्थी बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र की खरीदारी की गई है। इनमें से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल नौ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। इसलिए बाकी बचे अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया जाएगा।

नामांकन के पूर्व झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का और महासचिव अशोक भगत के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के कार्यकताओं ने लोयला मैदान सें नामांकन रैली निकाली गई, जिसमें खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा, तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र कें हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया।

नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहा के ईसाइयों को अपमानित किया है। ईसाई धर्मगुरुओं कों टिकट देने का आश्वासन देनें के बाद भी किसी ईसाई कों कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि कांगेस भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बन गई है। यही कारण है कि तीन बार चुनाव हारने के बाद भी कालीचरण मुंडा को ही कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा। कालीचरण मुंडा कांग्रेस में और उनका छोटा भाई नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा में हैं और दोनों यहा की जनता का मूर्ख बना रहे हैं। एनोस एक्का ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से जब भी कांग्रेस ने ईसाई उम्मीदवार उतारा है, उनकी जीत हुई है, जबकि गैर भाजपाई दल से कोई गैर ईसाई को जीत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि 1952, 1957 और 1962 में झारखंड पार्टी के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने संसदीय चुनाव जीता था। 1967 में जयपाल सिंह कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे थे। 1984 में साइमन तिग्गा और 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। उसके बाद कांग्रेस ने एक बार नियेल तिर्की को उम्मीदवार बनाया था।

कांग्रेस का घोषणापत्र देश को तोड़ने वाला पत्र : संजय सेठ

रांची। रांची के सांसद सह भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हिंदू-मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई हैं, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है।

सेठ बुधवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था।

सेठ ने कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बताएं की घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया?

देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची, । झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए

हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा कितनी भी षड्यंत्र रच ले जनता का साथ इंडी गठबंधन के साथ रहेगा।

झारखंड हाई कोर्ट ने डीटीओ-एसएसपी से रांची में अवैध रूप से चल रहे डीजल ऑटो-टोटो का मांगा ब्यौरा

रांची,। झारखंड हाई कोर्ट में जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने मामले में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रांची शहर में जो डीजल ऑटो और टोटो चल रहे हैं उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस आदि की जांच के लिए क्या कार्रवाई हुई? ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जाती है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर तीन सप्ताह में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी से जवाब मांगा है।

कोर्ट ने डीटीओ रांची एवं एसएसपी रांची को भी शपथ पत्र दाखिल कर शहर में अवैध रूप से चलने वाले डीजल ऑटो एवं टोटो के संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता श्रीनू गणपती को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट अभी तुरंत आपके साथ चलकर रांची शहर में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस वाले चालक को डीजल ऑटो एवं टोटो को चलाते हुए दिखा सकती है। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में छोटे-छोटे बच्चे डीजल ऑटो और टोटो चलाते हैं। वे अचानक कहीं भी गाड़ी को मोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। इनके पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। कोर्ट ने मामले में डीएसपी ट्रैफिक द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर असंतुष्टि जताई। साथ ही कहा कि शपथ पत्र में दी गई बातें हवा हवाई नहीं होनी चाहिए। धरातल पर ट्रैफिक सुधार के लिए काम हो रहा है यह दिखना चाहिए।

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ पर साधा निशाना

रांची। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गई।

इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है।

सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है ताकि जनता यह जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया। इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी ने जितनी राशि पूंजीपति मित्रों का माफ किया उससे दस करोड़ अन्नदाता किसान परिवारों का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों को आत्महत्या करने से बचाया जा सकता था।

सिन्हा ने कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बताएं कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठाई। यदि इन मुद्दों को उन्होंने सदन में उठाया है तो राज्य की जनता के समक्ष प्रमाण देना चाहिए।

सिन्हा ने कहा कि सिर्फ झूठ बोलकर केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार को वह ढक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी के झूठ और समाज को बांटने की राजनीति को समझ चुकी है और वोट के माध्यम से चोट करने के लिए तैयार बैठी है।

रांची में नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर जख्मी करने का आरोपित भेजा गया जेल

रांची, । राजधानी के कांके थाना क्षेत्र में नौ साल के नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपित विजय लोहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पर उसके पड़ोसी विजय लोहार ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से कई वार किया।

महाराजा अग्रसेन भवन मे श्री हनुमान जयंती महोत्सव का हुआ आयोजन

रांची

श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...

दुनिया चले ना श्री राम के बिना हनुमान जी चले ना श्री राम के बिना...

श्री हनुमान जयंती के जन्मोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल के सौजन्य से हनुमान जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री हनुमान महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हनुमान जी का अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, सवामणि भोग, भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य यजमान अंशुमान अग्रवाल सपत्नीक शैलवी जैन के साथ गणेश पूजन के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर पवन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सवामणि भोग का प्रसाद लगाया गया। वीर बजरंगबली को विभिन्न प्रकार के मेवा, मिष्ठान, फल, लड्डू आदि का भोग अर्पित किया गया। वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्तगण वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। तथा भक्तों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल

रांची द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की गई। पूरा दरबार भक्तिमय एवं हनुमानमय से गूंजायमान रहा। भजन गायक मनीष सोनी, श्रवण अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, निर्मल बुधिया ने अपने सुर मधुर भजनों के गंगा प्रवाहित कर श्री हनुमान जी के श्रीचरणों मे भजनों की लड़ी लगा दी। इनके गाए भजनों में-

श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...

अंजनी मां के हुए लाल बधाई सारा भक्ता ना..

दुनिया चले ना श्री राम के बिना हनुमान जी चले ना श्री राम के बिना

सजा है प्यारा दरबार श्री हनुमान बजरंगबली का, मंगल भवन अमंगल हारी

संगीतमय भजनों पर श्रोता भक्तगण भाव विभोर होते हुए खूब झूमे। महोत्सव मे सैकड़ो भक्तों ने सवामणि भोग प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि मे सामूहिक महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्री हनुमान जयंती महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर-रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, विधायक सी.पी. सिंह, यशस्विनी सहाय, अमर चंद्र अग्रवाल, जय सिंह यादव, बजरंग लाल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल,के अलावे अन्य लोग उपस्थित है।

सार-संक्षेप

चोरी करते युवक ग्रिफ्तार,गया जेल

चान्हो। थाना क्षेत्र के टांगर गांव में चोरी के इरादे से एक बंद घर में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास कर रहे एक चोर को रंगे हाथ पकड़कर ग्रामीणों ने चान्हो पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार रात की है। पकड़े गए युवक का नाम सोनू साहु है जो मांडर थाना क्षेत्र के मंदरो गांव का रहने वाला है। ग्रामीणों के अनुसार सोनू साहू रात करीब आठ बजे जौरु उरांव के बंद घर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान बगल के घर के लोगों ने उसे देखा और पकड़ लिया। बाद में उसकी जमकर पिटाई की गयी और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। मालूम है कि टांगर गांव में ही तीन दिन पूर्व रविवार की रात को दो घरों में ताला तोड़ कर चोरी की घटना हुयी थी, जहां से चोरों ने 45 हजार नगद व करीब डेढ़ लाख के जेवर की चोरी कर ली थी। मामले को लेकर चान्हो पुलिस ने बताया कि पकड़े गये सोनू साहू से टांगर गांव में हुई चोरी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, जिसके आधार पर सामान की बरामदगी व उसके अन्य साथियों को पुलिस शीघ्र ही गिरफ्त में ले लेगी।

डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच 11 मई को खेला जाएगा

पिस्का नगडी। डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट -2024 का उद्घाटन मैच 11 मई को खेला जाएगा तथा इसका फाइनल मैच 19 मई को होगा। उक्त निर्णय गत दिवस शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब के बैठक में लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मैच के विजेता टीम को एक लाख दस हजार रुपए और उप विजेता टीम को एकावन हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मैन आफ द सिरिज को एक एल ई डी और फाइनल मैच में मैन आफ द मैच को ट्राली बैग प्रदान किया जाएगा। टूनार्मेंट में सोलह टीमें भाग लेंगी। सभी मैच बारह ओवर की होगी। टूनार्मेंट की इंट्री फीस ग्यारह हजार रुपए होगी।

सभी मैच डब्ल्यू जोन मल्टिपरपस बोर्डिंग स्कूल के मैदान में खेले जायेंगे। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक डॉ सुफल एक्का, मंच संचालन अध्यक्ष एम पियरसन एक्का ने किया। बैठक में कई सदस्य उपस्थित हुए।

लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की तैयारी को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की ।

उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि ब्लॉक-ए में नामांकन के दौरान पेय जल, बिजली, लिफ्ट, साफ-सफाई, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, पंखे, उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी ससमय कराना सुनिश्चित करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें इस पर विशेष ध्यान दे। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते कहा की नामांकन के समय सब अपने दिए गए कार्यों का संपादन बेहतर रूप से करें इस पर विशेष ध्यान दे।

सुबोधकांत सहाय बेटी यशस्विनी के साथ रिम्स में घायलों से मिले

रांची। कांग्रेस नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उनकी बेटी यशस्विनी सहाय और झामुमो नेता बुधवार को रिम्स पहुंचे। रिम्स के ऑर्थो विभाग में 11 दिनों से इलाजरत मरीज बसंती देवी और हीरामनी कुमारी और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान इलाज और अस्पताल में मिल रहे सुविधा के बारे में परिजनों से जानकारी ली। साथ ही इलाज कर रहे डॉक्टर रवि से भी सुबोधकांत और उनकी बेटी से मिलकर घायलों के बारे में जानकारी ली और बेहतर इलाज करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को बढ़मू सरहुल शोभायात्रा में मुरपीरी गांव में टैक्टर पलटने से तीन की मौत और 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें हीरामनी और बसंती देवी भी शामिल थी।

सुदेश महतो से संजय सेठ ने की मुलाकात, लोकसभा चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा

रांची। रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक बुधवार को आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई।मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बड़ी जीत हासिल करेगा एनडीए।

HI PRIDE HEALTHCARE AMBULANCE PRIVATE LIMITED
Corp: L-96, Sector-11, Noida, U.P.-201301

URGENTLY HIRING

We are pleased to inform you that there is new Job opened for the role of Femle MBBS Doctor to be deployed in Mobile Medical Unit (MMU).

The function for this Job is to provide Medical care and treatment to patients at the Mobile Medical Unit (MMU).

Job Location: NTPC North Karanpura Super Thermal Power Project, Tandwa, Distt: Chatra, Jharkhand

The interested candidate may apply for this Job and contact the undersigned at the earliest opportunity.Pawan Gupta | CEO(918010066552)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 411 न0प0 / दिनांक – 24 / 04 / 2024

Democracy Tax
Invest in India's Democracy

NOTICE

आपको सूचित किया जाता है कि आप भारतीय लोकतंत्र के जिम्मेदार नागरिक हैं। आपको संविधान वोट देने का अधिकार देता है और आप पर लोकतंत्र का एक महत्त्वपुर्ण कर 'Democracy Tax' भारित है।

अतः आपको पलामू लोकसभा चुनाव में 13 मई 2024 को वोट देकर अपना Democracy Tax चुकाना है।

" मेरा मत, मेरा हक #IVote4Sure

निवेदक
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 324064 District (24-25)_D

भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पुख्ता व्यवस्था करें सुनिश्चित:आयुक्त

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक, चुनाव संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की गई समीक्षा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गई है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त महोदया के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, ष्टक्क्न क्लस्टर में,स्न की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया।भीषण गर्मी और लू को देखते हुए आयुक्त श्रीमती किस्पोट्टा ने उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पानी संग अन्य जरूरी सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति आवश्यक रूप से तैयार करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह एवं कोडरमा, उप विकास आयुक्त धनबाद एवं चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग एवं रामगढ़, आयुक्त के सचिव एवं एनएचएमटी सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा उपस्थित रहे।

एक-नजर

इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर तुष्टिकरण की राजनीति कर देश को तोड़ना चाहती है: विवेकानंद सिंह

हजारीबाग। भाजपा चुनाव कार्यालय झंडा चौक स्थित कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कहा कि इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर तुष्टिकरण की राजनीति कर देश को तोड़ना चाहती है। प्रेस वार्ता में उनके साथ हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुनू गोप, सदर विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा एवं पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद झुनझुनवाला उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी की नजर आम जनता की गाढ़ी कमाई और पैतृक संपत्ति पर अनावश्यक टैक्स लगाकर तबाह करने की योजना है ।कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर एक विशेष वर्ग को आरक्षण प्रदान करना चाहती है। कांग्रेस के नापाक इरादे को भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सफल होने नहीं देगी और सदन से सड़क तक इसका विरोध करेगी। मोटे पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद भी थे।

मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में श्री श्री 1008 शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

बरही। प्रखण्ड मैदान स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री 1008 शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बतौर जजमान व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, नरेश गुप्ता समेत प्रमोद गुप्ता सपरिवार शामिल हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी अनुज शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। महिलाओं ने सूर्य मंदिर से जल उठाकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश को पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया। कलश यात्रा में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष इशो सिंह, महासचिव महेंद्र दुबे, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, शकुंतला देवी, मनोज केशरी, राजकुमार राणा, सुबोध गुप्ता, शिव गुप्ता, देवधारी प्रजापति, नकुलदेव राणा, श्याम सिन्हा सहित अन्य सैक?ो श्रद्धालु मौजूद थे।

श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुए शामिल : मुन्ना सिंह

हजारीबाग। कट्कमदाग प्रखंड के कदमा गांव में कदमा देवी मण्डप पूजा समिति द्वारा श्री श्री 108 हनुमत प्रान्त प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने आकर कलश यात्रा में भाग लिया। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया।

इस कार्यक्रम में शहर के जाने माने समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। श्री सिंह ने कहा कि गांववासियों के आपसी सहयोग व समन्वय से इतना सुंदर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आज होने जा रहा है जिससे वे काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक श्रद्धा का विकास होता है बल्कि आस-पास के इलाको कि आर्थिक गतिविधियों भी वृद्धि नजर आती है। आगे उन्होंने ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनायें दी तथा कदमा देवी मण्डप पूजा समिति का आभार व्यक्त किया।इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित उदयनाथ सिंह वीरेंद्र कुमार सिंह सुरेश सिंह सत्यपाल सिंह विनय सिंह नवीन सिन्हा सहदेव सिंह शंकर राणा दिलीप साहू प्रकाश साहू मनोज सिन्हा ऋषिकेश सिंह रोहित कुमार सिंह विनीत सिंह निप्पू सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

लोअपा प्रत्याशी कुंज बिहारी साहू एक मई को करेंगे पर्चा दाखिल

बड़कागांव। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल से नामांकन पत्र का पर्चा मिलना शुरू हो जायेगा। इसके बाद 3 मई तक लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरकर मुख्य निर्वाचि पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। वहीं लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी कुंज बिहारी साहू अपने सैकड़ों समर्थकों एवं गाजे बाजे के साथ एक मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में उनके साथ पार्टी के नेता, जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ों कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित भी करेंगे। कुंज बिहारी साहू ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा जनता को 5 साल में एक ही बार मौका मिलता है इसलिए सोच समझकर आपके बीच रहने वाले उम्मीदवार के पक्ष मे मतों का प्रयोग करें।

समाज के लिए मिसाल बिना दहेज लिए इंद्रदेव यादव अपने पुत्र अरविंद की करेंगे शादी

बरही। यादव समाज कि अगर शादी में किसी बात की चर्चा रहती है तो वह है दहेज। लड़की कितना दहेज लेकर आई, बरातियों को क्या दिया। यह सब समाज में प्रतिष्ठा का विषय बन जाता है। इसके कारण कई बार रिश्तों में खटास आ जाती है। इस कड़ी में बरही के मलकोको पंचायत के बुंदू निवासी इंद्रदेव यादव अपने पुत्र अरविंद कुमार की शादी कर रहे है। जहां इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए दूल्हे के पिता इंद्रदेव यादव ने यादव समाज में दहेज मुक्त विवाह करवाने की मुहिम शुरू की है। अरविंद कुमार फिलहाल स्नातक की प?ाई कर रहे है। वहीं ल?की बरही तेलोडीह दुलमाहा की रहने वाली कैलाश यादव की पुत्री खुशबू कुमारी है। युवक के पिता इंद्रदेव यादव बताते है कि आज उनका समाज दहेज कुप्रथा के कारण काफी झंझावटो से गुजर रहा है। उनका मानना है कि दहेज मुक्त समाज के सपने को साकार करने में वह अपना योगदान दे रहे है। दहेज भारतीय समाज में एक कुप्रथा है, जिसकी जड़ें बहुत मजबूत है, बावजूद इसके उन्होंने इस पहल की शुरुआत की है। दोनों दम्पति की शादी गुरुवार को होना तय है। स्थानीय मुखिया विजय यादव कहते है कि वे अरविंद कुमार ने दहेज की रकम न लेकर समाज के सामने मिसाल पेश की है। यह बेहद सराहनीय पहल है। चूंकि, शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए।

एनजीटी की टीम ने केरेडारी के बालू घाटो की जांच करने पहुंची, मचा हड़कंप

उज्जवल दुनियां संवाददाता

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र स्थित नदियों से बालू का अवैध खनन परिवहन और भंडारण की जांच 24 अप्रैल को एनजीटी टीम के द्वारा की गई! जांच की शुरुआत गरी कलां नदी से शुरू किया! इसके उपरांत सायल नदी बड़की नदी समेत अन्य क्षेत्र के नदियों पर पहुंचे! जहां बालू का खनन परिवहन और भंडारण का जायजा लिए!जांच टीम ने अवैध बालू खनन, परिवहन, भंडारण किसी भी परिस्थित में ना हो इसका सख्ती से अनुपालन किया जाय उक्त निर्देश सबंधित क्षेत्र के लोगों को दिए! इधर जांच टीम के आने की सूचना से बालू का अवैध खनन परिवहन करने वाले बालू तस्करों में हड़कंप मच गया! पूरे प्रखंड क्षेत्र के बालू तस्कर किनारा पकड़ कर गायब रहें! वहीं जांच में शामिल पदाधिकारियों ने 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी क्षेत्र नदियों में पूरे दिन जांच पड़ताल में लगे रहे! जांच टीम में शामिल अधिकारियों के करवाई से यह साफ हो गया कि बालू का अवैध खनन परिवहन और भंडारण पर एनजीटी कितना सख्त रूप अख्तियार किए हुए हैं! जांच टीम में शामिल केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने बताए कि बालू का अवैध खनन परिवहन और भंडारण करने वालों को यह साफ संदेश है कि इस तरह के कार्य से बचे बालू के अवैध खनन परिवहन पर प्रशासन सख्त है! जांच के दौरान टीम के साथ अनुमंडल पदाधिकारी सदर शैलेश कुमार जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पुलिस उप निरीक्षक विकास दुबे समेत पुलिस के जवान शामिल थे! ज्ञात हो कि बालू की अवैध खनन परिवहन की खबरे लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही थी! जिसपर एनजीटी टीम का गठन कर संयुक्त रूप से करवाई की जा रही है ।

बरही सीओ ने राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव का किया स्थल निरीक्षण

स्वीप कार्यक्रम को लेकर सीओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में बरही अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने बुथ का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान कराने और लोकतंत्र के बारे में जानकारी दिया। अंचलाधिकारी ने विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को टॉफी देकर प्रतिदिन विद्यालय आने को लेकर प्रोत्साहित किया। इसके अलावा उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को मतदान पर विशेष जानकारी देते हुए अभिभावको एवं ग्रामीणों को 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। अभिभावकों को जागरूक करने को लेकर उन्होंने शिक्षको को जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। सभी शिक्षको एवं बच्चों ने अंचलाधिकारी को आश्वत किया कि तीनों बुथ पर शत प्रतिशत मतदान होने का प्रयास बच्चे और शिक्षक करेंगे। इनके साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, सहायक अध्यापक मनोज घोष, सरफराज खान, दामोदर साहब, बिंदिया देवी, गायत्री सिंन्हा, सरस्वती देवी के साथ जन जागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो, बाल संसद के प्रधानमंत्री प्रीति कुमारी, संजू, सुनीता देवी, बीएलओ पूनम देवी मौजूद रही।

बच्चों को खिलाये जा रहे कृमि की दवा की जांच के लिए गठित टीम का विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कृमि दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच कृमि की दवा खिलाई जा रही है, इसकी जांच के लिए बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी द्वारा एक टीम गठित की गई है जिस टीम के द्वारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों के बीच कृमि की दवा वितरण की गई या नहीं, बच्चें दवा खाए या नहीं, इसकी जानकारी ले रहे हैं। साथ ही साथ कृमि की दवा से मिलने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है और बच्चों को स्वच्छ रहने की भी सलाह दी जा रही है। जांच टीम के मनोज प्रभाकर ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्वता पर जोर डालते हुये बताया कि 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है, क्योंकि ज्यादातर बच्चें बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं, उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियाँ होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को साल में दों बार एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिससे बच्चों में होने वाली इन सब समस्याओं से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि जो बच्चें किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की दवा नहीं खा पाएं है, उन्हें हर हाल मे दवा खानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जांच टीम द्वारा उच्च विद्यालय सिकरी, मध्य विद्यालय महटीकरा, शेक्सपियर इंग्लिश अकैडमी महटीकरा, आंगनबाड़ी केंद्र सोनबरसा, मिडिल स्कूल सोनबरसा, गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल सहित दर्जनों विद्यालयों का निरीक्षण ।

कदमा देवी मंडप में तीन दिवसीय यज्ञ का कलश यात्रा प्रारंभ

श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए हजारीबाग के सामाजिक कार्यकर्ता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर के कट्कमदाग प्रखंड के कदमा गाँव में कदमा देवी मंडप में बजरंग बली प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हो गया है। यज्ञ को लेकर हनुमान जयंती पर नगर भ्रमण यात्रा सह कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर इस कलश यात्रा में भाग लिए। नगर भ्रमण के बाद मंडप में पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम में हर्ष अजमेरा शामिल हुए। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। 24 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नदी से कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। वहीं कलश यात्रा के पश्चात पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास के बाद संध्या आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन विभिन्न अनुष्ठान के बाद संध्या आरती व भजन- कीर्तन का आयोजन किया जाना है। यज्ञ को लेकर कदमा में वातावरण माहौल पूरा भक्तिमय बना गया है। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए हर्ष अजमेरा ने सर्वप्रथम यज्ञ मंडप में माथा टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है। धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के आयोजन होने पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। इस यज्ञ कार्यक्रम के पूजन अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए आचार्य मिथिलेश पांडेय हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उदयनाथ सिंह , वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, सत्यपाल सिंह, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सहदेव सिंह, शंकर राणा , दिलीप साहू, प्रकाश साहू, मनोज सिन्हा, ऋषिकेश सिंह नवीन सिंह, विजय सिंह, रीपू सिंह, शेखर सिंह, टिंकू कुमार, रोहित सिंह, उदयनाथ सिंह, विवेक सिंह, मोहित सिंह, सन्नी सिंह, पाल सिंह, वीरू सिंह, अभिज्ञान शौनिक्य, राजन सिंह, सागर सिंहा, अनिकेत सिंहा, रितिक सिंह, आयुष सिंह, सौरभ सिंह, बंटी सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, आनंद सिंह सहित अन्य जुटे हुए हैं।..

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बडकागांव के मैट्रिक का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

बडकागांव। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बडकागाँव के मैट्रिक का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय से मैट्रिक में कुल 73 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें प्रथम श्रेणी से 44 एवं द्वितीय स्थान से 29 छात्रा उत्तीर्ण हुए। वहीं सुबन्ति हेंब्रम ने 424 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की, द्वितीय टॉपर मीना कुमारी 399 अंक तथा तीसरी टॉपर सिमा कुमारी एंव अंजली कुमारी ने 384 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा हिरन कुमारी 369 अंक, रौशनी कुमारी 367 अंक, अंकिता भारती 362 अंक, अंजली हसदा 358 अंक, प्रमिला कुमारी 356 अंक, रीमा कुमारी 354 अंक प्राप्त की। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय की वार्डन लीलावती कुमारी, निशि रानी, किरण कुमारी, सीताराम महतो, अजय पटेल, संगीता कुमारी, प्रमोद कुमार, रूबी कुमारी, चिंतामणि महतो ।

जेपी पटेल का दारू क्षेत्र में जनसपर्क अभियान, ग्रामीणों का मिला समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल चुनाव की तैयारियों में जोर शोर से लग गए हैं। चिलचिलाती धूप में भी लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को दारू प्रखण्ड के 15 गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं संग ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। महेशरा में जेपी पटेल ने डोर टू डोर कैंपेन कर कांग्रेस के पक्ष में वोट कर प्रधानमंत्री मोदी की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीबों और पिछड़ों को विकास से कोसों दूर कर दिया है। देश में महंगाई आसमान पर है, नौकरियां मिल नहीं रही, बड़े व्यापारियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, किसानों को मारा जा रहा है। कहा, कांग्रेस ही अब विकल्प है। कांग्रेस ने ही पहली नौकरी पक्की का वादा किया है। इसके साथ ही कृषि कानूनों में बदलाव और अग्निवीर योजना को समाप्त कर कांग्रेस सरकार किसानों और युवाओं के साथ न्याय करने का काम करेगी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनता अब झूठे वादों से ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। उन्हें पता चल चुका है कि यह सरकार सिर्फ व्यापारियों की सरकार है। लोगों द्वारा मिल रहा यह अपार समर्थन इस बात की गवाही दे रहा है। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी जनसभाओं को संबोधित करते हुए हाथ छाप पर बटन दबा कर कांग्रेस को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, विनोद कुशवाहा, कैलाशपति देव, सुखदेव प्रसाद यादव, अनिल कुमार कुशवाहा, देवकी महतो, हीरामन उर्फ चरका यादव, बालेश्वर पठारी, परमानंद सिंह, अशोक भाई पटेल, अनिल राय, रेणु देवी, बालेश्वर यादव, जलेश्वर महतो, अनिल प्रसाद, आरिफ अंसारी, वासुदेव महतो, धनेश्वर महतो, बबलू सिंह, दिना सिंह, गौतम सिंह, श्याम सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद, अजीत प्रसाद, तुलसी प्रसाद, प्रमोद राम, दिनेश यादव, इंद्रदेव प्रसाद, अनिल कुमार कुशवाहा, मोहम्मद सफीक, मोहम्मद अजीम, तुलसीदास कुशवाहा, रिंकू कुमार आदि उपस्थित थे।.

एक-नजर

29/30 अप्रैल को मनाया जाएगा हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां वार्षिक उर्स

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा के कर्बला चौक स्थित मजार में हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां वार्षिक उर्स आगामी 29/30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस संबंध में विष्णुगढ़ के समाजसेवी रफीक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां वार्षिक उर्स आगामी 29/30 अप्रैल को पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसमें इंडी गठबंधन ह्यह्य हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल दाता गुलाम के मजार में चादर पोशी करेंगे। वही उर्स कमेटी संयोजक रफीक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग जिले के गणमान्य लोग झामुमो नेत्री रुचि कुजूर, रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, झामुमो नेता गौरव पटेल, विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, अल्पसंख्यक झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम, उर्स कमेटी के चेयरमैन लतीफ सेठ समेत झारखंड के हजारीबाग जिले से लोग यकीदत के साथ इस मजार पर चादर पोशी करने आयेंगे।
वही इस वार्षिक उर्स को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य अफजल अंसारी, सरफराज अंसारी, अख्तर कव्वाल, रफीक अंसारी समेत कई लोग शामिल हैं।.

प्रखण्ड के कई पंचायतों में कांग्रेस ने बांटा लिखित गारंटी कार्ड

चौपारण। लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है. हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का चुनाव पांचवें चरण में होना है. इसके लिए अधिसूचना जारी किए जाएंगे. उम्मीदवारों और पार्टियों की ताबड़ तोड़ रैलियां प्रारंभ होगी. घोषणाओ व वायदे का पिटारा खुलना प्रारंभ होगा. हर एक पार्टी अपनी जीत को लेकर जनता को आश्वस्त करते नजर आएगा. ऐसे में पार्टियां और उम्मीदवार तथा उनके कार्यकर्ता अभी से ही जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए है. इसी क्रम में मंगलवार को कांग्रेस के चौपारण प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष मंटु यादव ने प्रखंड में पार्टी की गारंटी कार्ड का वितरण दैहर, झापा, दादपुर, चकला बेला, जबलपुर, चौपारण और चैथी पंचायत में कांग्रेस गारंटी कार्ड का वितरण किया।
इस दौरान प्रखण्ड के दर्जनों कांग्रेसी उनके साथ रहें। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि गारंटी कार्ड में पांच न्याय तथा 25 गारंटी है. जिसके तहत युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी भी दी गई है. पार्टी के निर्देश पर प्रखण्ड के अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य है।..

भाजपा के प्रचार की तेज हुई रफ्तार

चतरा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने के लिए प्रचार की रफ्तार तेज कर दी है।एक ओर जहां दक्षिणी सिमरिया में पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अंबिका सिंह घर घर जाकर प्रत्याशी के नामांकन के समय मौजूद रहने और कालीचरण सिंह को वोट के माध्यम से मदद करने का आग्रह लोगों से कर रहे हैं।वहीं पूर्वी सिमरिया में भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, अक्षयवट सिंह, नंदकिशोर सुलभ, लीलाधर महतो सहित अन्य वोटरों को पार्टी प्रत्याशी को जीता कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को साकार करने का आग्रह कर रहे हैं।अंबिका सिंह का दावा है कि भाजपा इस बार चतरा लोकसभा से रिकॉर्ड वोटों से जीतेगा।उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में प्रत्याशी को लेकर जिस तरह से आक्रोश है। उसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा।उपेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्वी सिमरिया के लोग इस बार वोट को लेकर काफी उत्साहित हैं।यह स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।..

बृन्दावन में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारम्भ, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चौपारण। करमा पंचायत के बृन्दावन लपसिया में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री 1008 रुद्र महायज्ञ वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ हुवा। कलश यात्रा में सैकडो श्रद्धालुओं के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। कलश यात्रा बृन्दावन शिव मन्दिर से निकलकर फुलांग नदी पहुँचा। यज्ञ आचार्य दिवाकर पांडेय ने मंत्रोचारण के साथ जल भरनी का कार्य सम्पन्न करवाया। आयोजको ने बताया कि मथुरा वृंदावन से आये विशेष कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।कलश यात्रा में सैकडो श्रद्धालुओं के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ आयोजन से आसपास के इलाके का शुद्धिकरण होता है। क्षेत्र में सुख शान्ती व समृद्धि बना रहता है। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ महाराज की कृपा समस्त बृन्दावन व लपसिया के ग्रामीणों पर बनी रहे। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि बृन्दावन व लपसिया में भक्ति माहौल है। कलश यात्रा में अनिल दाँगी, सतेंद्र दाँगी,आशीष प्रसाद, बसंत प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, सुगदेव प्रसाद, शंकर दांगी, बीरेंद्र सर, निर्मल प्रसाद, हिरामन दांगी, संदीप कुमार, प्रकाश प्रसाद, सतीश कुमार दांगी, कैलाश प्रसाद, नीरज दांगी, सुधीर दांगी ,सुनील प्रसाद, बिनोद दांगी सहित अन्य।

राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर डेंटल कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में आस- पास के वृद्धाश्रम से वृद्धजनों को ससम्मान लाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को मौखिक का जांच कर कैंसर सहित कई घातक बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थों व गलत आदतों को छोड़ने तथा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में आस- पास के वृद्धाश्रम से वृद्धजनों को ससम्मान लाया गया। इस दौरान डेंटल कॉलेज परिवार की ओर से खुशी और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में डेंटल किट प्रदान किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है। बचपन से ही वृद्धजनों से मेरा खासा लगाव रहा है। राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर एक विशेष पहल के तहत वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृद्धजनों को गंभीर बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थ एवं गलत आदतों को छोडने का आग्रह किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ओएमआर विभाग के प्रमुख डॉ के श्रीकृष्ण एवं ओएमआर विभाग के प्रोफेसर डॉ डी नंदी उपस्थित थे।

मड़मो के डुमरियाटांड़ मे सेंगेल अभियान के तहत जनजागरण बैठक का आयोजन

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मड़मो पंचायत के डुमरियाटांड़ गांव में बुधवार को मांझी बाबा श्यामलाल हेम्ब्रम की अध्यक्षता में मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में आदिवासी सेंगेल अभियान के हजारीबाग जोनल हेड सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष बहराम हंसदा मुख्य रुप से उपस्थित थे। उन्होंने मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज आदिवासी समाज मौत के मुहाने पर खड़ा है। आदिवासी समाज का अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी, भाषा, जल, जंगल, जमीन सब कुछ लुटा जा रहा है। किन्तु आदिवासी समाज के अगुआ मांझी बाबा इन तमाम मुद्दों से अनभिज्ञ हैं। आदिवासी समाज के अधिकांश मांझी बाबा अनपढ़, पियक्कड़, असंवैधानिक कृत्य, नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले हैं जिनका समाज से कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ मांस-मदिरा, डंडोम, बारोण में लिप्त हैं। ये लोग महिला विरोधी कृत्य और अंधविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। आदिवासी समाज को दलदल से बाहर निकालने के बजाय समाज में स्वशासन के नाम स्वशोषण करते हैं। इतना ही नहीं इन अनपढ़ और वंश परंपरागत मांझी बाबा को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी भी नहीं है। यही कारण है कि आजादी के लगभग 75 सालों बाद भी आदिवासी समाज को धार्मिक पहचान जैसे बुनियादी अधिकार से वंचित रखा गया है साथ ही ये लोग सरना धर्म कोड की मांग में भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं करते। अतः अब वक्त का तकाजा है कि अनपढ़ और संविधान की जानकारी नहीं रखने वाले मांझी बाबा को बदला जाए अन्यथा आदिवासी समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज को बचाने के लिए मांझी बदलो -गांव बचाओ आंदोलन व जनजागरण कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में भारत के लगभग सात राज्यों में आदिवासी सेंगेल अभियान कार्यरत है जहां मांझी बदलो -गांव बचाओ का कार्यक्रम वृहद रुप से चलाया जा रहा है। निश्चित रुप से यह जनजागरण कार्यक्रम आदिवासी समाज में मूलभूत परिवर्तन लाकर समाज को एक बेहतर दिशा प्रदान करेगा। सभा में उपस्थित ग्रामीणों को पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ।

पशु लदा पिकअप सहित दो व्यक्तियों को चौपारण पुलिस ने दबोचा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चौपारण। बुधवार को चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान दिन में करीब एक बजे चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन संख्या-जेएच-01डीडी-0406 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया, जिनका नाग संतोष यादव उम्र करीब 33 वर्ष पिता-सिद्धनाथ यादव सा0+थाना-टुपुदाना जिला-रांची एवं शिवदुलार यादव उम्र करीब 55 वर्ष पिता-स्व0 यमुना यादव सा0-बदारी टोला छपरा थाना-बगेन गोला जिला-बक्सर (बिहार) वर्तमान पता करम चौक गंगानगर रोड नं0-02 थाना-सुखदेवनगर जिला-रांची है। वाहन जांच के कम में पिकअप वाहन के डाला में 04 भैंस, 01 गाय एवं 01 भैंस का बच्चा कुरतापूर्वक लोड पाया गया, जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षगता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये, जिनसे बरामद वाहन एवं जानवरों के संदर्भ में वैध कागजात का मांग करने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर एवं बरामद प्रदर्श को जप्त कर चौपारण थाना काण्ड सं0-128/24 दिनांक-24.04.2024 धारा-414/279/34 भा0द0वि0, 11 (1) (घ) पशु कुरता निवारण ।

मुख्य सचिव के निर्देश के बाद डीएफओ सबा आलम अंसारी पर विजिलेंस जांच शुरू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ अजय निराला

हजारीबाग। जिले के बडकागांव में एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना में एफसी शर्तों का उल्लंघन कर सडक मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन किए जाने के मामले मे विधायक लोबिन हेम्ब्रम द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देने के लिए हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम ने आरोपियों(एनटीपीसी) से पूछकर गलत और भ्रामक जवाब देने के मामले में मुख्य सचिव के निर्देश के बाद वन विभाग ने जांच शुरू कर दिया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक प्रसार वानिकी, संताल परगना (दुमका) में मंगलवार को सुनवाई हुई। जहां शिकायत कर्ता एक्टिविस्ट मंटू सोनी ने शिकायत से सम्बंधित लिखित साक्ष्य दिया।

मुख्य सचिव से पीसीसीए? के खिलाफ शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

विधानसभा में आरोपियों से पूछकर डीएफओ सबा आलम अंसारी द्वारा झूठा और भ्रामक जवाब देने के मामले में प्रधान मुख्य सचिव,वन विभाग झारखंड सरकार से शिकायत किए जाने के बाद सरकार के अवर सचिव मितरंजु कुमार द्वारा विभागीय पत्रांक के माध्यम से प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड से एक महीने में जांच कर सुस्पष्ट मंतव्य के साथ प्रस्ताव मांगा गया था। उसके बाद सरकार के अवर सचिव प्रभाकर ओझा द्वारा पुनः प्रधान मुख्य वन संरक्षक,झारखंड से अविलंब जांच कर सुस्पस्ट मंतव्य मांगा गया। उसके बावजूद सरकार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने कोई कार्रवाई नही किया। उसके बाद एक्टिविस्ट मंटू सोनी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा आरोपी सबा आलम अंसारी को संरक्षण देने के लिए सरकार के निर्देशों का अवहेलना करने,जांच रिपार्ट को विलंब से भेजने व आरोपी से मिलीभगत कर उन्हें बचाने वाला रिपोर्ट भेजने की आशंका जताते हुए मुख्य सचिव झारखंड और प्रधान सचिव वन विभाग प्रधान मुख्य वन संरक्षक के खिलाफ शिकायत किया। शिकायत प्राप्त होने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर वन विभाग के अवर सचिव प्रभाकर ओझा ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड को पत्र लिखकर अविलंब सुस्पष्ट मंतव्य के साथ जांच प्रतिवेदन मांगा गया। तब जाकर सबा आलम अंसारी पर जांच शुरू हुई।

जांच में डीएफओ सबा आलम अंसारी पर उठाए गए मुख्य सवाल

जांच अधिकारी सत्यजीत सिंह के सामने शिकायत कर्ता मंटू सोनी ने डीएफओ सबा आलम अंसारी पर इन प्रश्नों को उठाया है।

1.यह कि विधायक लोबिन हेम्ब्रम द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल के सवाल नम्बर दो का जवाब सबा आलम अंसारी द्वारा विभागीय स्तर से न देकर जिसके खिलाफ आरोप (एनटीपीसी) है, उसी से पूछकर क्यों दिया गया ? क्या विभाग में पूछे गए सवाल का जवाब उपलब्ध नही था ।

2.यह कि विधायक लोबिन हेम्ब्रम द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल के सवाल नम्बर दो का जवाब सबा आलम अंसारी द्वारा सरकार/विभाग को दिया गया । उसी को एनटीपीसी इसे स्पष्टीकरण पूछने के बाद खुद मानने से इनकार कर दिया। जिससे यह साबित होता है कि उनके द्वारा विधानसभा में गलत जवाब दिया गया।

3.यह कि विधायक लोबिन हेम्ब्रम द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल (फॉरेस्ट क्लियरेंस) से संबंधित था। लेकिन एनटीपीसी द्वारा दिए जवाब जिसमें पर्यावरण मंत्रालय दिल्ली कार्यालय द्वारा दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को ऑफिस मेमोरेंडम के हवाले ट्रांसपोर्टेशन किए जाने का जिक्र किया गया है । जब वह मेमोरेंडम ईसी के लिए आइए डिवीजन द्वारा जारी किया गया था,तो एफसी शर्तों के खिलाफ ट्रांसपोर्टेशन के लिए पूछे गए सवाल का जवाब ईसी के लिए जारी नोटिफिकेशन का हवाला क्यों दिया गया ? क्या एफ के शर्तों का उल्लंघन का जवाब ईसी के लिए जारी मेमोरेंडम से दिया जा सकता है ।

4.यह कि विधानसभा में पूछे गए प्रश्न 2 जिसमें एनटीपीसी का कन्वेयर बेल्ट बन जाने के बाद भी फॉरेस्ट शर्तों के खिलाफ एनटीपीसी को स?क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के लिए वन विभाग द्वारा ट्रांजिट परमिट जारी करने के सवाल पर दिए जवाब में डीएफओ सबा आलम अंसारी ।

मनीष जायसवाल ने बड़कागांव के 25 गांवों में किया जनसंपर्क, लोगों का मिला जनसमर्थन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बुधवार को गर्मी के रौद्र रूप और धूप के कड़े तेवर के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायतों के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने हर दिन की तरह की बुधवार को अपने दौरे की शुरुआत अगले सुबह बड़कागांव चौक से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के पिपराडीह में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान उन्होंने तलसवार, आँगों, पोटंगा, उरीमारी, जरजरा और नयाटांड़ पंचायत के परेवातारी, निमियाटोला, प्लांडू, कोयलंग, पतरा, अम्बाटोला, आंगो, उरेज कॉलोनी, असवा, तिलैया, भुरकुंडा, पारगढ़ा, उरीमारी हेसाबेड़ा, उरीमारी लिपहाउस कॉलोनी, उरीमारी चेकपोस्ट, उरीमारी सेवल, जरजरा चौक, जरजरा बस्ती, पसेरिया, ललकीमाटी, टिकरीटांड़, तलसवार, सिमरातरी, नयाटांड़, कुम्हारडीहा, विश्रामपुर और पिपराडीह गांव का तुफानी दौरा कर स्थानीय लोगों से मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यों की प्रगति को बरक़रार रखने के लिए आगामी 20 मई को कमल फूल छाप में मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील किया। इस दौरान बड़कागांव पहुंचने पर स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने गाजे- बाजे के साथ गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान हरेक गांवों में प्रचंड गर्मी, शादी- विवाह का लग्न और महुआ चुनने का सीजन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। कहीं पारंपरिक बाध्य यंत्र नगाड़े और ढोल की थाप पर लोग नाचते झूमते हुए स्वागत करते दिखे तो कहीं माता बहनों द्वारा आरती और फूलों से सजी थाली के साथ पहुंची और मनीष जायसवाल का आरती उतारकर और पुष्प- वर्षा कर अभिनंदन किया ।

कांग्रेस ने 62 सालों तक ठगा, मोदी सरकार में पिछले 10 सालों में अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णय लिया, अब विकसित भारत के सपने को साकार करें, बीजेपी को वोट दें: मनीष जायसवाल

लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जब आप मतदान करने बूथ पर जाय तो कांग्रेस के करीब 62 साल के शासनकाल को जरूर याद करें जब कांग्रेस ने वादा करके देश और देशवासियों को सिर्फ़ ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुए देश के अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के जरिए जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ वहीं देशवासी स्वाभिमान के साथ जी रहें हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में ही कश्मीर से धारा 370 हटा, सदियों बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना, मुस्लिम बहनों को तीन तल्लाक से मुक्ति मिली, सामाजिक न्याय के तहत आर्थिक रूप से पिछले वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण मिला, इंडिया गेट पर राष्ट्रीय युद्ध मेमोरियल का निर्माण हुआ, आयुष्मान भारत योजना से लाखों जरूरतमंद और गरीबों का मुफ़्त इलाज हुआ, व्यापारियों को राहत मिली, किसानों को लाभ मिला, महिला सम्मान में अभूतपूर्व कार्य हुआ, युवा खिलाड़ियों को सम्मान मिला और अब विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए भाजपा को कमल फूल छाप पर वोट दें और मुझे अपना सांसद चुनकर सेवा का अवसर प्रदान करें ।

सेवा और विकास का प्रतीक है मनीष, इन्हें ही सांसद चुने - लोकनाथ महतो

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जन सेवा और क्षेत्र में विकास का प्रतीक बनकर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से उभरे बड़कागांव का बेटा मनीष जायसवाल का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी होना हम सभी के लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा की भारी मतों से जीताकर मनीष जायसवाल को अपना सांसद चुने और क्षेत्र के विकास के साथ अपने उत्थान ।

संक्षिप्त खबरें

आज मनाया जायगा मलेरिया दिवस मनाया जाएगा

मरकच्चो : डेंगू, स्वाइन फ्लू, सहित अन्य बीमारियों के खिलाफ कोडरमा जिला मुस्तैदी से डटा है, लेकिन एक ऐसी भी बीमारी है जिस पर राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने काफी हद तक काबू पा लिया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अप्रैल को मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। जिसे लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मरकच्चो डॉ विपिन कुमार ने बैठक कर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु के बाद बरसात का मौसम आने वाला है। घर के अगल-बगल गड्ढे नालों में पानी जमा नहीं रहने देने की हिदायत की है। जल जमेगा तो वहां मच्छर जन्म ले पाएंगे और मच्छर के काटने से मलेरिया समेत कई अन्य बीमारी फैलने की संभावना रहेगी। इसलिए अपने-अपने घरों के अगल-बगल किसी प्रकार का गढा या नाली नहीं रहने दे। जहां जल का जमाव नही हो। वही डॉक्टर प्रदीप बैठा ने कहा कि मलेरिया के जागरूकता हेतु प्रखंड के कई विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु क्षेत्र के निर्देश दिया गया है। इस मौके पर विवेकानन्द शर्मा, धर्मेंद्र राम,शतीस कुमार वर्णवाल,मुकेश कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

गोपालडीह- बेलदाराबागी जर्जर पीसीसी सड़क निर्माण की मांग

जयनगर :- प्रखंड के गोपालडीह-बेलदाराबागी पीसीसी के जर्जर होने का कारण लोगों को परेशानियों के सामने करना पड़ रहा है। उक्त गोपालडीह जाने वाले पीसीसी सड़क का निर्माण 25 वर्ष पूर्व कराया गया था। घटिया निर्माण होने के कारण निर्माण के 2 साल वा कोडरमा गोपालडीह के अलावा अन्य गांव के आने जाने वाले लोगों को हमेशा हादसे का डर बना रहता है। उक्त पीसीसी सड़क पर ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा विधायक, सांसद व प्रशासन का ख्याल नहीं है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि छोटे बड़े वाहन तो दूर, लोगों को सड़क पर पैदल चलना भी मश्किल बना हुआ है।

सीटू की बैठक में एक मई को मजदूर दिवस मनाने का निर्णय

झुमरीतिलैया :- सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की बैठक बजरंग नगर में जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई।संचालन सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने किया। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस वीर कुंवर सिंह पार्क, झुमरीतिलैया में मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सीटू इस मई दिवस पर शासन में काबिज सांप्रदायिक कॉरपोरट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम, निजी कॉरपोरेट वर्ग के माध्यम से देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ व्यापक संघर्ष और सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेगी. केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश में प्रचंड बेरोजगारी, असहनीय महंगाई से लोग जुझ रहे हैं। मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड श्रम संहिता अधिनियम पहले से ही तैयार कर लिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

उप विकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा :- जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में शुभारंभ हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ऋतुराज और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ । आज पोलिंग पदाधिकारी -03 और सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 200 पोलिंग पार्टी 03 और द्वितीय पाली में 215 पोलिंग पदाधिकारी 03 को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। ईवीएम वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। पोलिंग पार्टी को कंट्रोल यूनिट के संचालन के संबंध में जानकारी दिया गया। पोलिंग पार्टी को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज ने सभी कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा ताकि मतदान की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सभी मतदान केन्द्रों का मैपिंग करने को कहीं । बता दें कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संदर्भ में पोलिंग पार्टी (मतदान पदाधिकारी 01, मतदान पदाधिकारी 02, मतदान पदाधिकारी 01, पीठासीन पदाधिकारी व सभी महिला मतदान पदाधिकारी) का प्रशिक्षण की समय-सारणी निर्धारित की गई है ताकि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित की जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार है

मतदान कर्मी प्रशिक्षण तिथि प्रथम पाली (50 प्रतिशत) द्वितीय पाली (फी 50) मतदान पदा-02 25.04.2024 प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान पदा०-01 26.04.2024 प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक पीठासीन पदा० 27.04.2024 प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी महिला मतदान पदा० 29.04.2024 प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित सभी मतदान कर्मियों को स्थानीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय,अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

तृतीय मतदान कर्मी का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

झुमरीतिलैया : इंजीनियरिंग कॉलेज बागीटांड मे तृर्तीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निर्देशन मे प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ ।प्रशिक्षक रवि कान्त कु रवि ने मतदान के एक दिन पुर्व के कार्यो पर विस्तृत रुप से चर्चा किये। जिसमे साम्रागी कोषांग समय पर पहुँच कर अंतिम पत्र जिसमें आवंटित मतदान केन्द्र अंकित होगा प्राप्त करेगे ।सामाग्री कोषांग से सभी प्रकार के मैटेरियल और एश्ट और प्राप्त करेगे। तथा पुरी टीम मिलकर जाँच सुची से मिलान कर लेगें। एश्ट, का नम्बर मिलान कर लेगें। तत्पश्चात आवांटित वाहन से अपने मतदान केन्द्र के लिये रवाना होगे ।कोई भी मतदान पदाधिकारी दुसरे वाहन से नही जायेगे। मतदान के दिन ससमय प्रात :काल मॉक पॉल के लिये 90 मिनट पहले तैयार हो जायेगे । मशीन को नियमत: जोड़ेंगे मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति मे कम से कम 50 मत डाले जायेंगे ।मॉक पॉल के बाद टोटल बटन दबाकर सभी को संतुष्ट करेगे साथ ही रिजल्ट क्लियर बटन दबाकर समाप्त करेगे। अब वास्तविक मतदान के लिये एश्ट की सिलिंग की जायेगी उस दौरान उव का स्विच ऑफ रखेगे। और ससमय मतदान प्रारंभ करवाया जायेगा। प्रशिक्षक रामचन्द्र ठाकुर ने तृर्तीय मतदान पदाधिकारी के विशेष कार्य की जानकारी दिये। जिसमें ढ -3 के मुख्य कार्य मतदाता के अंगुली पर अमिट स्याही चेक करना, पर्ची प्राप्त करना और अंत मे बैलैट बटन दबाकर मतदाता को पोलिंग के वोटिंग प्रभाग मे भेजना तथा ये भी सुनिश्चित करना कि मतदाता वोट कर दिया ।मतदान अधिकारी 2&3 के कार्यो की भी जानकारी दी गई । उसके बाद एश्ट से प्रैक्टिकल करवाया गया। पोस्टल बैलैट की प्रक्रिया भी बतलाई गई ।अंत में सभी से प्रश्न -उत्तर करवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने सभी कक्ष मे आवश्यक निर्देश दिये ।साथ ही सहायक अर्थशास्त्री सन्नी कुमार की उपस्थिति की जाँच प्रत्येक रुम मे की गई। प्रशिक्षण मे अन्य कमरो मे प्रशिक्षक सुदीप सहाय,मनोज चौरसिया,दिलिप कु वर्णवाल,अश्विनी तिवारी,राजेश्वर पाण्डेय,संजय सुमन,विवेक रंजन,माधव कुमार,सत्यजीत हिमवान उपस्थित रहे । जिसमे 4 प्रशिक्षक सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दे रहे थे। साथ ही विधि व्यवस्था मे प्रेम नारायण मेहता,कार्मिक कोषांग और प्रशिक्षण कोषांग के कर्मी उपस्थित रहे ।

डीएवी कोडरमा के बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर ओलिंपियाड में मेडल जीत कर लहराया परचम

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया : डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर ओलम्पियाड में गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता परीक्षा नवंबर माह में विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें विद्यालय के पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा की अनुष्का सिंह, चौथी कक्षा की आलिया नसरीन, पांचवी कक्षा के अर्श सिंह, आठवीं कक्षा के सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पहली कक्षा के अर्धक राज,गौरव पांडेय, हर्षित निराला,दूसरी कक्षा के इंद्रजीत कुमार, सत्यम राज ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं पर वर्ग प्रथम के दर्शित तिवारी,अश्विनी कुमारी,वेहांत राज, उज्ज्वल भारती ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। अन्य बच्चों को साइबर ओलम्पियाड की तरफ से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साइबर ओलम्पियाड एक ऐसा प्लेटफार्म है जिससे बच्चे छोटी कक्षाओं से ही अपनी बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा को दिखाते हुए अपनी योग्यता प्रदर्शित करते हैं। इससे बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इन सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों से अन्य बच्चे भी अभिप्रेरित होते हैं। हमें बच्चों का समुचित मार्गदर्शन करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में बच्चों का मार्गदर्शन एवं संयोजन विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।

हरी भरी जब पृथ्वी होगी, तभी शांत स्वस्थ जनता होगी:सूरज

प्रेरणा शाखा के द्वारा रिदम डांस एकेडमी के सहयोग से नृत्य के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु फैलाई जागरूकता अभियान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरी तिलैया :- झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए, पृथ्वी के ओजोन परत को पहुंचने वाली हानि से बचाने के लिए एक नृत्य द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह नृत्य रिदम डांस एकेडमी में एकेडमी के संचालक सूरज प्रताप की देखरेख में वहां की छात्रा संजना कुमारी, श्रीजा लोहानी, सिम्मी सोनकर द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि पृथ्वी हमारा एक छोटा सा आशियाना है जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मौके पर सूरज प्रताप ने कहा जब हरी भरी पृथ्वी होगी तभी शांत स्वस्थ जनता होगी। उन्होंने कहा कि अभी के समय में मनुष्य यह जो अतिउत्पादन है उसका गुलाम हो चुका है, यह जो अतिउत्पादन है वह पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। बड़े बुजुर्गों से सुना है की सच्ची शांति मनुष्य को प्रकृति के बीच में ही मिलती है।

संत निरंकारी मंडल के रक्तदान शिविर में 28 महिलाये सहित 88 लोगों ने किया रक्तदान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- संत निरंकारी मंडल के द्वारा बुधवार को महतो आहरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेवादारों ने 88 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जोनल इंचार्ज डी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने किया। श्री बर्णवाल ने कहा कि रक्तदान कर कई लोगों की जिंदगी बचायी जा सकती है। यह जरूरी है कि हम रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। और लगातार ऐसे आयोजन करें। मौके पर जोनल इंचार्ज संत निरंकारी मंडल के डी. सिंह के अलावा संयोजक सुन्दर पांडेय, संचालक विजय विश्वकर्मा, सुधीर सोनी शिक्षक सेवा दल अनु देवी, संचालिका सेवा दल, मनोज पाण्डेय, सुमन झा, संदीप कुमार, विजय पंडीत, कुन्दन कुमार, कमला देवी, विनीता देवी, गौतम कुमार, हरेंद्र, अनूप कुमार, अरविंद सेठ, गौतम पाल, शंभू बर्णवाल, डॉ. राम सागर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं रक्तदान करने वालों में ननकी देवी,सुशीला देवी, सुधीर सोनी, सुखदेव यादव, मनीष कुमार, नकुल राज, मुकेश यादव, गोपाल कुमार,गुड्डू कुमार, सविता कुमारी शामिल थे। जबकि रक्तदान शिविर के आयोजन में डॉ. सुरेंद्र कुमार, जफर इकबाल, महिमा भारद्वाज, राहुल कुमार, अमित पांडेय, सविता जोजो, मदन कुमार मेहता, पवन कुमार यादव, उर्मिला कुमारी, सन्नी कुमार, अनीश कुमार राम ने महती भूमिका निभायी।

इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा :- रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 24.04.2024 दिन बुधवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम 2023 को देखते हुए इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सत्रः 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंटर्नशिप रिपोर्ट के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किये। साथ ही इंटर्नशिप के नियम-परिनियम को उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

आज पहनावा बाबा न गजरो..... ।

श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह 43 वां वार्षिक उत्सव भक्ति भाव के साथ संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा। झुमरी तिलैया नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव 43 वां वार्षिक उत्सव केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल परिवार और श्रद्धालु भक्तों की ओर से सामूहिक रूप से वीर हनुमान को भव्य गजरा अर्पित किया गया ।दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों ने भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु भक्तों ने वीर हनुमान सहित बाबा श्याम, भोले शंकर ,माता दुर्गा पर आधारित भोजपुरी ,राजस्थानी, क्लासिकल आधारित भजनों को प्रस्तुत किया। धनबाद से आए धनबाद से आए भजन गायक अभिषेक सिंघल, पंकज शर्मा, दीपक अरोड़ा ,जमशेदपुर से अनामिका सिंह, सरिया का धीरज पांडेय ने दुनिया चले न राम के बीना और राम जी चले ना हनुमान के बिना .....। जहां-जहां कीर्तन होगा श्री राम कि पहरा लगेगा वीर हनुमान का.....। चप्पा चप्पा लंका जले.....। हर कदम पर सांवरे जब मेरे साथ है.....। जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। स्थानीय भजन मंडली श्याम मित्र मंडल ,श्यामशरण में आजा रे, सांवरे की सखियां ,सियाराम सत्संग समिति, सहित दर्जनों भजन मंडलीयां ने भजन प्रस्तुत किया। वहीं रिद्धम डांस एकाडमी, नटखट प्ले स्कूल, के बच्चों ने आरती और भक्ति संगीत पर भक्ति संगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश किया, वही आकाश योग केन्द्र के बच्चो ने योगेष्टीक योगा प्रस्तुत कर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबुर किया।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों में भक्ति संध्या और जागरण में झूमे श्रद्धालु

मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है संभालो बजरंगी परिवार तेरा है .....

झुमरी तिलैया :- हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंगलवार की संध्या के विभिन्न मंदिरों में भगवान का अलौकिक श्रृंगार संगीत में भजन कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ, रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य लाइटिंग से सजाया एवं संवारा गया। वहीं छप्पन भोग,शिवमणि का प्रसाद भी वितरण किया गया। शहर के अड्डी बांग्ला रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ-साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पूजा अर्चना पंडित रामप्रवेश पांडे ने करवाई जबकि यजमान के रूप में विक्की चौधरी,शालू चौधरी उपस्थित हुए। वीर हनुमान का दरबार आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। रात्रि में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक पंकज केसरी,गिरधारी सोमानी,राजा चौरसिया,आराधना सिंह,मनोज माथुर,विनोद चौरसिया,शुभम मगरिया आदि ने विभिन्न देवी देवताओं पर आधारित भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। वही साज पर शशि चंदेल,विवेक सिंह,मिलन चक्रवर्ती ने संगत दी। इस अवसर पर भजन गायक के द्वारा मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है संभालो बजरंगी परिवार तेरा है.....श्री राम जानकी बैठे हैं तेरे सीने में.....बजरंगबली जयपुर थारी माला.....सारे देव में देव निराला माता अंजनी का लाला..... कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है .....जैसे भजन पर माहौल भक्तिमय बन गया। वही स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति संध्या एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर गायत्री परिवार की सोनी जायसवाल, विनोद चौरसिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्टेशन के निकट पीपल वाला हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। यहां मंदिर को फूलों एवं बैलून से सजाया गया।सीएच स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर, असनाबाद संकट मोचन हनुमान मंदिर,चमत्कारी बाबा हनुमान मंदिर, में भी भजनों का आयोजन हुआ। वहीं शांति भवन, संकट मोचन हनुमान मंदिर,कीर्तन भवन में भी सुंदरकांड एवं भजनों का कार्यक्रम हुआ।

अनूठी छाप छोड़ गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

नगर की धार्मिल संगठन हनुमान सनकीर्तन मंडल का दो दिवसीय जनुमान जन्मोत्सव सह 43 वां वार्षिक उत्सव एक अनूठी छाप छोड़ गया। कार्यक्रम में झारखंड, बिहार ओर पश्चिम बंगाल के गायक व श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। भक्ति की बयार लगातार सवा 25 घंटे तक लगातार चलता रहा। प्रसाद में 3 सौ किलो बुंदिया 50 किलो चूरमा 100 किलो पेड़ा एवं फल का प्रसाद लगभग 2 हजार श्रद्धालु भक्तों के बीच वितरित किया गया।

अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के लिए बहुसंख्यकों की कमाई और संपत्ति हड़पना चाहती है कांग्रेस:अन्नपूर्णा देवी

- **कांग्रेस के मंसूबे पूरे हुए तो उद्यमी कमाने से डरेगा,देश की उत्पादकता जायेगी गर्त में : अन्नपूर्णा देवी**
- **कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपति पर : अन्नपूर्णा देवी**

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- सत्ता तक पहुंचने की बेचैनी में कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। अपनी पुरानी लीक पर चलते हुए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है जो कि देश के लिए घातक है। कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Tax लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट... जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। चिंताजनक यह है कि ऐसे दौर में जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा कमाकर राष्ट्रीय उत्पादकता और राष्ट्रीय आय बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कांग्रेस कमानेवालों को तकलीफ और मुफ्तखोरों को इनाम देना चाहती है। आपत्तिजनक यह भी है कि कांग्रेस का इरादा आम आदमी की पुश्तैनी आय और संपत्ति पर भी भारी करारोपण का है। 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। कांग्रेस का ये एजेंडा भले ही 05 अप्रैल को सामने आया लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस इसकी पटकथा लिख चुकी थी। राहुल गांधी ने भी महाराष्ट्र में हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम (16 मार्च 2024) में कहा कि किसके पास कितनी संपत्ति है, इसके लिए एक व्यापक आर्थिक, वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण किया जाएगा।

इसके बाद फिर राहुल गांधी ने (6 अप्रैल 2014) तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है। स्पष्ट है कि कांग्रेस हमारी संपत्ति, गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों, एससी, एसटी की संपत्ति, महिलाओं की बचत को छीनना चाहती है और इसे विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के बीच पुनर्वितरित करना चाहती है। यानि अगर कांग्रेस को मौका मिल गया तो हमारी माताओं बहनों के गहने, हमारी आपकी बचत, खून पसीने की कमाई से अर्जित जमीन झ मकान, व्यापार कारोबार से अर्जित की गयी संपत्ति आदि सर्वे के बाद औसत से अधिक पाये जाने पर छीन ली जायेगी। प्रेस वार्ता में शामिल कोडरमा लोकसभा संयोजक रामचन्द्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, राजकिशोर प्रसाद,दिनेश्वर प्रसाद, कृष्णा बरहपुरिया आदि उपस्थित थे।

पानी टंकी रोड के सप्लाई पानी टंकी से हमेशा हजारों लीटर पानी की बबार्द

झुमरीतिलैया :- निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि शहर में पीएचडी विभाग एवं नगर परिषद की लापरवाही के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है पानी टंकी रोड के सप्लाई पानी टंकी से हमेशा हजारों लीटर पानी की बबार्दी होती है पीने का पानी रोड पर बहता है वहां पर रहने वाले लोगों के द्वारा शिकायत की जाती है परंतु पिएचडी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है पिएचडी नगर परिषद के द्वारा शहर में लोगों को पानी की आपूर्ति सप्ताह में एक-दो दिन की जा रही है वह भी 5 मिनट के लिए परंतु पैसा प्रति महीना 30 दिन का लिया जा रहा है इस भीषण गर्मी में शहर की हजारों आम जनता बहुत कठिनाई में है और खरीद कर पानी पी रही है अधिकांश लोगों के घर का बोरिंग फेल हो चुका है कुआं सूख गया है सप्लाई पानी आपूर्ति ही आम जनों का सहारा है ।

संक्षिप्त खबरें

महावीर नवयुवक दल जेनरल ने किया सम्मानित

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। नागरिक मंच द्वारा आयोजित हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर चैनपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल ने कई लोगों को माला एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। जेनरल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू ने माला एवं पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में काशी प्रसाद, अशोक दास, प्रदीप प्रसाद, उमेश प्रसाद, उमेश कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, नारायण प्रसाद, सरवन प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, राजन प्रसाद, उत्तम कुमार आदि के शामिल हैं।

सिरका परियोजना खुली खदान को नया पानी टैंकर मिला इसकी लागत तकरीबन ढेड़ करोड़ है

गिद्दी। अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना को पानी छोड़काव के काम में आनेवाली नया बीएमएल कंपनी का हॉलपैक उपलब्ध करवाया गया है। जो खुली खदान सिरका के हॉल रोड आदि जगहो पर पानी का छिड़काव करेगा। बताया जाता है कि इस टैंकर की लागत तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपया है।पुराना टैंकर काफी जर्जर हो गया था। काफी दिनों से नए टेंकर की मांग की जा रही थी।आखिरकार वरीय प्रबंधन द्वारा सिरका परियोजना को पानी टैंकर उपलब्ध करवा दिया गया है। इससे स्थानीय प्रबंधन एवं मजदूरों को काम करने में राहत महसूस होगी. पानी का छिड़काव नियमित रूप से होनें पर खदान की सड़कों पर अनावश्यक धुलकण नहीं उड़ेंगे। प्रदुषण पर भी नियंत्रण रहेगा।

चतरा संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों की राह मुश्किल

ओबीसी और मुस्लिम निर्दलीय प्रत्याशी उतारेंगे

लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)। चतरा संसदीय क्षेत्र में इस बार राजनीतिक दलों के लिए राह आसान नहीं दिख रही है। ओबीसी मोर्चा के द्वारा जहां ओबीसी की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा जा रहा है कि ओबीसी वर्ग से निर्दलीय उम्मीदवार उतारे जाएंगे, वहीं अब मुस्लिम समाज के लोग भी राजनीतिक पार्टियों का विरोध करने लगे हैं और निर्दलीय उम्मीदवार उतारने की बात कहने लगे हैं। यदि दोनों समुदायों के विरोध का स्वर शांत नहीं हुआ तो राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के लिए जीत की राह कठिन हो जायेगी। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी ने चतरा संसदीय क्षेत्र से सामान्य वर्ग के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी से कालीचरण सिंह और कांग्रेस से कृष्णानंद त्रिपाठी मैदान में हैं। इस मामले में ओबीसी मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में ओबीसी वर्ग की संख्या

अधिक है इसके बावजूद न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही इंडिया गठबंधन ने किसी ओबीसी को अपना उम्मीदवार बनाया। चतरा संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक दलों ने ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय किया है। लेकिन अब ओबीसी वर्ग चुप बैठने वाला नहीं है। ओबीसी मोर्चा यह तय कर रहा है कि एक मजबूत ओबीसी प्रत्याशी को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा जाए और उसकी जीत सुनिश्चित की जाए। इस मामले पर जल्द ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। वहीं इंडिया गठबंधन द्वारा झारखंड के किसी भी लोकसभा क्षेत्र से मुस्लिम समुदाय के लोगों को उम्मीदवार नहीं बनाये जाने से मुस्लिम समाज में भी नाराजगी है। एक दिन पहले चतरा जिले में मुस्लिम समुदाय की बैठक भी हुई थी, जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि महागठबंधन प्रत्याशी का विरोध किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद नेसार अहमद ने कहा कि मुस्लिम समाज ने राष्ट्रीय जनता दल समर्थित उम्मीदवार को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारने का भी फैसला किया है। जिस तरह से पूरे झारखंड में मुस्लिम समाज को नजरअंदाज करने का काम महागठबंधन ने किया है, उसी तरह से महागठबंधन को परिणाम भुगतना होगा। पूरे झारखंड में मुस्लिम समाज के लोग तीसरे मोर्चे का विकल्प तलाश रहे हैं। जल्द ही यह धरातल पर भी उतरेगा। बीजेपी के कैडर वोटर माने जाने वाले ओबीसी वर्ग में नाराजगी और मुस्लिम वर्ग में महागठबंधन के प्रति नाराजगी को देखते हुए कई बड़े नेता चतरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने को उत्सुक हैं। सूत्रों की मानें तो पूर्व केंद्रीय मंत्री और चतरा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद नागमणि एक बार फिर चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। चतरा संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार और तीन बार सांसद चुने जा चुके वरिष्ठ नेता धीरेंद्र अग्रवाल भी चुनाव लड़ सकते हैं। ओबीसी मोर्चा का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि धीरेंद्र अग्रवाल निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें। हालांकि, दोनों नेता अपने नफा-नुकसान को देखते हुए चुनाव मैदान में उतरने का फैसला कर सकते हैं। क्योंकि 2009 के चुनाव में धीरेंद्र अग्रवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था लेकिन उनकी जमानत जब्त हो गयी थी। इसी तरह पूर्व मंत्री नागमणि ने भी 2014 के लोकसभा चुनाव में आजसू उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें केवल 35,000 वोट ही मिले थे। उनकी भी जमानत जब्त हो गई थी। चतरा संसदीय क्षेत्र में जिस तरह का माहौल है इससे पूरे लोकसभा क्षेत्र में असमंजस की स्थिति है। अगर राष्ट्रीय पार्टियां क्षेत्र में उपजे विवाद को नहीं सुलझा पाती हैं तो भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

पुलिस के द्वारा किया गया पैदल मार्च

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। अधीक्षक के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मनातू थाना अंतर्गत आने वाले असुरक्षित बूथों की श्रेणी में रखे गए देवडीह, पद्मा, और आस पास के गांव में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनातू बीडीओ, सीआरपीएफ 112 कंपनी के सहायक कमांडेंट, थाना प्रभारी व शास्त्र बालों के द्वारा पैदल मार्च किया गया। आस पास के ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें बिना किसी भय, प्रलोभन, दबाव के मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें प्रशासन के बीच आपसी सहयोग के साथ मतदान सफल करने के उन्हें प्रेरित भी किया गया।

हेरहंज पुलिस ने लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)। लोकसभा चुनाव से पूर्व चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव के दौरान हेरहंज थाना के 2015 के लाल वारंटी अभियुक्त मोहन गंझू पिता स्वव बाकू गंझू ग्राम कटांग टोला बरखेता थाना हेरहंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वह कुछ वर्षो से फरार चल रहा था। उसे आसूचना के आधार पर दिनांक 23.04.24 को छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें छापामारी दल ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।और अग्रिम करवाई हेतु न्यायलय भेज दिया गया है।थाना प्रभारी विक्रम कुमार

ने बताया कि उक्त अभियुक्त आर्म्स एक्ट एवं सी एल ए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इससे पूर्व भी दो लाल वारंटी श्यामलाल गंझू एवं केदार गंझू को स्पेशल ड्राइव में गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय भेजा गया है।

एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में शामिल हुए आजसू पार्टी के नेता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भारतीय जनता पार्टी के एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन के मौके पर में शिवाजी मैदान में आयोजित आमसभा में आजसू पार्टी, लोजपा व जदयू, एनसीपी समेत भाजपा के नेता व कार्यकता शामिल हुए। आजसू पार्टी लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार, संजय रंजन सिंह, बबलू गुप्ता, शंकर बिश्वकर्मा चम्पा देवी, गढवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, नन्दु ठाकुर, प्रधान महासचिव त्रिपुरारी सिंह, डॉ. अफजल अंसारी, राजू प्रसाद, दशरथ चैधरी, संजय शर्मा, दीपक कुमार, मनोज शर्मा के नेतृत्व में गढवा व पलामू जिला के सैकडो कार्यकर्ता शामिल हुए और एनडीए प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया।

बीडी राम पलामू की जनता से माफी मांगें: ओंकर नाथ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। मंडल डैम और चिरमिरी रेल लाइन का झूठा सिलान्यास करने वाले भाजपा प्रत्याशी बी राम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पलामू की जनता से पहले माफी मांगनी चाहिए। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे आज महागठबंधन के प्रत्याशी राजद उम्मीदवार ममता भुईयां के नामांकन दाखिल करने के अवसर पर आयोजित सभा में बोल रहे थे। हाउसिंग कॉलोनी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि पलामू में अब बाहरी लोग नहीं चलेंगे। ममता भुईयां पलामू की बेटी हैं और पलामू का विकास करेंगी। इसबार पलामू की जनता झूठ बोलने वाले भाजपा प्रत्याशी बीडी राम की जनता जब्त कराएगी।

पलामू के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने किया नामांकन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 13 पलामू लोकसभा चुनाव के लिए छठे दिन आज भाजपा प्रत्याशी व सांसद वीडी राम ने नामांकन किया। वे तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। 2014 एवं 2019 में वे सांसद चुने गए थे। वीडी राम ने 11.36 बजे समाहरणालय पहुंचकर में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री पूर्व जेनरल वीके सिंह, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रविन्द्र राय, आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह, श्याम नारायण दुबे सहित कई नेता शामिल थे। इससे पहले वीडी राम अपने सूदना स्थित आवास से निकले और काली मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा पाठ औ? दर्शन किया। इसके बाद कार्यकताओं के साथ समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। बता दें कि नामांकन का आज छठा दिन है। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नामांकन दाखिल करने का अब एक दिन शेष रह गया है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 29 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

पलामू से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने किया नामांकन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजद की ममता भुइयां ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। नमांकन से पहले शहर के हाउसिंग कॉलोनी में आमसभा आयोजित की गयी, जिसमें इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। इसके बाद वे पलामू समाहरणालय पहुंची और जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष अपना नामांकन किया। नामांकन के दौरान मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि अगर चुनाव में वे जीत दर्ज करती हैं तो पलामू में सबसे पहले सिंचाई और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करेंगी।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि 73वें संविधान संशोधन के अनुसार पंचायत राज के आरंभिक स्तर पर ग्राम पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधियों की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, जो अपने कार्य एवं व्यवहारों के लिए पूर्ण रूप से जनता के प्रति उत्तरदायी है। पंचायती राज व्यवस्था में कई ऐसे प्रतिनिधि शामिल हुए हैं जिन्होंने अपनी सूझबूझ से एक गांव की तस्वीर बदलकर रख दी। पंचायती राज अधिनियम 1992 में लागू किया गया। इसके जनक उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बलवंत राय मेहता हैं। सत्ता के विकेंद्रीकरण के इतिहास में 24 अप्रैल एक निर्णायक क्षण है। अनुच्छेद 243 में प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए स्थान सुरक्षित रहेंगे। यह जमीनी स्तर पर स्वशासन संस्थाओं के लिए कार्य करने का अधिकार देता है। गोष्ठी में संजीत कुमार, जयपाल मोची, संजय चैरसिया, भूपेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अनिल राम, प्रेम कुमार, कृष्णा राम, उमेश पासवान, राजू राम, किरवान माझी, शिवनारायण साव, संतोष विश्वकर्मा, राम नरेश महतो सहित कई लोगों ने उपस्थित अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मिथिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हनुमान उत्सव पर चैनपुर में रही धूम

सुंदरकांड पाठ पढ़ने से होती है बाधा दूर: सांसद

- सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन
- विभिन्न मंदिरों में हनुमान जी की की गई पूजा अर्चना

चैनपुर (उज्ज्वल दुनिया)। चैनपुर में हनुमत जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की धूम रही। चैनपुर महावीर मंदिर में नागरिक मंच के तत्वावधान में हनुमत पूजा एवं सुंदरकांड पाठ का किया गया। इस दौरान दिवाकर पाठक एवं सविता की टीम ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम, पूर्व मेयर अरुण शंकर, उपमेयर मंगल सिंह, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा के प्रभारी विनय कुमार लाल, जिला अध्यक्ष

अमित तिवारी, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, भोला पांडे, आनंद सिंह, मनोज दास उपस्थित थे। सांसद राम ने कहा कि सुंदरकांड के पाठ करने से जीवन में होने वाली बाधा से मुक्ति होती है। कार्यक्रम में काशी प्रसाद, विजय प्रसाद, अशोक दास, उमेश सोनी, प्रदीप प्रसाद, सरवन प्रसाद, नारायण प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, अरविंद कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना गुप्ता, हंसराज, सुनील प्रसाद, अमित प्रसाद, अविनाश प्रसाद, राजन कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, शिवनाथ प्रसा समेत कई लोग शामिल है।

500 मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रांत पलामू जिला में लगभग 500 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और महा आरती का आयोजन किया गया। जिले के सभी 21 प्रखंडों और 250 से ज्यादा पंचायतों तथा कई गांवों में यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और समान विचार धारा वाले संगठनों द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम संध्या 7 बजे मेदनीनगर के मुख्य बाजार स्थित महावीर मंदिर में किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की सहभागिता रही। मुख्य कार्यक्रम में पूर्व महापौर मंगल सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर

मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, दिवाकर मिश्र, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, नगर विहिप अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर विहिप मंत्री दीपक सिंह, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी सहित कई लोग शामिल थे।

हनुमान जयंती पर हुई महाआरती

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा हनुमान जन्म महोत्सव के अवसरपर कोयल नदी किनारे शिवाला घाट स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती की गई। इस अवसर पर जेनरल के पदाधिकारी समेत कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर जनरल अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, प्रधान कैप्टन राजन सहाय, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार राजा, कोषाध्यक्ष बिट्टू कुमार, शशिकांत कुमार, पूजा प्रभारी पप्पू कुमार लाठ, मंत्री विकास काश्यकार, चिंटू गुप्ता, हरिओम शंकर, मनीष गिरी उपस्थित थे।

संपादकीय

2024: कांग्रेस, पाकिस्तान और मुसलमान

जैसे कि उम्मीद थी तकरीबन वैसा ही हो रहा है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की इलेक्शन कैंपनिंग कांग्रेस, पाकिस्तान और मुसलमानों के ईर्द-गिर्द ही घूम रही है। चुनाव शुरू होने से पहले और अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जितनी भी सभाएं हुईं हैं या जितनी दफा भी उन्होंने भाषण दिए हैं उनका केन्द्र या तो पूर्ववर्ती कांग्रेसनीत सरकार की खामियां गिनाना रहा है या फिर पाकिस्तान की बात करना या प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर मुसलमानों का जिक्र करना ही रहा है। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों को शायद कम ही गिनाया है। इसके पीछे वजह जो भी हो लेकिन मोदी जैसी शख्सियत से ये उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि वो अपने कामों से वोट मांगें। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक पुराने भाषण का हवाला देते हुए मुसलमानों पर टिप्पणी की थी, जिसमें उन्हें घुसपैठिए और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला कहा गया था। पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह के जिस 18 साल पुराने भाषण का जिक्र किया है, उसमें मनमोहन सिंह ने मुसलमानों को पहला हक देने की बात नहीं कही थी। तब मनमोहन सिंह ने 2006 में कहा था, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए। अब, इतने साल बाद मोदी ने मनमोहन सिंह की इस टिप्पणी को अपने भाषण में क्यों इस्तेमाल किया ये बताने की जरूरत नहीं है। जिनके ज्यादा बच्चे हैं.. ये बात वो मोदी कर रहे हैं जो खुद 6 भाई-बहन हैं जिनमें वे तीसरें नंबर के हैं, उनकी एक बहन भी है। ये सभी जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी का जन्म तत्कालीन बॉम्बे राज्य के महेसाना जिला स्थित वडनगर ग्राम में हीराबेन मोदी और दामोदरदास मूलचन्द मोदी के एक मध्यम-वर्गीय परिवार में 17 सितम्बर 1950 को हुआ था। वह पैदा हुए छह बच्चों में तीसरे थे। हीराबेन मोदी और दामोदरदास मूलचन्द मोदी के सबसे बड़े बेटे सोमभाई मोदी हैं। दूसरे नंबर पर अमृतभाई मोदी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी से छोटे उनके भाई प्रह्लाद मोदी, फिर इकलौती बहन वसंतीबेन और सबसे छोटे भाई पंकज मोदी हैं। मोदी का परिवार मोध-घांची-तेली समुदाय से था, जिसे भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में वगीर्कृत किया जाता है।

पीएम मोदी के ज्यादा बच्चे और घुसपैठिये वाले बयान के बाद अब खुद मोदी और भाजपा नेता अपनी सरकार को मुसलमान हितैषी बताने की कोशिश कर रहे हैं। यहां ये बताना लाजमी होगा कि कुछ महीनों पहले ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भी मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने की कोशिश की थी। भाजपा ने पिछले साल मुसलमानों को पार्टी से जोड़ने के लिए मोदी भाईजान अभियान शुरू किया था। इसके तहत मुस्लिम बहुल गांवों में कौमी चैपाल मुहिम चलाई थी। लेकिन, जल्द ही भाजपा का कथित मुस्लिम प्रेम ज्यादा दिन परवान नहीं चढ़ सका और राजस्थान में पीएम मोदी ने मुसलमानों को ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला और घुसपैठिया तक कर दिया। इससे पहले भी असम में मुसलमानों की तुलना घुसपैठियों से करते हुए मोदी ने बांग्लादेशी प्रवासियों पर भी टिप्पणी की थी। पश्चिम बंगाल में भाषण के दौरान मोदी कह चुके हैं कि बांग्लादेश से केवल उन लोगों का स्वागत है जो दुर्गाष्टमी मनाते हैं। बवाल के बाद मोदी ने ये कहकर पल्ला झाड़ लिया था कि उनके भाषण का गलत मतलब निकाला गया। पीएम मोदी कभी खुद को मुसलमानों का हितैषी बताते हैं तो कभी मुसलमानों को विपक्ष का वोट बैंक। यदि भाजपा में मुस्लिम प्रतिनिधित्व की बात की जाए तो 24 के आम चुनाव में भाजपा ने महज एक मुसलमान अब्दुल सलाम को टिकट दी है। अब्दुल सलाम केरल के मलप्पुरम से प्रत्याशी बनाया गया है।

मतदाता सूची में नाम न हो तब भी कर सकते है मतदान!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

देश मे पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे।जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है।मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके ,इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट । हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे । एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि

लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है।इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है। इसी तरह अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है । उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है ।एक बार विधायक या सांसद बनने पर उनकी आय मे कई सौ गुना वृद्धि कैसे हो जाती है इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में पिछले चुनाव में मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर दूरी तक मतदाताओं को हाथ जोडकर नमस्ते तक नही कर पाया था,यह प्रावधान लोगो को बहुत पसंद आया है।जब आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाए और आपको पता चले कि आपका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया है,ऐसी हालत में आप पीठासीन अधिकारी से टेंडर वोट डालने की सुविधा प्राप्त कर सकते है।यदि किसी मतदान केंद्र पर टेंडर वोट कुल मतदान का 40 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो वहां पुनः मतदान कराया जाएगा।वही यदि आपका नाम मतदाता सूची में ही न हो तब आप धारा 49 ए के तहत पीठासीन अधिकारी से चुनौती वोट डलवाने का निवेदन कर सकते है।लेकिन यदि आपका नाम मतदाता सूची में न हो और आपके पास मतदाता पहचान पत्र भी न हो,तब भी धारा 8 के अंतर्गत कोई भी पहचान पत्र जिनमे पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते है।यानि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है,इसलिए मतदान अवश्य करे।

(लेखक सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार है)

मोहभंग की भूलभुलैया के बीच, परिवर्तन की झलकियाँ उभरती हैं

नीरज कृष्ण

वैश्विक लोकतंत्र की भव्यता में, भारत विविधता, जटिलता और लचीलेपन के प्रतीक के रूप में खड़ा है

लोकतंत्र के भव्यता में, मतदाता सत्ता, जवाबदेही और प्रगति के धागे को पकड़कर बुनकर के रूप में खड़ा होता है। डाला गया प्रत्येक वोट केवल मतपत्र पर एक निशान नहीं है, बल्कि आशा की किरण, अधिकारों की घोषणा और भविष्य को आकार देने की प्रतिबद्धता है। लोकतंत्र में मतदाता के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता; वे आधारशिला हैं जिस पर लोकतांत्रिक शासन की इमारत खड़ी होती है।

लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक ह्ललोगों की सरकार, लोगों द्वारा, लोगों के लिएह्व की अवधारणा है, जैसा कि अब्राहम लिंकन द्वारा प्रसिद्ध रूप से व्यक्त किया गया है। मतदाता इस सिद्धांत का प्रतीक है, क्योंकि उनके पास उन प्रतिनिधियों को चुनने की शक्ति है जो उनकी ओर से शासन करेंगे। इस अर्थ में, मतदान का कार्य सशक्तिकरण का एक कार्य है, जो व्यक्तियों को उनके जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णयों में अपनी बात रखने की अनुमति देता है।

मतदाता का महत्व चुनाव के दिन मतदान करने के कार्य से कहीं अधिक है। इसमें व्यापक नागरिक सहभागिता शामिल है जो एक स्वस्थ लोकतंत्र को रेखांकित करती है। इसके अलावा, मतदाता अत्याचार और सत्तावाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में कार्य करता है। वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करके, नागरिक लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं और उन्हें कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करते हैं।

वैश्विक लोकतंत्र की भव्यता में, भारत विविधता, जटिलता और लचीलेपन के प्रतीक के रूप में खड़ा है। अपने विशाल मतदाताओं, विविध संस्कृतियों और जीवंत राजनीतिक परिदृश्य के साथ, भारत की लोकतांत्रिक यात्रा उतार-चढ़ाव भरी रही है। फिर भी, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी उत्साह के शोर के बीच, एक जरूरी सवाल बड़ा हैः क्या भारतीय मतदाता लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से विमुख हो रहे हैं?

हाल के वर्षों में, कई घटनाक्रमों ने भारत के लोकतान्त्रिक आधारभूत सिद्धांतों के बारे में चिंताएँ बढ़ाते हैं। लोकलुभावनवाद वादों के उदय से लेकर संस्थागत विश्वसनीयता के ह्रास तक, विभिन्न कारकों ने मतदाताओं के बीच मोहभंग की भावना में योगदान दिया है। एक प्रमुख प्रवृत्ति पहचान की राजनीति का उदय है, जो धार्मिक, जाति और क्षेत्रीय संबद्धताओं से प्रेरित है। जबकि विविधता लंबे समय से भारतीय समाज की पहचान रही है, राजनीतिक लाभ के लिए पहचान के साधन ने विभाजन को तेज कर दिया है और ध्रुवीकरण बढ़ा दिया है। इस प्रवृत्ति ने कुछ मतदाताओं को व्यापक लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर संकीर्ण समूह के हितों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है, जिससे समावेशिता और बहुलवाद के लोकाचार को नुकसान पहुंचा है।

इसके अतिरिक्त, गलत सूचनाओं के प्रसार और सोशल मीडिया के हथियारीकरण ने भारतीय लोकतंत्र को और अधिक गंदा कर दिया है। झूठे आख्यानों, प्रचार और लक्षित दुष्प्रचार अभियानों ने संदेह और भ्रम के बीज बोए हैं, जिससे मतदाताओं के लिए कल्पना से सत्य को पहचानना कठिन हो गया है। इस सूचना युद्धक्षेत्र में, भावनाएँ अक्सर तथ्यों पर विजय प्राप्त करती हैं, और तर्कसंगत प्रवचन प्रतिध्वनि

कक्षों और फिल्टर बुलबुले को रास्ता देता है।

झूठे वादों से मतदाताओं के ठगने की परंपरा भारत में नई नहीं है। वर्षों से, राजनीतिक अभियान भव्य प्रतिज्ञाओं / वादों पर फलते-फूलते रहे हैं, जो अक्सर वास्तविक परिवर्तन को पूरा करने के बजाय जनता को लुभाने के लिए अधिक डिजाइन किए जाते हैं। अधूरे वादों से उपजा मोहभंग गहरा है। गरीबी उन्मूलन से लेकर बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान तक, आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक सद्भाव तक, आश्वासनों की सूची व्यापक है। फिर भी, वादे और हकीकत के बीच की खाई अक्सर चौड़ी हो जाती है, जिससे मतदाताओं में संदेह पैदा होता है।

इस मोहभंग में योगदान देने वाले कारकों में से एक राजनीतिक व्यवस्था के भीतर जवाबदेही तंत्र की कमी है। निर्वाचित प्रतिनिधि होने के बावजूद, राजनेता अक्सर शासन की जटिलताओं और पक्षपातपूर्ण राजनीति के शोर के कारण अधूरे वादों की जांच से बचते हैं। नेताओं को जवाबदेह ठहराने के लिए मजबूत तंत्र की अनुपस्थिति दंडमुक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जहां वादे बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं के बजाय डिस्पोजेबल उपकरण बन जाते हैं।

सूचना की अधिकता के युग में, जहां सच्चाई अक्सर व्यक्तिपरकता का मुखौटा पहनती है, वास्तविक प्रतिज्ञाओं और खोखली बयानबाजी के बीच अंतर करना मतदाताओं के लिए एक कठिन काम बन जाता है। राजनेता इस अस्पष्टता का फायदा उठाते हैं, जनता की भावनाओं में हेराफेरी करने और अपने एजेंडे को कायम रखने के लिए आख्यानों का सहारा लेते हैं।

प्रौद्योगिकी के आगमन ने भी इस परिवर्तन को उत्प्रेरित किया है, नागरिकों को सूचना और नागरिक सहभागिता के लिए प्लेटफार्मों तक पहुंच के साथ सशक्त बनाया है। सोशल मीडिया, विशेष रूप से, एक दोधारी तलवार के रूप में उभरा है, जो झूठ के शोर और राजनीतिक दोहरेपन के खिलाफ असहमति के स्वर दोनों को बढ़ा रहा है। डिजिटल कनेक्टिविटी द्वारा सुगम चर्चा के लोकतंत्रीकरण ने राजनेताओं को जांच के प्रति अधिक संवेदनशील बना दिया है, जिससे उन्हें टूटे वादों के परिणामों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

जैसे-जैसे भारत वादों और वास्तविकताओं के जटिल अंतर्संबंध को पार कर रहा है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने की जिम्मेदारी न केवल राजनेताओं पर बल्कि नागरिकों पर भी है। यह नेताओं पर निर्भर करता है कि वे बयानबाजी के आकर्षण से परे जाएं और मतदाताओं के साथ सामाजिक अनुबंध को रेखांकित करने वाले वादों को पूरा करते हुए जिम्मेदारी की भूमिका निभाएं।

लोकतंत्र के साथ भारत की कोशिश एक उल्लेखनीय यात्रा रही है, जो उत्साही मतदान और उत्साही राजनीतिक भागीदारी से चिह्नित है। अपनी आजादी के दिनों से, जब लाखों लोगों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया, डिजिटल युग तक, जहां सोशल मीडिया राजनीतिक प्रवचन के लिए युद्ध का मैदान बन गया है, भारत में चुनाव हमेशा एक भव्य मामला रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, जहां चुनाव के उत्साह की तुलना अक्सर एक त्योहार से की जाती है, एक चिंताजनक प्रवृत्ति उभरती दिख रही है - मतदाताओं की उदासीनता का भूत। प्रत्येक गुजरते चुनाव चक्र के साथ, एक स्पष्ट प्रश्न उभर रहा हैः क्या भारतीय मतदाता चुनावों से ऊब रहे हैं?

भारत के विशाल लोकतांत्रिक परिदृश्य में, जहां चुनाव त्योहारों की तरह सांस्कृतिक ताने-बाने का एक हिस्सा हैं, एक निरंतर विषय पूरे देश में गूंजता हुआ प्रतीत होता हैः नेताओं द्वारा किए गए झूठे वादों की झुंझलाहट। प्रत्येक चुनावी चक्र के साथ, राजनेता आश्वासनों का जाल बिछाते हैं, परिवर्तन, प्रगति और समृद्धि का वादा करते हैं। हालाँकि, जैसे-जैसे समय बीतता है, इनमें से कई वादे राजनीतिक बयानबाजी की पतली हवा में उड़ जाते हैं, और निराश मतदाताओं को धराशायी आशाओं और अधूरी अपेक्षाओं से जूझते हुए पीछे छोड़ देते हैं।

हालाँकि, मोहभंग की भूलभुलैया के बीच, परिवर्तन की झलकियाँ उभरती हैं। भारतीय मतदाताओं की विकसित होती चेतना स्पष्ट है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और ठोस कार्रवाई की बढ़ती मांग की विशेषता है। पूरे देश में ऐसे नेताओं के लिए आवाज उठ रही है जो सुविधा से ज्यादा सत्यनिष्ठा को, तमाशे से ज्यादा सार को प्राथमिकता देते हैं।

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि यद्यपि मतदाता उदासीनता बढ़ रही है, लेकिन यह किसी भी तरह से सार्वभौमिक नहीं है। कई नागरिक राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में इसके महत्व को पहचानते हुए, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना जारी रखते हैं। जमीनी स्तर के आंदोलन, मतदाता जागरूकता अभियान और चुनावी प्रणाली में सुधार के प्रयास संकेत देते हैं कि लोकतांत्रिक जुड़ाव को पुनर्जीवित करने की अभी भी उम्मीद है।

मतदाताओं की उदासीनता से निपटने के लिए विभिन्न हितधारकों की ओर से ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों को पारदर्शिता, जवाबदेही और वास्तविक प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देकर मतदाताओं का विश्वास फिर से हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।

हालांकि मतदाताओं की उदासीनता की घटना कुछ हलकों में जोर पकड़ रही है, लेकिन यह कोई बड़ी चुनौती नहीं है। अंतर्निहित कारणों को संबोधित करके और समावेशी और सहभागी लोकतंत्र की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में चुनावों के महत्व की पुष्टि कर सकते हैं।

चुनावों के प्रति बढ़ती उदासीनता को दूर करने के लिए कई स्तरों पर ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों को अपने वादों को पूरा करके और पारदर्शी और जवाबदेह शासन में संलग्न होकर मतदाताओं के साथ फिर से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, गलत सूचना से निपटने और नागरिकों के बीच मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि उन्हें सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

चुनाव बहिष्कार, हालांकि अक्सर वैध शिकायतों से उत्पन्न होता है, लोकतांत्रिक परिदृश्य पर असर डालता है। चुनावी प्रक्रिया से दूर रहने का विकल्प चुनकर, नागरिक शासन की दिशा को प्रभावित करने का अपना अवसर खो देते हैं। बहिष्कार का कार्य, अपने सार में, अलगाव का प्रतीक है - एक ऐसा अलगाव जो सक्रिय नागरिकता के सिद्धांत पर बनी लोकतांत्रिक नींव को खंडित करता है।

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, भागीदारी की अनुपस्थिति प्रतिनिधित्व के मूल सिद्धांत को कमजोर करती है। लोकतंत्र समावेशी निर्णय-प्रक्रिया के आधार पर फलता-फूलता है, जहां विविध आवाजें सामूहिक इच्छा को प्रतिबिंबित करने वाली नीतियों को आकार देने के लिए एकजुट होती हैं। हालाँकि, चुनाव बहिष्कार एक शून्य पैदा करता है जिसमें असहमति की आवाजें दबा दी जाती हैं, जिससे राजनीतिक क्षेत्र कुछ चुनिंदा लोगों के प्रभुत्व के लिए अतिसंवेदनशील हो जाता है। विपक्ष की अनुपस्थिति में, नियंत्रण और संतुलन का सार - लोकतंत्र की एक अनिवार्य विशेषता - से समझौता किया जाता है, जिससे अनियंत्रित शक्ति और संभावित अत्याचार का मार्ग प्रशस्त होता है।

इसके अलावा, चुनाव बहिष्कार से नागरिकों में मोहभंग पैदा होता है, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास कम होता है। जब व्यक्ति अपनी भागीदारी को महत्वहीन समझते हैं, तो उनका लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही मोहभंग हो जाता है। यह मोहभंग उदासीनता और संशयवाद के लिए एक आधार तैयार कर देता है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक नागरिक सहभागिता के ताने-बाने को खराब करता है। दीर्घावधि में, इस तरह का मोहभंग एक पतन की ओर ले जा सकता है जिसमें नागरिक पूरी तरह से लोकतंत्र की प्रभावकारिता में विश्वास खो देते हैं, जिससे इसका अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है।

चुनाव बहिष्कार के राष्ट्रीय सीमाओं से परे दूरगामी प्रभाव होते हैं, जिससे वैश्विक मंच पर लोकतंत्र की छवि खराब होती है। लोकतंत्र आशा की किरण के रूप में कार्य करता है, दुनिया भर में स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के लिए प्रेरक आंदोलनों का काम करता है। हालाँकि, जब नागरिक चुनावों का बहिष्कार करने का विकल्प चुनते हैं, तो यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को एक दुखद संदेश भेजता है - एक संदेश कि लोकतंत्र नाजुक है और उदासीनता के प्रति संवेदनशील है। इस तरह की बातें निरंकुश शासनों को बढ़ावा देती हैं और वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों को कमजोर करती हैं, जिससे सार्वभौमिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की तलाश खतरे में पड़ जाती है।

यह क्या हो रहा है कर्नाटक में! हिन्दू बहन बेटियां असुरक्षित क्यों?

मनोज कुमार अग्रवाल

एक बार फिर कर्नाटक सुर्खियों में है। कर्नाटक में 28 वर्षीय विवाहित महिला को उसकी असहज तस्वीरों का उपयोग करके ब्लैकमेल करने और इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के सामने रेप किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया।

कर्नाटक से एक सप्ताह के भीतर ही हैरान करने वाला यह दूसरा मामला सामने आया है। यहां 28 साल की एक महिला ने एक दंपत्ति पर उसकी प्राइवेट तस्वीरों का इस्तेमाल कर उसे ब्लैकमेल करने और इस्लाम धर्म कबूल करवाने का आरोप लगाया है।एक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपियों में से एक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने उसे माथे पर ह्यकुमकुमह्ल लगाने से रोका गया और बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया गया।

आपको बता दें कि अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले ही 18 अप्रेल को एक लव जेहादी हत्यारे द्वारा एक एमएससी छात्रा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी यह मामला पहले ही कर्नाटक की सियासत को गर्म किए है पीएम मोदी भी इस बीच जब कर्नाटक में रैली की तो उन्होंने भी हुबली के नेहा मर्डर केस का उल्लेख किया और राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा दिए हैं।कर्नाटक पहुंचे पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में कांग्रेस पार्टी जिस सोच को बढ़ावा दे रही है वह काफी खतरनाक है। हमारी बेटियों पर हमले हो रहे हैं, सार्वजनिक जगहों पर बम धमाके हो रहे हैं, जो लोग भजन कीर्तन सुन रहे हैं उन पर हमले हो रहे हैं।पीएम मोदी ने कर्नाटक की कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि ये साधारण घटनाएं नहीं हैं। इसलिए मैं बेंगलुरु और कर्नाटक के लोगों से अपील करता हूं कि आपको कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए।

दरअसल बीती 18 अप्रैल को फैयाज खोंडुनाईक नाम के एक शख्स ने कर्नाटक के हुबली जिले के बीवीबी कॉलेज कैंपस में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हमले के बाद कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने किसी तरह नेहा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी।इस मामले को लेकर कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार की छीछालेदर बढ़ गई है।

अब इस धर्म परिवर्तन के मामले के सामने आने से मुश्किलें बढ़ सकती है इस पीडित महिला द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने आरोपी दंपत्ति सहित कुल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान रफीक के रूप में हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी रफीक और उसकी पत्नी ने महिला के साथ छेड़खानी की और वो उसके साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में लिप्त थे। इसी दौरान रफीक ने महिला की इंटीमेट तस्वीरें ले ली थीं, जिनके जरिए वह उसे ब्लैकमेल करता था और उसपर हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम में कन्वर्ट होने के लिए प्रेशर डालता था।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी रफीक और उसकी पत्नी ने पीड़ित महिला के साथ छेड़छाड़ की और उसके साथ यौन संबंध बनाए। उसके बाद उसकी अंतरंग तस्वीरें ले लीं, जिसके जरिए उसने पीड़ित महिला को ब्लैकमेल किया और कहा कि वह इस्लाम धर्म अपना ले।

पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी ने 2023 में महिला को बेलगावी में अपने घर में रहने के लिए मजबूर किया और मांग की कि वह जो कुछ भी कहें उसका पालन करे।महिला ने आरोप लगाया कि पिछले साल जब वे तीनों एक साथ रहते थे, तो रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसके साथ रेप किया था। पुलिस ने बताया कि रफीक और उसकी पत्नी साल 2023 में पीड़ित महिला को बेलगामी स्थित अपने घर में रहने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने महिला को अपना हर ऑर्डर मानने के लिए मजबूर भी किया। महिला का आरोप है कि रफीक ने पिछले साल उसके साथ अपनी पत्नी के सामने रेप किया। ये घटना उस समय की है जब वो तीनों साथ में रहते थे।

बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि इसी महीने में दंपति ने कथित तौर पर महिला को ह्यकुमकुमह्ल नहीं पहनने के लिए कहा और उसे बुर्का पहनने और दिन में पांच बार नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया. महिला ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ जाति आधारित अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया. महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि रफीक ने उससे अपने पति को तलाक देने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी तो वह उसकी अंतरंग तस्वीरें लीक कर देगा. उसने कहा कि दंपति ने उसे धर्म परिवर्तन न करने पर जान से मारने की धमकी दी.

महिला की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ सौंदत्ती में एफआईआर दर्ज की गई है. उन पर ह्यकर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार संरक्षण अधिनियमह्ल, आईटी कानून की प्रासंगिक धाराओं, एससी/एसटी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिनमें बलात्कार, अपहरण, गलत कारावास और आपराधिक धमकी शामिल हैं.

आपको बता दें कि कर्नाटक में 2023 में भाजपा सरकार बदलने के साथ ही कांग्रेस की मौजूदा राज्य सरकार ने पुराने कानूनों को पलटने का काम किया था एक महीना बीतते ही कांग्रेस सरकार ने पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए धर्मांतरण के कानून को रद्द करने की न सिर्फ पूरी योजना बना दी बल्कि कर्नाटक कैबिनेट ने इस पर मुहर भी लगा दी थी । इस प्रस्ताव को विधानसभा में लाया गया था ।

कहना होगा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर जून 2023 में हिन्दुओं को उन तमाम विवादों में झोंक दिया है, जिससे वे राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून होने के कारण से बचते आ रहे थे । वास्तव में इस कानून के प्रभाव से यहां देखने में आया कि जब से यह कानून बना, राज्य में ऐसे मामलों में अचानक से कमी आ गई थी।लेकिन अब इसके निरस्त करने पर नकारात्मक प्रभाव सामने आना स्वभाविक है, कर्नाटक की ऐसी ही कुछ वारदातों से रूबरू कराते हैं पिछले साल कर्नाटक के मांड्या जिले में 13 साल की नाबालिग लड़की से ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म का मामला सामने आया । पता चला वह लव जिहाद की शिकार हुई थी, एक 25 वर्षीय आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता को इस्लाम कबूल करने और उससे शादी करने के लिए नाबालिग को प्रताड़ित किया था। एक अन्य घटना में हुबली में मोहम्मद एजाज शिरूर से शादी करने के बाद इस्लाम धर्म अपनाने वाली अपूर्वा पुराणिक को तलाक लेने के लिए 20 बार चाकू मारा । एजाज पहले से ही शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। जांच से पता चला कि ऑटो चालक एजाज ने एमबीए स्नातक युवती को फंसाया, उसके निजी वीडियो बनाए, ब्लैकमेल किया और शादी के लिए फुसलाया था

रिकार्ड बताता है कि कर्नाटक राज्य में लव जिहाद से जुड़े ऐसे अनेकों प्रकरण अब तक दर्ज हो चुके हैं। दरिंदे नए शिकार की तलाश में लगे रहते हैं। सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं देश भर में धर्म विशेष के युवाओं को हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए प्रशिक्षित करने के आज अनेकों मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इसके पीछे काम करने वाले संगठन न केवल युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंसटागराम फेसबुक एक्स पर फर्

डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक सुनील को मिला राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त एमएफ हुसैन अवार्ड

- झारखंड से यह पुरस्कार पाने वाले बने एकमात्र कलाकार, 3 लाख रुपए की मिलेगी स्कॉलरशिप
- एब्सट्रेक्ट पेंटिंग में महारथ है हासिल, शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

बोकारो : डिजाइनिंग के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवार चुके डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक एवं शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट सुनील कुमार को एमएफ हुसैन अवार्ड से नवाजा गया है। भारत सरकार के एमएसएमई से निबंधित, महाराष्ट्र सरकार से अधिकृत एवं आईएसओ 9001 : 2015 से प्रमाणित महार्ट कॉन्टेस्ट (स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन) ने पूरे झारखंड से एकमात्र कुमार को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया है। इसके तहत उन्हें एक वर्ष तक प्रतिमाह 25 हजार, 700 रुपए (कुल 308400 रुपए) की स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगी, साथ ही अलग से 7000 रुपए की नकद पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी। महार्ट कॉन्टेस्ट का आयोजन इसी वर्ष जनवरी महीने में किया गया था। सभी मानदंडों पर खरा उतरने के बाद श्री कुमार एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चुने गए। बुधवार को डाक से उनका सम्मान-पत्र व प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय पहुंचा। इस उपलब्धि से अपने विद्यालय, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित करने वाले शिक्षक सुनील को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने उनका अवार्ड सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजकीय सम्मान सहित मिल चुके हैं कई अवार्ड उल्लेखनीय है कि सुनील इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान पाकर अपने विद्यालय और शहर का नाम कला के क्षेत्र में रोशन कर चुके हैं। वर्ष 2015 में झारखंड सरकार की तरफ से राजकीय सम्मान के अलावा दो-दो बार अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, जोधपुर में ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन के दौरान मिला सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग अवार्ड आदि उनकी उपलब्धियों में प्रमुखतम हैं। जिस पेंटिंग के लिए उन्हें एमएफ हुसैन अवार्ड हेतु चयनित किया गया है उसमें उन्होंने सामाजिक भावनाओं को सकारात्मक रूप में दशार्या है। लगभग 55 वर्षीय सुनील मॉडर्न आर्ट की नेशनल गैलरी की सर्वोच्च समिति के सदस्य भी हैं। दिल्ली, कोलकाता, पटना, मणिपुर, महाराष्ट्र, भोपाल, राजस्थान, ओडिशा सहित देश के अलग-अलग जगहों में दर्जनों बार उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर चुकी हैं। इसी प्रकार, देश के विभिन्न भागों में उन्होंने पेंटिंग कैंप में भी हिस्सा लिया है। वहीं, देश-विदेश में विभिन्न आर्ट गैलरियों में उनकी पेटिंग्स का कलेक्शन लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

बचपन से ही पेंटिंग में थी रुचि, जानिए क्या है एब्सट्रेक्ट पेंटिंग

पटना से बैचलर और कोलकाता से मास्टर इन फाइन आर्ट्स की डिग्री अर्जित करने वाले सुनील को बचपन से ही पेंटिंग के क्षेत्र में रुचि थी। उन्हें विशेष रूप से एब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग (अमूर्तन कला) में महारत हासिल है। किसी भी वस्तु या दृश्य को देखकर उसे अपने तरीके से नए स्वरूप में उकेर देना उनकी कलाकारी की खासियत है। एब्सट्रेक्ट पेंटिंग कला का वह स्वरूप है, जिसमें हम अपनी कल्पना के शुद्ध रूप को कैनवास पर उतारने का प्रयास करते हैं। इसके अंतर्गत बनाई गई हर एक पेंटिंग का अपना एक नया ही स्वरूप होता है। इसमें किसी दृश्य वास्तविकता का सटीक चित्रण प्रस्तुत करने की बजाय इसके प्रभाव को प्राप्त करने के लिए आकृतियों, रंगों, रूपों और संकेतों के निशान का उपयोग किया जाता है। विद्यालय परिवार के प्रति जताया आभार एक खास बातचीत में एमएफ हुसैन अवार्डी सुनील कुमार ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, इसके पीछे डीपीएस बोकारो परिवार का महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय योगदान रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि विद्यालय ने उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का हर अवसर दिया है, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। विदित हो श्री मोदी ने वर्ष 1998 में डीपीएस बोकारो में अपनी सेवा शुरू की थी। कला में भी करियर की उज्ज्वल संभावनाएं कुमार ने बताया कि अब वह समय नहीं रहा कि केवल मेडिकल-इंजीनियरिंग आदि के क्षेत्र में ही बच्चे अपना करियर बना सकते हैं, कला के क्षेत्र में भी उज्जवल भविष्य की असीम संभावनाएं हैं। चित्रांकन भी आज एक प्रकार से अभियंत्रण बन चुका है, जिसके तहत एनआईएफटी, एनआईडी, यूसीईईडी, वास्तुकला आदि में अपना भविष्य संवारा जा सकता है। डीपीएस बोकारो के सैकड़ों विद्यार्थी उनके मार्गदर्शन में आज उक्त कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर खुशहाल जीवन जी रहे हैं। इतना ही नहीं, कला में पारंगत कई निर्धन विद्यार्थियों को वह व्यक्तिगत रूप से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनका भविष्य संवार चुके हैं। अपने शहर में कला के विकास को लेकर वह समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन कराते रहे हैं.

एनआइसी कक्ष में हुआ ईवीएम का फर्स्ट रेंडमाइजेशन

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधवा की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि रहें उपस्थित, मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड से भी वीडियो संवाद के माध्यम से जुड़े रहें तकनीशियन एवं पदाधिकारी

उज्जवल दुनिया

बोकारो : मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड के निर्धारित शेड्यूल अनुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में इस्तेमाल होने वाले ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशिन (ईवीएम) - वीवीपैट का एनआइसी कक्ष में बुधवार को फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। इस कार्य को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीपीआरओ मो. शफीक आलम, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष समेत विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। इस दौरान वीडियो संवाद के माध्यम से मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड से जुड़े तकनीशियन/पदाधिकारी आदि भी जुड़े रहे। आयोग द्वारा निर्धारित निदेर्शों के अनुरूप जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत इस्तेमाल होने वाले ईवीएम (कंट्रोल यूनिट,बैलेट यूनिट) एवं वीवीपैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 1581 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन के लिए 2,037 वीवीपैट, 4138 बैलेट यूनिट एवं 1798 कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया। उक्त आंकड़ें में सुरक्षित ईवीएम का भी आकड़ा शामिल है। रेंडमाइजेशन के बाद उपस्थित राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के बीच ईवीएम की सूची समर्पित की गई। मौके पर झामुमो से जय नारायण महतो, भाजपा से संजय त्यागी, कांग्रेस से आफताब आलम, नेशनल पीपुल्स पार्टी से मानिकचंद महतो, राजद से श्री घनश्याम चौधरी आदि उपस्थित थे.

बोकारो सिटी थाना में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

- मौके से 3,600 केजी जावा महुआ एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त, टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थे। जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

चिरकुंडा के डुमरकुंडा मे मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

- निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदिश रवानी मौजुद थे

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। चिरकुंडा के डुमरकुंडा स्थित एक निजी विवाह भवन मे बुधवार को मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।बैठक मे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदिश रवानी मौजुद थे।बैठक मे कहा गया कि जहां वर्तमान सरकार के नितियों से देश की सरकारी संपतियो पर खतरा मंडरा रहा है इसकी लड़ाई को लेकर मासस मैदान में उतरी है। मौके पर पुर्व विधायक अरुप चटर्जी ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मासस सभी समाज ,वर्ग,जाती व धर्म से जुड़कर कार्य करने वाली पार्टी है। एके राय के बाद सांसद की कार्यकलाप से धनबाद सबसे पीछे नजर आ रही है कोल ,सेल, डीवीसी आदि सभी निजीकरण के तरफ जा रहे हैं।

जो यहां के मजदुर नेता थे वे कभी नहीं विरोध किया गया डीवीसी को अडानी के हाथों बेचने की साज़िश की जा रही थी पर इसको एक्ट के माध्यम से रोका गया दुकानदारों व डीवीसी के क्वार्टरों को तोड़ा गया नोटिस जारी कर भय बनाया जा रहा पर कभी भी यहां के सांसद इस विषय को नही उठाये। भाषण के चंगुल में फंस कर मतदान न करें लोगों के स्तर को उठाने के लिए कार्य करना चाहिए बेरोजगारी की स्थिती चरम सीमा पार चुकी है नये उद्योग धंधे लगाने की आवश्यकता है। लोकसभा प्रत्याशी जगदिश रवानी ने कहा कि पुरा देश जिस विचारधारा के चंगुल में फंसा है उससे निकलकर मार्क्सवादी विचारधारा ही देश में व्याप्त तीन समस्याओं से त्रस्त बेरोजगारी,मंहगायी,व शिक्षा आदि उद्योग धंधे सभी धनबाद जिला में बंद एवं ठप पड़े हैं नौकरी के अभाव पांच साल में हजार करोड़ का उद्योगपतियों का लोन माफ किया गया है वह भी पुंजीपत्तियो के।

धनबाद सांसद विकास नहीं कर पाये है भविष्य के खतरे को भांपिये आगे चुनाव नहीं होने वाला है 40हजार स्कुलो को बंद किया गया है पुरे देश में । मौके पर संतु चटर्जी,संतोष मिश्रा,कल्याण राय,राजु अंसारी,मानिक लाल गोरायी,अभया राखा,अमरेश चक्रवर्ती,मोईज खान, नांटू गोस्वामी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

कांग्रेसियों ने निरसा,चिरकुंडा, पंचित एवं मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान

एग्यारकुंड। कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने निरसा क्षेत्र के चूड़ेलाल,पंचित क्षेत्र के लाईकडी तातिक कनाली मे,चिरकुंडा क्षेत्र सुंदर नगर मे एवं मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान। बता दे की इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए प्रचार मुहिम तेज करते हुए बुधवार को निरसा क्षेत्र के चूड़ेलाल, पंचित क्षेत्र के लाईकडी तातिक कनाली मे,चिरकुंडा क्षेत्र सुंदर नगर मे एवं मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान और सभा किया गया। वही झारखंड प्रदेश ईटक के संयुक्त महामंत्री वं राष्ट्रीय ईटक के सचिव श्यामल कु० सरकार ने कहा भाजपा झूठे वादे कर ग्रामीणों को लूटने का काम किया,आज तक भाजपा ने चूड़ेलाल मैं नही सड़क दिया,नही पानी दिया और नही बिजली दिया और भाजपाईयो ने कहता है कि मोदी की गारंटी है,तो चूड़ेलाल के ग्रामीणों से पूछो की कहां है मोदी की गारंटी। और सरकार जी ने कहा मोदी का कहना है इस बार चार सौ पार और हम कांग्रेसियों का कहना है इस बार मोदी सरकार तड़ीपार। वही कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट ने भी संबोधित किया।

राजाराम मोहन राय के योगदान विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया

डुमरीःपारसनाथ महाविद्यालय इसरि बाजार में गुरुवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से भारतीय समाज में राजाराम मोहन राय का योगदानह्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन

कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्रा,प्रो गौतम सिंह,

प्रो डॉ शशि भूषण,प्रो यशवंत सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय समाज में जो कुरीतियां थी उनके खिलाफ राजाराम मोहन राय ने

आंदोलन कर समाज को नई दिशा प्रदान किया साथ ही उस समय सती प्रथा जैसे कुरीति व्याप्त थी जिनके विरूद्ध उन्होंने पूरी मुखरता से आवाज उठायी।वहीं

प्रो गौतम कुमार सिंह ने कहा कि राजा राममोहन राय ऐसे समय में समाज को नई दिशा प्रदान किया जब समाज अंधविश्वास पर अधिक ही विश्वास करता था, राजा राममोहन राय ने समाज को जो नई राह दिखाई है वह समाज के लिए आज भी अनुकरणीय है जबकि

डॉ प्रो शशि भूषण ने राजा राममोहन राय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की जिस समय देश में अंग्रेजों का शासन था उस समय भारतीय समाज को तोड़ने का अंधविश्वास एक सही तरीका था जिसे रोकने के लिए राजा राममोहन राय ने काफी योगदान दिया।कार्यक्रम को प्रो रजनी कुमारी,प्रो इजरायल,प्रो उमा पांडेय छात्राएं इंदु कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,राधिका कुमारी,पायल कुमारी,प्रीति कुमारी,सुमन कुमारी,पूनम कुमारी,राखी कुमारी,सिमरन कुमारी,राहुल कुमार, राहुल यादव,सूरज कुमार,अरविंद कुमारी आदि ने भी

अपने अपने विचार रखे,संगोष्ठी का संचालन राजनीति विभाग के विभागा अध्यक्ष प्रो रीतलाल प्रसाद वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रो कुबेर प्रसाद ने किया।

सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव : बृज मोहन लाल दास

- डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन

उज्जवल दुनिया

बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने किया। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 1970 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से हुई।

पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण व जैव विविधता संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना है ।

हम लोग अपनी सुख सुविधा के लिए लगातार पर्यावरण का दोहन करते गए. इसका परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के रूप में हमारे सामने है। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा असर हमारी धरती पर पड़ रहा है । सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव है । अभी भी समय को बिना गंवाए पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त कर सकते है । उन्होंने कहा कि सुरक्षित पर्यावरण के लिए हमें पौधारोपण का संकल्प लेना होगा, ताकि धरती का बचाव हो सके।

विभिन्न तरह के हानिकारक कचरो को उपजाऊ मिट्टी में फेंक दिया जा रहा है । इसका नतीजा उपजाऊ जमीन भी बंजर होती जा रही है ।

सीधा असर उपजने वाले अनाजों पर पड़ रहा है । जमीन बंजर होगी तो अनाज की पैदावार कम होंगे । भविष्य में हमारे खानपान पर इसका असर पड़ेगा । पृथ्वी के लगातार दोहन का कारण ही भीषण गर्मी व पेयजल जैसी समस्याओं का सामना मानव जाति कर रहा है ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने पृथ्वी दिवस के बारे में इस वर्ष की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक को मनाने के उद्देश्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी । इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा चौथी तक के 400 बच्चों ने भाग लिया । पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए,ग्लोबल वार्मिंग जल संरक्षण , जीव संरक्षण विषयों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इसमें कविता वाचन नारा लेखन , भाषण एवम चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम समाप्ति के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया ` पौधारोपण से लाभ की जानकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को दी।

साथ ही अभिभावकों से भी पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की । मौके पर नागेद्र प्रसाद, बाल शेखर झा, प्रशांत कुमार, गौतम कुमार सिंह, कुमार समरेश, रूबी यादव, भावना घाले, ममता कुमारी, आभा सिंह, नीलम झा, अराधना, सोनिया, पूतुल मंडल, विद्या सागर, श्याम भूषण श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन देने का ऐलान किया: उमेश गोस्वामी

एग्यारकुंड। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन देने का ऐलान किया। बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारीयो का एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी के आवासीय कार्यालय निरसा मे संपन्न हुई । जिसमें लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए राष्ट्रीय गठबंधन के तहत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार को धनबाद जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समर्थन करेगी। आज से ही पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का उम्मीदवार ढुल्लू महतो को जीतने का काम करेगी।

सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडेय के नेतृत्व में हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का कार्यक्रम किया गया

टुंडी : टुंडी प्रखंड अंतर्गत राजाभीठा पंचायत के कमियाडीह हरि मंदिर प्रांगण में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडेय के नेतृत्व में हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का कार्यक्रम किया गया इसके पश्चात धनबाद गिरिडीह जिला के सीमावर्ती तट पर स्थित ताराटांड गांव में मारुति नंदन यज्ञ का शुभारंभ के अवसर पर यज्ञ में सम्मिलित भक्तों ने नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे जहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने सभी भक्तों को शरबत पिलाकर स्वागत किया। ताराटांड़ में पांच दिवसीय मारुति नंदन यज्ञ प्रारंभ हुई उसमें यज्ञ के भक्तों ने नगर भ्रमण किया और विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता ने सभी को शरबत पिला के स्वागत किया मौके पर दीपक दे, रमेश दे, मोहन दत्त, कार्तिक दे, लखन दे, मनोज दत्ता, सचिन, जिला सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडे आदि थे।

संजय तुरी अपने समर्थकों के साथ सभी प्रदेश पदाधिकारियों का धनबाद आने की खुशी में फूलों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया

टुंडी : झारखण्ड प्रदेश तुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री चन्दन तुरी, प्रदेश महासचिव सचिव श्री परशुराम तुरी, प्रदेश वरिष्ठ समाजसेवी सह जॉन प्रभारी श्री नेतलाल मिर्धा, जॉन प्रभारी सह प्रदेश वरिष्ठ समाजसेवी पंचानन मिर्धा, प्रदेश चुनाव प्रभारी सह गोड्डा जिला प्रभारी किशोर मिर्धा, धनबाद जिला कार्यसमिति सदस्य संजय तुरी अपने समर्थकों के साथ सभी प्रदेश पदाधिकारियों को धनबाद आने के खुशी में फूलों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया, इसके बाद स्टील गेट स्थित पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मिर्धा के पुत्री के शादी में आशीर्वाद देने सभी पदाधिकारी पहुंचे ओर उनकी पुत्री से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर आशीर्वाद दिए ओर सुखमय जीवन की मंगल कामना की इस अवसर पर परिवार जनों से मुलाकात कर उनके हर सुख दुख में साथी होने का भरोसा दिलाया।

रैली कर मतदाता को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा किया गया जागरूक

एग्यारकुंड। लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बुधवार को वार्ड संख्या 18 में रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । रैली के माध्यम से विभाग के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता नए वोटरों को बतलाया कि नए वोटरों को जोड़ने के लिए फार्म 6 को भरनी है।अपना मतदान कैसे करे इसके लिए डेमो कर दिखलाया गया। वोट देना क्यों जरूरी है इसके लिए मतदाताओं को समझाया गया उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया । मौके पर निवर्तमान पार्षद सुनिता देवी, सुपरवाइजर अमर दास,अनिल साव,चिनमय बनर्जी,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,भुवन राखा,राजेश बाउरी आदि थे ।

संत निरंकारी भवन में निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

उज्जवल दुनिया

बोकारो : सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज कि कृपा से मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन सोलागीडीह चास के संत निरंकारी भवन में निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 75 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने किया एवं कहा कि रक्तदान करने से रक्तदाता में स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता और बदले में किसी जरूरतमंद को जीवन दान मिलता है। इसलिए रक्तदान महादान है। इस अवसर पर सत्संग के प्रभारी महात्मा कमलेश चंद्र दासयो ने कहा कि सतगुरु माता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत महात्मा सद्गुरु के वचन की रक्त नालियों में नहीं नाड़ीयों में बहाना चाहिए को सार्थक कर पा रहे हैं । मानव कल्याण हेतु आज भारत के कोने कोने में न केवल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है बल्कि पौधारोपण सफाई अभियान, अचानक आने वाली विपदाओं जैसे भूकंप बाढ़ आदि के अवसर पर भी जरूरतमंद की मंडल द्वारा भरपूर सहायता की जाती रही है। ब्रांच के संचालक अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे सेवा दल स्वयंसेवक गुरु के हुकुम से दिन-रात मानवता के कल्याणकारी कार्य में सेवा देते आ रहे हैं और आज भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर उन्होंने हिस्सा लिया एवं विधि व्यवस्था को संभालने में अहम भूमिका निभाई। रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर मोहंती एवं उनके टीम के सदस्यों ने इस शिविर में अपना योगदान किया। इस अवसर पर सत्संग का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य स्टेज से बी सी महतो ने अपने विचारों में सद्गुरु का धन्यवाद देते हुए कहा कि निरंकारी भक्त सिर्फ गुरु की आज्ञा का पालन कर समाज कल्याण का काम करता है। बाबा हरदेव महाराज द्वारा 1986 से आरंभ हुई परोपकार का यह अभियान चरमोत्कर्ष पर है और लगभग 14 लाख यूनिट रक्त मानव की भलाई हेतु दिया जा चुका है और आगे भी किया जा रहा है ।

युग प्रवर्तक बाबा गुरुवचन सिंह जी ने अपने जीवन को मानवता के कल्याण के लिए लगा दिया। उन्होंने ब्रह्म ज्ञान की दिव्य द्वारा मानव को मानव से जोड़कर प्रेम और मिठास की सदा बहने वाली निर्मल धारा प्रवाहित कर हर हृदय में अपना स्थान बनाया प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप से एक व्यवहारिक दिशा प्रदान किया।

वर्तमान में सद्गुरु माता सुदीक्षाजी महाराज के आदेश अनुसार भारत के कोने-कोने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय संचालक दुखन नायक, मुखी रासो देवी, रमेश तिवारी, प्रेम तुलसी, रामचंद्र, शिक्षक पंचू जी, महादेव, दीनदयाल, संचालिका इंद्राणी,फूल कुमारी उपस्थित थे.

बीडीओ ने लिया मध्य विद्यालय की भौतिक स्थिति का जायजा

हिरणपुर(पाकुड़): लिट्टीपाड़ा बीडीओ श्रीमान मरांडी ने बुधवार को हिरणपुर बाजार स्थित मध्य विद्यालय की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी लिट्टीपाड़ा रंजन कुमार भी उपस्थित थे। आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा जवानों को इस विद्यालय में रखने के लिए तैयारी की जा रही है। इसको लेकर बीडीओ ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुप्रिया से आवश्यक जानकारी लिया। वही विद्यालय के सभी कमरों का अनुश्रवण भी किया गया। जहाँ विद्यालय में भवनों की स्थिति, पेयजल, बिजली आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्रधानाध्यापक को दिशा निर्देश भी दिया। इसके साथ ही मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया।

एकनजर

टैक्सी ने मारी एमटी बाईक को टक्कर, बाईक चालक का टुटा पैर

तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गिरिडीह मुख्य पथ पर थम्भाचक के समीप बुधवार की सुबह एक एक टैक्सी और एमटी बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाईक चालक 55 वर्षीय सुरेश गुप्ता बुरी तरह घायल हो गए।दुर्घटना के बाद स्वजन घायल व्यक्ति को इलाज के लिए धनबाद ले गए। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि घायल खिजुरी निवासी सुरेश गुप्ता एमटी बाईक से शादी कार्यक्रम में भाग लेकर अपने बहन के ससुराल से अपने घर खिजुरी लौट रहे थे। इसी क्रम में थम्भाचक के पास सामने से आ रही कोलकाता मॉडल की टैक्सी ने सामने से टक्कर मार दिया।जिससे एमटी बाइक चालक सुरेश गुप्ता बुरी तरह घायल हो गया साथ ही बाइक भी झतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सुरेश गुप्ता के दोनों पैर टूट जाने की बात बताई जा रही है।
घायल सुरेश गुप्ता को उनके पुत्र संदीप कुमार और स्वजन बेहतर इलाज हेतु धनबाद ले गए।इधर घटना की सुचना पर तिसरी पुलिस घटना स्थल पहुंच और टैक्सी व चालक को हिरासत में लेकर थाना ले गई।

बीडीओ, सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत प्रखंड के अन्य ने किया रक्तदान

- प्रखंड कार्यालय, पीरटाड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन

गिरिडीह । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार प्रखंड कार्यालय, पीरटाड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के कर्मियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत प्रखंड के अन्य अधिकारियों/कर्मियों द्वारा रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा रक्तदान करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देते हुए भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 32 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी से रक्तदान करने के अपील की गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

कोचिंग के लिए घर से निकली 10वीं की छात्रा का दो दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिली

बेंगाबाद । बेंगाबाद प्रखंड के ताराजोरी पंचायत के 10वीं कक्षा की छात्रा कोचिंग के लिए घर से निकली दो दिनों बाद भी उसकी कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले में चिंतित परिजनों ने बेंगाबाद थाना में बुधवार को आवेदन देकर खोज निकालने का गुहार लगाया है।
बताया जाता है कि छात्रा दसवीं कक्षा में पढ़ रही है। वह अपने घर से सहेलियों के साथ प्रतिदिन साढ़े तीन बजे ट्यूशन पढ़ने बेंगाबाद जाती थी। मंगलवार को ट्यूशन जाने की बात कह कर घर से निकली थी। काफी देर बाद भी छात्रा घर वापस नहीं लौटी। परिजन उसकी खोजबीन करने लगे परंतु छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने कहा कि छात्रा की खोजबीन जारी है, लेकिन कहीं उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। इस बात से चिंतित परिजन थाना को आवेदन देकर पुलिस को मामले से अवगत कराया है।
पुलिस अधीक्षक ने अति नक्सल प्रभावित इलाकों के बूथों का किया निरीक्षण, तैयारी को लेकर किया जायजा

क्लस्टर/बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां तथा जरूरी सुविधाएं जैसे पेयजल, बिजली, साफ-सफाई समेत अन्य को ठीक करने दिया गया निर्देश

गिरिडीह ।लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के पोलिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी व नक्सल प्रभावित इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा के द्वारा लगातार अति नक्सल प्रभावित इलाके में बूथों का निरीक्षण किया। बुधवार को गिरिडीह पुलिस अधीक्षक बुधवार को पुलिस अधीक्षक गिरिडीह, अनुमंडल पुलिस उपाधिक्षक डुमरी एवं थाना प्रभारी पीरटाड़ एवं अन्य पुलिस बल पीरटांड प्रखंड इलाके के संवेदनशील बूथों और क्लस्टर अंगैया,बिसनपुर ,खेतड़ाबार,पीरटांड और मांसोटांड उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्लस्टर/बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां तथा जरूरी सुविधाएं जैसे पेयजल, बिजली, साफ-सफाई समेत अन्य तमाम व्यवस्थाओं का जायजा वा जानकारी लेकर इसे ठीक करने हेतू थाना प्रभारी को संबंधित पदाधिकारी से समन्वय बनाते हुए ठीक करने हेतु निर्देश दिया गया। तथा इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने वहां के स्कूल के बच्चों से मिलकर बच्चो के बीच टॉफी, बिस्कुट बांटे और बच्चों से पढ़ाई के सम्बंध में बातचीत की तथा स्थानीय लोगों को निर्भीक होकर मतदान करनें की अपील किया है।

धनबाद में कांग्रेस की होगी प्रचंड जीत : सीता राणा

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत के लिए धनबाद के केंदुआ कठगोला, पुटकी बारह नंबर मुनिडीह क्षेत्र में जनसंपर्क चलाया।
सीता राणा ने मौके पर कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी। मोदी के झूठे गारंटी पर जनता को अब भरोसा नहीं रहा है। धनबाद में जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस के विचारधारा और आदरणीय राहुल गांधी जी पर भरोसा जता रही है।
जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने लोगों से अपील किया कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के जन कल्याणकारी योजना पर भरोसा कीजिए और कांग्रेस के पक्ष में मतदान कीजिए।मौके पर जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुनिया देवी, सावित्री देवी, राजो देवी, निशा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी, गंगा देवी, अंगिता देवी, निषा देवी, रिंकू देवी, चेकनी देवी, गुड़िया देवी, रमणी देवी आदि शामिल थी।

उपायुक्त की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त ऐएमएफ सेल के कार्यों की हुई समीक्षा

प्रतिनियुक्त पदाधिकारी जिम्मेवारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें:उपायुक्त

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए अटऋ सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं (अटऋ), मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली गई। तथा उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निदेर्शों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा गया कि सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।
इस दौरान उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में आगामी 27 अप्रैल 2024 को विशेष लोक अदालत होगी आयोजित

- शनिवार को सुबह 7:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक विद्युत अधिनियम एवं चेक बाउन्स के मामले होंगे निष्पादित

उज्जवल दुनिया

झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के सचिव महोदया के द्वारा व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में आगामी 27 अप्रैल 2024 (शनिवार) समयः 7:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक होने वाले विशेष लोक अदालत को लेकर जानकारी दी गयी।
जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के सचिव सोनम विशनोई ने कहा कि झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष गिरिडीह के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय गिरिडीह विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार सुबह 7:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक किया जाना है। जिसमें विद्युत अधिनियम और चेक बाउन्स के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। विद्युत अधिनियम से संबंधित मामले, एन. आई. एक्ट (चेक बाउन्स) से संबंधित मामले उपरोक्त वादों से संबंधित मामलों को दिनांक 15.04.2024 से संबंधित न्यायालय/विभाग से सम्पर्क कर विशेष लोक अदालत में निष्पादित करायें एवं इस सुअवसर का लाभ उठायें जा रही हैं।

बिजली विभाग की लापरवाही से जनजीवन अस्त वयस्त

उज्जवल दुनिया

हिरणपुर(पाकुड़):एक और प्रचंड गर्मी जनजीवन अस्त-व्यस्त है,तो वही विद्युत विभाग गर्मी के दस्तक देते ही लापरवाह साबित हो रही है। मामला सुंदरपुर स्थित बजरंग मंदिर के समीप लगी ट्रांसफार्मर बीते मंगलवार से शॉर्ट सर्किट होने के कारण ठप्प पड़ा हुआ है। आलम है यह है कि उक्त ट्रांसफार्मर से सेकडो उपभोक्ता है फिर भी इनका सुधि लेने वाला विभाग में कोई नहीं है। आश्चर्य इस बात का है कि इस विकट परिस्थिति में भी विद्युत विभाग के जेई संपर्क करने प्रयास करने के बावजूद अक्सर उनका मोबाइल बैस्त ही आता है, उक्त संबंध में ग्रामीण सुभाष रक्षित, उत्तम सेन, उज्जवल सेन, कालू दे, विनोद गुप्ता, आदि ने अपने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि हर वर्ष गर्मी प्रारंभ होते ही हेलो बिजली की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

रक्तदान एवं मतदान दोनों कार्य महान : स्वीप नोडल

- सदर अस्पताल में आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन
- सभी ने रक्तदान कर निष्पक्ष मतदान करने का दिया संदेश, आगामी 25 मई को वोट करने का सभी ने किया अपील

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जीवन में 18 वर्ष की आयु के बाद दो कार्य महान हैं। एक रक्त दान तो दूसरा मतदान। एक जीवन को बचाता है तो दूसरा लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। यह बातें स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कहीं। वह बुधवार को मतदाता जागरूकता को लेकर आइएमए एवं निजि नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहें थे। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने अपने रक्तसमूह की जांच करवाई और रक्तदान के लिए अपना प्रपत्र दाखिल किया। रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए स्वीप नोडल ने आह्वान किया कि हम सभी को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए जिससे की रक्त कोष में रक्त का अभाव न रहें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के वोटर कार्ड बन चुके है वह अपने मत का इस्तेमाल आगामी 25 मई के दिन अवश्य करें और अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर सभी ने रक्तदान करके निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संदेश दिया। मौके पर कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिल जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि वैसे युवक/युवती व आमजन जिनका किसी कारण से अभी भी मतदाता सूची में नाम नहीं है,वह अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आगामी 26 अप्रैल 2024 तक दर्ज करा सकते हैं। आम जन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आम जन को उन्हें अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा या इंटरनेट ब्राउजर पर #श्रढ ढडफ्ळअछ (वोटर सर्विस पोर्टल) ॅ३३स्र२://५ङ्ग३ी१२. ॅङ्ग५.ल्ल पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई करनी होगी। मौके पर उपस्थित कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, प्रकाश रंजन, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य चिकित्सकगण/कर्मीगण आदि उपस्थित थे.

बीडीओ ने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से पी डी एस डीलरों एवं बी एल ओ के साथ किया बैठक

- छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं गलतियों को सुधारने के प्रयास करनें का निर्देश

गावां। गांवा प्रखंड कार्यालय सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से पी डी एस डीलरों एवं बी एल ओ के साथ बैठक की गई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गांवा बीडीओ महेंद्र रविदास एवं अंचल अधिकारी अविनाश रंजन उपस्थित थे ।बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को आदेश दिया कि छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अधिक से अधिक प्रयास करें ,एवं गलतियों को सुधारने का भी प्रयास करें ।जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग आने लोकसभा चुनाव में कर सके। एवं सभी डीलरो एवम बी एल ओ को मतदाता के प्रति स्वीप के माध्यम से जागरूक किया गया ।मौके पर उपस्थित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर आरती कुमारी गांवा बी आर सी बी पी ओ गंगाधर पांडे ,प्रखंड बी पी ओ भीखदेव पासवान, विनोद पांडे ,अजय साव ,आनंदी हवाई ,बृज किशोर साव ,एवं सैकड़ो की संख्या में सभी कर्मी उपस्थित रहे।

बेटी के होने वाले ससुराल से लौट रहा पिता सड़क दुर्घटना में घायल, रेफर

तिसरी थाना क्षेत्र के पेसराटांड़ में बाईक के असंतुलित होने से बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।
घायल बाईक चालक नंदलाल यादव देवरी थाना क्षेत्र के चोलीडीह का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नंदलाल यादव अपनी पुत्री के ससुराल तिसरी आया था, वापसी के क्रम में पेसराटांड़ में बाईक असंतुलित होने से सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल में जा टकराया, जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे 108 एंबुलेंस से देवरी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता हुई आयोजित

उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया

श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती द्वारा जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती द्वारा गोल्ड फिटनेस जिम मे जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के अलग अलग जिम से 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
इस कार्यक्रम की सुरवात भगवान बजरंगबली को पुष्प अर्पित कर किया गया फिर क्रीड़ा भारती गीत खेल खिलाड़ी खेल सभी ने सामूहिक रूप में गया।
क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे ने बताया कि इस अवसर पर क्रीडा भारती गिरिडीह द्वारा कुछ ना कुछ प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है इसके नियमित ही आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश ही भारत के सभी नागरिक को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है। अंडर 60 किलोग्राम में प्रथम सुजल कुमार, सेकंड अमित चंद्रवंशी, सत्यम सिंह,और ओवर 60 किलोग्राम में प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय अभय गुप्ता और तृतीय ज्ञानेन्द्र कुमार रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर आनंद, आकाश कुमार स्वर्णकार, शशिकांत विश्वकर्मा,और गोल्ड फिटनेस जिम का निदेशक सुजीत बर्मन का अहम योगदान रहा।

बीडीओ के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ संथाली भाषा में चलाया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

- स्थानीय ग्रामीणों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह ।लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां संथाली भाषा में स्थानीय ग्रामीणों को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। इसके अलावा बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

सूचना का अधिकार के प्रति घोर लापरवाही की शिकायत धनबाद उपायुक्त से

- -पत्र जारी करने में लापरवाही का साक्षात उदाहरण पेश किया आरटीआई कार्यकर्ता ने

उज्जवल दुनिया

धनबाद : जल, जंगल और जमीन की लड़ाई मूलभूत लड़ाई होती है. आरटीआई कार्यकर्ता रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यालय में पदस्थापित सूचना अधिकार प्रथम अपील पदाधिकारी द्वारा पत्राचार मे घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

क्या है मामला

आरटीआई कार्यकर्ता रणजीत सिंह बबलू सिंह का कहना है की धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यालय में पदस्थापित सूचना अधिनियम एवं एपी लिए पदाधिकारी द्वारा पत्राचार में घोर लापरवाही की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री सिंह का कहना है की धनबाद के सांसद पीएम सिंह द्वारा एक पत्र उपयुक्त कार्यालय को दिया गया था पत्र में बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा 12:30 हजार हरे हरे पेड़ों की अवैध कटाई सहित पांच प्रश्न किया गया था कि उसे पर क्या कार्रवाई की गई है परंतु जन सूचना अधिकार के द्वारा जवाब नहीं देने के उपरांत प्रथम अपील की गई. अपील के लिए पदाधिकारी के पहले 6 फरवरी को एक पत्र जारी किया गया जो नहीं भेजा गया बाद में 16 फरवरी को 24 की अपील पर सुनवाई की तारीख निश्चित किया है और 16 फरवरी को ही ऑर्डर भी पास कर दिया. श्री सिंह ने पत्र में कहा कि मुझे उसे वक्त आश्चर्य हुआ जब दिनांक 19 अप्रैल 24 को अपर समाहर्ता धनबाद के कार्यालय द्वारा मुझे इससे संबंधित दोनों पत्र प्राप्त हुए जिसमें मुझे 16 फरवरी को हाजिर होना था उक्त दोनों पत्र एक ही दिन 18 अप्रैल को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के कार्यालय राजस्व शाखा द्वारा डाक के माध्यम से मुझे प्रेषित की गई थी। उक्त पत्र में एक पत्र मुझे दिनांक 16 फरवरी को प्रथम अपील बाद में सुनवाई में उपस्थित होने के लिए था।
दूसरा पत्र उक्त दिनांक 16 फरवरी को तारीख अंतिम निर्णय से संबंधित था गुप्त दोनों पत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व दिनांक 6 फरवरी को भी सुनवाई किया गया था परंतु उसकी जानकारी मुझे नहीं दी गई, यह घोर लापरवाही है जी अपील की सुनवाई में मुझे 16 फरवरी को हाजिर होना था लेकिन श्री सिंह को इससे संबंधित पत्र लगभग दो माह बाद प्राप्त हुआ है।

गेंहूँ के खेतों में लगी आग लाखों का फसल जलकर हुआ खाक

साहिबगंजः बुधवार को करीब ग्यारह बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डिहारी पेट्रोल पंप से दक्षिण की ओर सिमरतल्ला झील के पास अचानक गेहूं खेत के फसल में आग लग गई जहां देखते ही देखते चार लोगों के गेंहू के खेत में लगा हुआ सारा फसल जलकर बर्बाद हो गया। उधर आग लगने की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मुफस्सिल थाना को दिया गया जिसके बाद थाना प्रभारी शशि सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते दिखे। वही पीड़ित किसान उमेश यादव ने बताया कि गेंहू खेत में आग कैसे लगी किसी को कुछ मालूम नहीं है। वही पास में काम कर रहे कुछ मजदूर हल्ला करते दिखे जिसके बाद सभी किसान वहां पर पहुंचे तो देखा कि तीन बीघा में लगे गेहूं का फसल में आग लगी हुई है। वही देखते ही देखते यह आग की लपेटे बगल के विनय यादव, प्रिंस यादव एवं कुंदन यादव के गेंहू के लगभग छः बीघा खेतों में लगी आग से तीनों का फसल जलकर खाक हो गया। उधर आगलगी की इस घटना में सभी लोगों मे अफरा तफरी का माहौल सा बन गया जिसके बाद अग्निशामक की गाड़ी पहुंची। वही इस आग की घटना से सभी गरीब मजदूर किसानों का लाखों रुपए की क्षति हुई है।

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली और संवाद कार्यक्रम का आयोजन

उधवाः प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा विशाल पांडे के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड कार्यालय से सिद्धो कान्हू चौक होते हुए उच्च विद्यालय उधवा तक सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, जेएसएलपीएस की दीदी, जल सहिया, बीएलओ, विद्यार्थी और आमजन ने इस रैली में भाग लिया। इस दौरान बीडीओ विशाल पांडे ने सभी से अनुरोध किया की सभी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व मतदान देकर निभाए। वही आगामी 1 जून को मतदान की तिथि है जहां सभी अपने स्वयं और अपने आसपास के लोग को भी मतदान देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान निर्वाचन नोडल बीपीओ गगन बापू, स्वीप नोडल मो. सोहर वर्दी, प्रधान सहायक अरुण गुप्ता, सुमित कुमार, बाबूधन हेंब्रम, मनीष यादव, शिवराम मुर्मू, मोनिका मुर्मू, सत्यनारायण रजवार, मो. शाहजहां अंसारी, रमीज राजा, देवाशीष साहा, हीरा साह सहित अन्य उपस्थित थे।

बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संवादाता बरहेटः बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने बुधवार को पंचकठिया संथाली में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं जनसंपर्क अभियान में गांव के आदिवासी के अलावा सभी जाति के लोग शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों को लोबिन हेंब्रम ने संबोधित करते हुए कहा कि राजमहल में वर्तमान सांसद से लोग नाखुश हैं इस क्षेत्र में आज भी विकास से वंचित है इसलिए राजमहल लोकसभा को संवारने के लिए लोगों का आशीर्वाद लगातार क्षेत्र में मिल रहा है। वहीं चुनाव में जनता ही उनका पूर्ण रूप से साक्षी बना है जिस क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित होता है वहां के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रही है। अगर इस बार के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जनता की आशीर्वाद से राजमहल लोकसभा से चुनाव जीतेंगे तो विकास की बयार बहा देंगे। इस मौके पर कमल किशोर भगत, किसन दे, बड़का मुर्मू, मुंशी हेंब्रम, रमेश दत्ता, विजय दे सहित अन्य मौजूद थे।

रेलवे पुल संख्या 256 में फिर से प्रारंभ हुआ अवैध परिवहन का सिलसिला

कोटालपोखरः- बरहरवा अंचल अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के विजयपुर रेल पुल संख्या 256 का कहानी एक बार फिर से प्रारंभ हो गई। आपको बताते चले कि इस विजयपुर चेकनाका में एक भी गाड़ी नहीं चलता है। वही चेकनाका कर्मचारी दिनभर बैठने पर एक भी गाड़ी चेकनाका तक नहीं पहुंचता है। उधर चेकनाका से 100 मीटर पीछे आम के बागान द्वारा होते हुए प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर की टोलियां बिना माइनिंग चालान के रेल पुल संख्या 256 रेलवे ब्रिज होते हुए बंगाल जाती है जहां पत्थर माफिया की तो चांदी ही चांदी है। वही प्रत्येक दिन सैकड़ो टोलियां पार करने पर हजारों के कमाई की जाती है। उधर रात के अंधेरे से दिन के उजाले तक इस कार्य को सरेआम अंजाम दिया जाता है। वही पत्थर माफिया द्वारा रेलवे ब्रिज पास करने के लिए प्रत्येक टोली से 150 रुपया का चार्ज लिया जाता है, जबकि रेलवे प्रशासन द्वारा इस पुल के नीचे भारी वाहनों की आवागमन पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया है फिर भी पत्थर माफिया निडर होकर खुलेआम रेलवे कानून की धज्जियां उड़ाते हुए दिख रहे हैं।

हेमलाल मुर्मू बनाए गए जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता

बोरियोः पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर जिला झामुमो कमिटी के कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जहां इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को देने के लिए हेमलाल मुर्मू ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन सहित केन्द्रीय समिति के सद्स्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उधर श्री मुर्मू को जेएमएम पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता बनाए जाने से पूरे संथाल परगना में पार्टी मजबूत हुई। उधर झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा बोरियो प्रखण्ड कमिटी के द्वारा पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू को जेएमएम कार्यकताओं ने देर सारी बधाई दी है। जहां बधाई देने वालो में केंद्रीय सदस्य स्टीफन मुर्मू, बोरियो प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी, सचिव गफ्फार अंसारी, उपाध्यक्ष बाबूलाल हेम्ब्रम सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

चपगांव के लोग सड़क निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर आंदोलन करने के मूड में

बोरियोः प्रखंड क्षेत्र के बीचपुरा पंचायत के चपगांव के ग्रामीणों ने गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जहां ग्राम प्रधान प्रकाश दर्वे व वार्ड सदस्य सोनी देवी के अगुवाई में यह प्रदर्शन किया। उधर इसको लेकर वार्ड सदस्य सोनी देवी ने बताया की गांव तक आने के लिए सड़क की मांग कई दशक से की जा रही है। जहां बीते साल 2022 से लिखित तौर पर जिले के तत्कालीन उपायुक्त को आवेदन भी दिया गया है। उधर उपायुक्त के निर्देश के आलोक में बीडीओ ने गांव में ग्राम सभा कराई लेकिन अब तक कोई पहल नही हुआ। इस बार चुनाव में वही प्रत्याशी को वोट करेंगे जो उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। वही ग्राम प्रधान प्रकाश दर्वे ने कहा की गांव में 70 घर है। वही इस गांव में करीब 300 वोटर है वही कई नए वोटर का नाम अब तक नए मतदाता सूची में नही चढ़ा है। उधर गांव में सड़क के अभाव में कई लोग पलायन कर चुके है जिसको लेकर आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर सुध नही लिया है। जहां सभी लोग वोट बैंक की राजनीति में व्यस्त है। वही इस लोकसभा चुनाव में वैसे प्रत्याशी का चयन करेंगे जो हमारे सड़क निर्माण कराएगा।

समता पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ेगी पूर्व जिला परिषद सदस्य लिली हांसदा

बरहेटः जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र से पूर्व जिला परिषद सदस्य लिली हांसदा को समता पार्टी से राजमहल लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया गया है। इसकी घोषणा समता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नूर हसन ने की है। वही लिली हांसदा पूर्व जिला परिषद रह चुकी है इसके साथ ही 2019 में विधानसभा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ी है लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाई थी। वही लिली हांसदा ने समता पार्टी का बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें राजमहल लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर प्रत्याशी बनाया गया है। आगे उन्होंने कहा कि राजमहल लोकसभा में आज भी लोग विकास से क्षेत्र वंचित रह गया है। जहां सुदरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पुल नहीं होने के कारण लोग आज भी पगडंडियों के सहारे आवागमन करते हैं। वही जनता की समस्याओं को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा जहां लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को निदान के लिए वोट मांगा जाएगा।

महादेवगंज : गंगा पुल निर्माण कार्यस्थल पर सुरक्षा में बड़ी चूक

एक मजदूर की मौत, गंभीर रूप से घायल मजदूर मालदा रेफर

● शत्रुघन मंडल, लालजी यादव समेत पांच लोग सुबह करीब 6 बजे पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहे थे। इस दौरान ग्राइंडर मशीन अचानक हाथ से छूट गया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के गंगा पुल निर्माण कार्यस्थल पर बुधवार की सुबह एक बार फिर से सुरक्षा में बड़ी चूक होने से घटनास्थल पर ही बड़ी कोदरजन्ना पूरब टोला निवासी मजदूर शत्रुध्न मंडल 25 वर्ष पिता हरदेव मंडल की मौत हो गई। जबकि एक अन्य मजदूर महादेवगंज निवासी लाल जी यादव पिता अमरनाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर दो अन्य मजदूर इस हादसे को देखकर बेहोश हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल मजदूर लालजी यादव 22 वर्ष को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर मालदा रेफर कर दिया गया। वहीं बेहोश हुए दो मजदूरों में रामकिशोर यादव के पुत्र मुकेश यादव व राम खेलावन यादव के पुत्र बीरू यादव 22 वर्ष का इलाज सदर अस्पताल में ही किया गया जहां लालजी यादव को हायर सेंटर रेफर करने के दौरान उनके परिजन भी लाल जी यादव को बेहतर इलाज के लिए उसे अपने साथ मालदा लेकर चले गए। उधर घटना के संबंध में बताया जाता है कि शत्रुघन मंडल, लालजी यादव समेत पांच लोग सुबह करीब 6 बजे पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहे थे। इस दौरान ग्राइंडर मशीन अचानक हाथ से छूट गया इससे पिलर पर काम कर रहे मजदूर शत्रुघन मंडल और लालजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दो मजदूर हादसे को देखकर बेहोश हो गए। जहां घटना घटित होने के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों ने सहायता के लिए कंपनी के कर्मियों के बीच कई बार आवाज लगाई मगर उन्हें देखने के लिए कोई भी नही आया। उधर बेहोश हुए मजदूरों में से मुकेश यादव व वीरू यादव ने फौरन दौड़कर कंपनी के एंबुलेंस ड्राइवर के कमरे में जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी जिसके बाद सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने शत्रुघन मंडल को मृत घोषित कर दिया. वहीं लालजी यादव का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर मालदा रेफर कर दिया। वहीं अन्य दो मजदूरों में से एक मूर्छित हुए मजदूर मुकेश यादव का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।

10 दिन पहले ही कंपनी में बहाल हुआ था मृतक शत्रुध्न मंडल, परिजन चंडीगढ़ में रहकर करते मजदूरी

उधर गंगा पुल निर्माण कार्यस्थल पर जान गंवाने वाले मजदूर शत्रुध्न मंडल पिछले दस दिन पहले ही कंपनी में बहाल हुआ था। जहां मृतक के माता पिता व अन्य भाई अन्य प्रदेश चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी किया करते हैं। यहां मृतक बड़ी कोदरजन्ना पूरब टोला स्थित घर पर अकेले रहा करता था और डीबीएल कंपनी में काम किया करता था। उधर घटना की जानकारी मृतक के चचेरे भाई मिथिलेश कुमार जो बिजली विभाग के ग्रीड में कार्य करते हैं उसे दिया गया। जहां वो सदर अस्पताल पहुंचकर अपने अन्य परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। वही बातचीत के क्रम में उसने बताया कि उनका भाई शत्रुघन ठेकेदार के अंडर में काम किया करता था। वहीं लालजी यादव के चाचा अमरनाथ यादव ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से उनका भतीजा व अन्य वहां काम कर रहे हैं। वही उन्होंने आरोप लगाया कि डीबीएल कंपनी प्रबंधक के ठेकेदार ने मजदूरों की सुरक्षा के लिए साइट पर कोई इंतजाम नहीं किया है। जहां मजदूरों से दबाब में काम कराया जाता है। इधर डीबीएल कंपनी के मैनेजर भानू प्रताप सिंह को घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर अस्पताल पहुंचकर मजदूरों का हाल चाल जाना। उधर मुफस्सिल थाना के एएसआई उमाकांत ओझा व जिरवाबाड़ी थाना के एसआई लव कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। उधर इस बड़ी घटना के बाद से मृतक के रिश्तेदारों के ऊपर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है जहां सभी लोगों का रो रोकर बुरा हाल था।

महिला सहित चार लोगों पर हुआ एसिड अटैक, एक गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग में युवक ने महिला व उसके अन्य सदस्यों के ऊपर किया एसिड से हमला: एसपी

अमित कुमार साहा

राजमहल संवाददाताः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि बुधवार को प्रातः करीब 4 बजे यह सूचना प्राप्त हुई की राजमहल अनुमंडल अस्पताल के गेट के बगल में स्थित हसीना होटल के घर पर चार व्यक्तियों पर एसिड से हमला किया गया है जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। उधर एसिड से हुए हमले के बाद एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने अनुमंडल अस्पताल, राजमहल पहुँचकर पीडित आलम शेख का फर्द बयान लिया गया। जहां फर्द बयान के आधार पर राजमहल थाना काण्ड संख्या- 50/24 के अन्तर्गत तीन नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध केस दर्ज किया गया। उधर फर्द बयान में आए तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जहां पूछताछ के दौरान मनीष कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पिता रविन्द्र कुमार साकिन बाराकेशव थाना नवाबगंज जिला फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश के द्वारा इस काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया है। जहां उनके बायें हाथ में भी एसिड से हुआ जख्म पाया गया है। उधर मनीष के द्वारा, जिस स्थान से एसिड़ का बोतल लाया गया था वहाँ पर अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वही फोरेंसिक टीम के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा है व अन्य बिंदुओं पर गहराई से अनुसंधान एवं जाँच किया जा रहा है। इस काण्ड के उदभेदन एवं अनुसंधान हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित किया गया है। जहां काण्ड के सभी पीडितों को अनुमंडलीयअस्पताल, राजमहल में प्राथमिकी उपचार के उपरान्त बेहतर ईलाज हेतु उच्चतर चिकित्सा संस्थान धनबाद भेजा गया है। जहां पीडितों को विक्टिम कम्पनशेषन स्कीम के तहत मुआवजा हेतु प्रस्ताव उचित माध्यम से समर्पित किया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने फैक्ट्री का किया निरीक्षण

एसिड अटैक ममले में वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ने गुदारा घाट स्थित फैक्ट्री का निरीक्षण किया। विदित हो की छत पर सो रही महिला सहित चार लोगों पर एसिड से हमला करने के मामले में अपराध स्वीकार करने वाले मनीष कुमार ने पुलिस के समक्ष बयान दिया है कि वह गुदारा घाट के समीप एक एसिड व टॉयलेट क्लीनर बनाने का काम एक फैक्ट्री में करता था जहां से उसने एसिड लाकर महिला सहित महिला के परिवार वालों पर हमला किया।

होटल संचालिका के साथ गिरफ्तार युवक का चल रहा था प्रेम प्रसंग, महिला के द्वारा अन्य लोगों से बात करना लगा बुरा

उधर एसिड अटैक मामले में प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि जिस युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसका होटल संचालिका महिला के साथ प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। जहां युवक महिला के साथ फोन पर बातें किया करता था। उधर महिला के कहने पर ही युवक उत्तर प्रदेश से यहां आकर एसिड व टॉयलेट क्लीनर बनाने वाले कंपनी में रहकर काम किया करता था। वही महिला युवक के साथ साथ अन्य लोगों से भी मोबाइल फोन पर बातें किया करती थी जिसको लेकर युवक को बुरा लगता था। जहां इसी आवेश में आकर युवक ने छत पर सो रहे महिला व अन्य सदस्यों पर एसिड से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस छापामारी दल में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, पुअनि बिट्टू कुमार साह, नितेश कुमार पाण्डेय, हसनैन अंसारी, राधानगर थाना एवं थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

जनता दरबार लगाकर उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याऐं

साहिबगंजः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जनता दरबार लगाकर दूरदराज इलाकों से आए आमजनों की समस्याऐं सुनी। जहां कार्यालय प्रकोष्ठ में समस्याओं को लेकर तालझारी प्रखंड के संबलपुर में एकलव्य आवासीय विद्यालय के रोकथाम को लेकर ग्रामीण ने उपायुक्त के समक्ष विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्रधान द्वारा उन लोगों को भड़काया जा रहा है एवं वहां निवास करने वाली महिलाओं के व्यवसाय करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान को 53 हजार भी दिए जिसका आज तक उनका लाभ नहीं मिला। इधर उपायुक्त ने समस्याओं को सुन गहरी चिंता व्यक्त की एवं प्रधान को अति शीघ्र प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए आईपीसी धारा 353 के तहत ग्राम प्रधान पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय ग्रामीण के हित के लिए निर्माण किया जाना है जिसमें ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा लेकर अपनी उज्जवल भविष्य को संवारेंगे। साथ ही विभिन्न प्रखंडों से आए आमजन तन्नु प्रिया, सोनाराम मड़ैया, अनिल लोहार ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष साझा। जिसपर उपायुक्त ने समस्याओं को शीघ्र ही हल करने का आश्वासन दिया गया।

घरेलू विवाद में विवाहिता महिला ने काटा हाथ का नस, सदर अस्पताल में भर्ती

साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के गुल्ली भट्टा पांच मोड़ निवासी विवाहिता महिला चांदनी देवी पति विक्की गुप्ता ने घरेलू विवाद में गुस्से में आकर बांए हाथ का नस काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने उसका इलाज किया। वही इसको लेकर घायल विवाहिता महिला के पति ने बताया कि आए दिन घर में किसी न किसी बात को लेकर उन लोगों के बीच लड़ाई झगड़ा होता रहता है जिसके कारण मंगलवार को उसने गुस्से में आकर इस तरह के कदम उठा ली। उधर सदर अस्पताल में घायल महिला का इलाज जारी है जहां वो फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के भवन निर्माण कार्य में अनियमितता, दीवारों में दिखने लगी दरारें

राजमहल संवाददाताः अनुमंडल अस्पताल राजमहल परिसर में निमार्णाधीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भवन निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है कि भवन के कई दीवारों पर दरारें आ गई है। जहां दो जगह पर तो ऐसी दरारें आई है कि कभी भी गिर सकती है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के बाद राजमहल में ब्लड बैंक की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल साहिबगंज के द्वारा 15 वें वित्त आयोग के तहत राजमहल अनुमंडल अस्पताल परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण करीब 49 लाख 48 हजार 91 रुपए की लागत से कराया जा रहा है। उक्त भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन बीते 6 सितंबर 2023 को स्थानीय विधायक अनंत ओझा ने किया था। वही आसपास के लोगों की माने तो शुरू से ही निर्माण कार्य में भारी अनियमितता हो रही है। उधर आसपास के लोगों ने कई बार काम कर रहे लोगों को शिकायत की परंतु कोई फायदा नहीं हुआ। वही ना तो इस पर कोई देखरेख हो रहा है और ना ही संवेदक की मनमानी को रोकने के लिए विभागीय पहल हो रही है। उल्लेख करना आवश्यक है कि उक्त भवन निर्माण कार्य शुरू हुए 7 महीने बीत गए परंतु अभी तक भवन निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ।

विश्व मलेरिया दिवस पर सीएस ने मलेरिया से बचाव को जानकारी की प्रेस कांफ्रेंस

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः विश्व मलेरिया दिवस की तैयारियों को लेकर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर मीडिया प्रतिनिधियों को विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, किरासन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें।

घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है।

भारत में संक्रमण के 65% प्लाजमोडियम वाइवैक्स तथा 35 प्रतिशत प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम के कारण होता है।

छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है।

इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। वही अमड़ापाड़ा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर खालिद अहमद के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया कर्मियों को मलेरिया दिवस से संबंधित जानकारी दी।

डीसी ने जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति (उछळउ) की बैठक आहूत की गई। जिसमें वितीय वर्ष 2024-25 में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन एवं कृषि ऋण हेतु कृषि फसलों के खेती के लागत एवं पशुपालन तथा मत्स्य पालन के अवयवों के कार्यशील पूंजी लागत पर कृषि फसलों एवं मत्स्य एवं पशुपालन के गतिविधियों का वित पैमाना निर्धारित किया गया।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी रचना निश्चल, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, पाकुड़, जिला उद्यान पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

चुनाव को लेकर सीआरपीएफ के डीआईजी ने सुरक्षा का जायजा लिया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी का जायजा लेने के लिए डीआईजी सीआरपीएफ संथाल परगना सह नोडल पदाधिकारी जयदेव केसरी ने पाकुड़ जिले में सुरक्षा का जायजा लिया। राजमहल लोकसभा सीट पर सातवें चरण में चुनाव होना है। बुधवार को सर्वप्रथम डीआईजी सीआरपीएफ ने डीसी पाकुड़ एवं एसपी पाकुड़ के साथ अन्य अधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की। डीसी पाकुड़ एवम एसपी पाकुड़ से चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारी हासिल की। चुनाव से संबंधित सीएपीएफ की कंपनियों के रुकने की व्यवस्था हेतु अभी काम बाकी है उसको जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया गया। साथ ही जिले में पहले उपस्थित एसएसबी कंपनी के कार्मिकों साथ बातचीत की गई जहां जवानों का उत्साह बहुत ही उच्च दर्जे का देखा गया एवं उन्हें डीआईजी सीआरपीएफ के द्वारा इसी उत्साह के साथ चुनाव को फ्री एंड फेयर तरीके से करने हेतु निर्देश दिया गया। जवानों को यह भी बताया गया की अच्छा कार्य करने के लिए पुरस्कृत भी किया जाएगा।

क्षेत्र के लोगो को चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवम चुनाव आयोग के दिशानिर्देश के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बताया की इस बार बूथों पर प्रशासन विशेष तैयारी का रहा है जिसमे गर्मी से बचाव हेतु शेड का निर्माण, पीने के पानी की व्यवस्था आदि की जा रही है।

इस मौके पर एसएसबी के तदर्थ कमांडेंट रमेश कुमार, दुतीय कमान अधिकारी, संजय प्रसाद, उप कमांडेंट एवं कंपनी के सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ सिंह आदि थे।

उत्पाद विभाग ने अवैध महुआ शराब बेचने वाले दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

पाकुड़ः लोक सभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग के अमड़ापाड़ा प्रखंड के विभिन होटल का औचक निरीक्षण किया गया। उत्पाद विभाग के उत्पाद निरीक्षक आशुतोष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। अमड़ापाड़ा प्रखंड के धमनीचुआ और आलूबेड़ा गांव के अवैध महुवा शराब बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। विभाग को जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र में कुछ दुकानों और होटलों में अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना के आधार पर आलूबेड़ा में एक दुकान में छापेमारी के क्रम में अवैध महुवा शराब मिला। अवैध महुवा शराब के मामले में दुकानदार धमनिचुआ निवासी प्रदीप कुमार देहरी को गिरफ्तार किया गया। वहीं बरमसिया में एक होटल मालिक आस मोहम्मद को भी अवैध महुवा शराब बेचने के मामले में विभाग के द्वारा गिरफ्तार किया गया। टीम के द्वारा पाकुड़ दुमका मुख्य सड़क पर छोटा पहाड़पुर स्थित सोनू होटल उर्फ व मधुबन ढाबा में भी विभाग के अधिकारियों ने जाँच किया। दुकान में रखे रेफ्रिजरेटर सहित अन्य सामानों को व होटल के पीछे भी जाकर जाँच किया। दोनों ही होटलों में जाँच के क्रम में किसी भी तरह का कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। मौके पर उत्पाद निरीक्षक आशुतोष कुमार, एसआई सन्नी तिर्की सहित पुलिस बल मौजूद थे।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को, आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार का शोर

रायपुर, (एजेंसी)। एक दिन बाद यानी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ की तीन सीटों राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में वोट डाले जायेंगे। इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए आज से चुनाव प्रचार का दौर शाम छह बजे तक थम जाएगा। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के 11 संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए 88 मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से आज बुधवार को भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर में सात जबकि छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव संपन्न होने हैं। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को संपन्न हुआ था। तब छग के बस्तर में मतदान हुआ था। इसी तरह 26 अप्रैल को होने वाले देश के तीसरे और प्रदेश के दूसरे चरण में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद जबकि तीसरे और अंतिम फेज में शेष सात सीटों पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण में कुल 168 प्रत्याशी मैदान पर होंगे, जिसमें 142 पुरुष व 26 महिला प्रत्याशी शामिल हैं।

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के 9 संवेदनशील मतदान केंद्रों में 76 मतदान कर्मी हेलीकॉप्टर से भेजे जाएंगे, वहीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले के 2 मतदान केंद्र के लिए 12 मतदान कर्मी आज हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे।दूसरे चरण के चुनाव में कुल 41 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें राजनांदगांव से कुल 15 प्रत्याशियों में से 13 पुरुष, दो महिला, महासमुंद से 17 प्रत्याशियों में से

16 पुरुष और एक महिला व कांकेर से नौ प्रत्याशियों में नौ पुरुष प्रत्याशी शामिल हैं। कुल 52 लाख से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान के लिए पात्र हैं। दूसरे चरण के लिए कुल 6,567 मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने बताया कि तीसरे और अंतिम चरण के तहत 7 मई को छत्तीसगढ़ के 7 लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। जिसमें सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर शामिल है। इन 7 लोकसभा क्षेत्र में कुल 168 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। जिसमें 142 पुरुष और 26 महिला शामिल है।तीसरे चरण में 7 लोकसभा क्षेत्र के 58 विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली दिनांक 19 अप्रैल 2024 को अंतिम रूप से फ्रिज की जा चुकी है।छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 39 लाख 1 हजार 285 है. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 69 लाख 33 हजार 121 और महिला मतदाताओं की संख्या 69 लाख 67 हजार 544 है। साथ ही थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 620 है। इसमें 18 से 19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 98 हजार 416 है। दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में 1 अप्रैल 2024 को 18 साल पूर्ण करने वाले मतदाताओं की संख्या 11 हजार 727 है।

पहले चरण के मतदान से सत्ता पक्ष घबराया हुआ है : गणेश गोदियाल

देहरादून, (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और गढ़वाल लोकसभा से उम्मीदवार गणेश गोदियाल ने कहा कि पहले चरण में हुए मतदान के बाद सत्ता दल के पैरों के नीचे से जमीन निकल गई है। मतदाताओं ने सोच समझ कर मतदान किया है। इससे घबराए लोग अब गलत बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है।

बुधवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में गढ़वाल उम्मीदवार गणेश गोदियाल ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बड़ी ताकत के साथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने लड़ाई लड़ी। इसके लिए कांग्रेस कार्यकताओं का धन्यवाद करता

हूं।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में हुए मतदान के बाद सत्ता दल घबरा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस पर मंगलसूत्र को लेकर टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 65 साल कांग्रेस पार्टी ने राज किया , जनता को इस लायक बनाया कि वो अपनी मंगेतर या धर्मपत्नी के लिए मंगलसूत्र बना सके। नरेन्द्र मोदी के 10 साल में सोने की कीमत 78 हजार तोला में पहुंच गई गई है। इस सरकार ने अपने कार्यकाल में दोगुने से ज्यादा कीमत सोने की कर दी और मंगलसूत्र की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई से परेशान लोग आज शादी के लिए एक अंगूठी नही बना पा रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार प्रचारक के तौर पर उत्तराखंड आए, लेकिन युवाओं के हित पर कुछ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी जानकारी मिली की प्रधानमंत्री ऋषिकेश आए थे और उसके अगले दिन उत्तराखंड सरकार से अंकिता हत्याकांड की जानकारी मांगी थी लेकिन इस पर कुछ बोल नहीं पाए।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री अग्निवीर और अंकिता भंडारी का जिक्र करते, लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसा नहीं हुआ।

केंद्र सरकार दुर्भावनापूर्वक यात्रियों को कर रही प्रताड़ित : कांग्रेस

रायपुर, (एजेंसी)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को रेलवे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है। लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे हैं लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फर्मान जारी हो जाता है।

उन्होंने कहा कि अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान हैं। वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द हैं। देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो। घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है। पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62 हजार ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द

किया जाता है।

देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है।

बुजुर्गो, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया। इसके पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठा कर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन केंद्र सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके, इसका रास्ता बना रही है। ऐसा इसलिये कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है।

2014 से पहले कांग्रेस की सरकारों ने रेलवे लाइनों का विस्तार किया, दोहरी और तीसरी लाइने बिछी, बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिफिकेशन के काम हुये तब ट्रेने बाधित नहीं की, लेकिन मेंटेंनेश का बहाना कर केंद्र की भाजपा सरकार दुर्भावनापूर्वक यात्रियों को प्रताड़ित कर रही है।

गायत्री सनातन धर्म और संस्कृति का आधारः विज्ञानानंद

हरिद्वार, (एजेंसी)। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि गायत्री मंत्र की महिमा अपरंपार है और जिस व्यक्ति के मुख से गायत्री मंत्र का उच्चारण हो जाता है उसका तन, मन और अंतःकरण तीनों पवित्र हो जाते हैं। वे आज राजा गार्डन स्थित श्रीहनुमत गौशाला में चल रहे श्रीगायत्री महायज्ञ की पूणार्हुति पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।वेदमाता गायत्री को सनातन धर्म और संस्कृति का आधार बताते हुए स्वामी विज्ञानानंद सरस्वतीजी महाराज ने कहा कि गायत्री मंत्र किसी धर्म विशेष ही नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि के लिए कल्याण कारक है। गायत्री मंत्र के साथ दी गई आहुति से विश्व कल्याण के लिए सकारात्मक वातावरण का सृजन होता है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात एवं उत्तर प्रदेश से आए श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में पूणार्हुति करने पहुंचे स्थानीय गण्यमान्य नागरिकों को भाग्यशाली बताते हुए उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थल और गंगा तट पर गौशाला में किया गया गायत्री महायज्ञ निश्चित ही विश्व कल्याण के लिए उत्तम कारक बनेगा।अग्नि देवता और यज्ञ भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ के सम्मुख संयुक्त रूप से लिया गया संकल्प कल्याणकारी ही होता है और जो दूसरों का कल्याण चाहते हैं, भगवान सबसे पहले उन्ही का कल्याण करते हैं।

आचार्य हरिओम ब्रह्मचारी एवं हरिकेश ब्रह्मचारी ने हनुमान जयंती एवं गायत्री महिमा पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान देकर सभी श्रद्धालुओं की जिज्ञासा को मूर्त रूप दिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्म नगरी के गणमान्य नागरिकों सहित अखाड़ों के सन्यासी भी उपस्थित थे

उत्तराखंड : पेशावर कांड के नायक थे वीर चंद्र सिंह, अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बुलंद की थी आवाज

देहरादून, (एजेंसी)। पेशावर कांड की 94वीं बरसी पर सैनिक क्रांति के अग्रदूत वीर चंद्र सिंह गढ़वाली एवं समस्त अमर सेनानियों की शहादत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नमन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- स्वतंत्रता आंदोलन में अमर सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है। देशभक्ति से ओत-प्रोत बलिदानियों का जीवन सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

दरअसल, देश भर में पेशावर कांड की बरसी मनाई जा रही है। उत्तराखंड में भी इस दिन का खास महत्व है। 23 अप्रैल 1930 को पेशावर कांड के नायक हवलदार वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने गढ़वाल राइफल के अपने सभी साथियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह खड़ा कर दिया था और उन्होंने पठानों के शांतिपूर्ण जुलूस पर गोली चलाने से मना कर दिया, इसलिए उत्तराखंड में आज गढ़वाली की वीरता को याद किया गया। चौखुटिया से लगे उनके गृह क्षेत्र रैंणीसेरा व गैरसैंण के रामलीला मैदान में लगी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का जन्म 25 दिसंबर 1899 में गढ़वाल के चमोली जनपद के अंतर्गत चौहान पट्टी के रैंणीसेरा गांव में जाथली सिंह भंडारी के घर में हुआ। दूर गांव की माटी में जन्मे एवं रचे-बसे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली गरीबी के चलते प्राइमरी तक ही शिक्षा ग्रहण कर सके। परिवार की बेहद माली हालत के चलते उन्होंने छोटी उम्र में ही रोजगार के लिए घर-गांव छोड़ दिया और गाइड बनकर अंग्रेजी शासकों के साथ काम करना शुरू कर दिया। मगर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली इस नौकरी से कभी खुश नहीं थे।

11 सितंबर 1994 को सेना में हुए थे शामिल-

चूंकि गढ़वाली के नस-नस में अपनी माटी व थाती के प्रति अटूट प्रेम भरा था। इसके चलते उन्हें यह काम रास नहीं आया। इसी बीच प्रथम युद्ध की शुरूआत हो गई तथा अंग्रेजों ने गांव-गांव जाकर सैनिकों की भर्ती शुरू कर दी। इसी क्रम में सैंणीसेरा गांव में भी कैंप लगा तथा चंद्र सिंह भी सेना में शामिल हो गए। 11 सितंबर 1994 में उन्हें लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल की छठी कंपनी में तैनाती मिल गई।

ऐसे उत्पन्न हुए अंग्रेजों के प्रति नफरत के भाव-

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान गढ़वाली तुर्की व मेसोपोटनिया समेत कई अन्य स्थानों पर लड़ाई के मोर्चे पर गए।

उनकी वीरता को देख उन्हें सैनिक से हवलदार बना दिया गया तथा फिर उन्हें गढ़वाली की उपाधि भी मिल गई। आखिर में जब प्रथम महायुद्ध समाप्त हो गया तो अंग्रेज शासकों ने जीवित रह गए आधे से अधिक सैनिकों को वापस उनके घरों को भेज दिया। इन्हीं में वारी चंद्र सिंह भी शामिल थे। यहीं से उनके मन में अंग्रेजों के प्रति नफरत के भाव उत्पन्न हो गए।

इसी दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन एवं जलियावालाबाग जैसे क्रूर कांड ने समूचे देश वासियों को झकझोर कर रख दिया।

बहुसंख्यक समाज की संपत्ति मुसलमानों को सौंपना चाहती है कांग्रेस : नरेश बंसल

देहरादून, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड चुनाव संयोजक और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने घोषणा पत्र के आधार पर कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए उसे आम आदमी की संपत्ति हड़पने वाला बताया है। उन्होंने कहा है कि जनता चुनाव में कांग्रेस को उसकी मंशा को मतों के माध्यम से ध्वस्त करेगी।

बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि पिछले छह दशकों तक कांग्रेस ने तुष्टिकरण की जिस योजना को पूरा करने का प्रयास किया था और जो पूरा नहीं हो पाई थी, उसे अपने घोषणा पत्र और बयानों के माध्यम से सत्ता में आने पर पूरा करने की बात कर रही है।

वह जानती है कि उसका सत्ता में आना संभव नहीं है, लेकिन तुष्टिकरण की नीति और बहुसंख्यक समाज की उपेक्षा का कोई अवसर कांग्रेस नहीं छोड़ना चाहती। चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र और उसके छिपे मंतव्य को प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन में बड़ी खलबली है। वह प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री को घेरने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

बंसल ने कहा कि विगत लगभग छह दशकों में कांग्रेस ने केवल वर्ग विशेष का तुष्टिकरण किया है। 2024 के लिए भी विकास के एजेंडे के स्थान पर कांग्रेस फिर से उसी तुष्टिकरण की राह पर चल पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विभिन्न चुनावी अभियान के दौरान कहा है कि कांग्रेस की दृष्टि आम आदमी की कमाई पर है जहां कांग्रेस अपना पंजा चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आपकी जमीन, आपकी संपत्ति, आपके धन यहां तक कि स्त्री धन के बारे में भी कांग्रेस और उसके सहयोगी राजनीतिक दलों की स्थिति ठीक नहीं है। वह लोगों से उसे हड़पना चाहते हैं। राहुल गांधी ने इस संदर्भ में कहा है कि वह संपत्तियों का एक्सरे कराएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहीं बहुसंख्यकवाद पर प्रहार करती है तो कहीं एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को अल्पसंख्यकों को देती है।

कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में यही किया गया है जहां ओबीसी के आरक्षण में छह प्रतिशत मुस्लिम समाज को देने का प्रयास किया गया था जो न्यायालय के कारण सफल नहीं हो पाया अन्यथा कांग्रेस ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी।

भगवान महावीर स्वामी की निकाली गई पालकी यात्रा

देहरादून, (एजेंसी)। भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को क्षुल्लकरत्न 05 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में पालकी यात्रा जैन भवन (जैन धर्मशाला) से निकाली गयी। पालकी यात्रा में भक्तगण पालकी में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर भक्तिभाव के साथ झूमते गाते बड़े आनंद के साथ गली गली भगवान के जयकारों के साथ पहुंचे। पालकी यात्रा का समापन झंडा बाजार स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए महाराज समर्पण सागर ने कहा कि महावीर की प्रमुख शिक्षाएं अथवा जैन धर्म के प्रमुख नियम सत्य जानने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक स्त्री व पुरुष को अपना घर छोड़ देना चाहिए। उन्हें अहिंसा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए अर्थात किसी भी जीव को न तो कष्ट देना चाहिए और न ही उसकी हत्या करनी चाहिए। सभी जीव जीना चाहते हैं। जियो और जीने दो।

जैन भवन मंत्री संदीप जैन ने कहा कि पालकी यात्रा मे सभी की भक्ति देखते नहीं बनती थी सभी भक्ति भाव के साथ इस यात्रा में शामिल हुए, जिसमें समाज के शेष सदस्य सफेद वस्त्रों और महिला वर्ग पीली साड़ियों में नृत्य करते हुए इस यात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे। बैंड की मधुर ध्वनियों पर संगीत लहरिया बिखर रही थीं। नगर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया।

पालकी यात्रा में उत्सव समिति संयोजक संदीप जैन,जिनेन्द्र कुमार जैन, सुनील जैन, अमित जैन,सनत जैन, मीडिया प्रभारी मधु जैन, मोनिका जैन, सिम्मी जैन, रत्नप्रभा जैन, इंद्रा जैन, आदि बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

रायपुर के रामनगर टंकी में लगेगा हाइड्रेंट

रायपुर, (एजेंसी)। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को रामनगर स्थित भारत माता टंकी में हाइड्रेंट लगाने हेतु अधिकारियों ने जायजा लिया। यहां टंकी या मेन राइजिंग लाइन में हाइड्रेंट लगाया जाएगा।

गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड में आगजनी के घटना के समय निगम द्वारा मेन राइजिंग लाइन की वाल को तोड़कर नाली बनाकर पानी से आग बुझाने का कार्य किया गया था। इस घटना का जायजा लेते समय निगम आयुक्त मिश्रा ने निर्देश दिए कि टंकी में यदि हाइड्रेंट लगा होता तो पानी निकालने में सहूलियत होती साथ ही इस टँकी के अलावा जिस भी टंकी में हाइड्रेंट ना लगा हो उनका सर्वे कर वहां हाइड्रेंट लगाने के निर्देश दिए थे।

आज रामनगर स्थित भारत माता टंकी का निगम के फिल्टर प्लांट के अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर और कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने निरीक्षण किया। फरेंद्र ने बताया कि इस जगह पर हाइड्रेंट लगाने के लिए दो तरह से विचार किया जा रहा है। यहां टंकी में या फिर नीचे मेन राइजिंग लाईन के नीचे हाइड्रेंट लगाने का परीक्षण कर जल्द ही हाइड्रेंट लगा दिया जाएगा।

फंदे से झूलती मिली युवक की लाश, पुलिस जांच में जुटी

रायगढ़, (एजेंसी)। घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे गुमड़ा में युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या ली है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत छोटे गुमड़ा इंदिरा आवास निवासी शिवकुमार गोतवाल पिता मदन गोतवाल उम्र लगभग 35 वर्षीय ने घर के कमरे में लगे म्यांर पर गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

परिजनों के अनुसार मृतक शिवकुमार रात को खाना खाने के बाद सभी अपने अपने कमरे में सोने चले गए थे। शिवकुमार भी अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह देखा तो शिवकुमार का शव घर के कमरे में लगे म्यांर में गमछे से लटकी मिली, जिससे परिजनों को होश उड़ गए। मृतक का एक पुत्र है, पत्नी का अपने मायके में रहना बताया जा रहा है। कमरे में मृतक द्वारा मरने से पहले अपने कुछ कागजात जलाए हैं जिसके राख कमरे में मौजूद है।

सूचना घरघोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। आत्महत्या का फिलहाल कारण अज्ञात है, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

वोटरों को जागरूक करने तेज धूप में निकाली छतरी रैली

बलौदाबाजार, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बुधवार को तेज धूप में कलेक्टर ने छतरी मतदाता जागरूकता रैली का आगाज किया, जिसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया और आम नागरिकों से आने वाले 7 मई को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

कलेक्टर केएल चौहान ने बताया कि, लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें, जिसे लेकर हम लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में आज तेज धूप में छतरी मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने अपील की है। इस रैली में हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। आगे भी हम इस तरह का अभियान चलाते रहेंगे, ताकि लोग बडी.संख्या में मतदान करें।

बरसात से पहले तालाब गहरीकरण का कार्य जारी

रायपुर, (एजेंसी)। रायपुरा स्थित बघवा तालाब का बरसात से पहले गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां तालाब के चारों और पाथवे के साथ ही उद्यान भी बनाया जाएगा।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर रही है। बुधवार को वहां कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा तथा उप अभियंता अर्जिता दीवान ने वहां जाकर कार्य कर रहे लोगों को दिशा निर्देश दिए। शर्मा ने बताया कि इस तालाब की गहरीकरण के साथ ही वहां रिटेनिंग वाल , पाथवे और उद्यान भी बनाया जा रहा है। ये सभी कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस हेतु आज ठेकेदार की हिदायत भी दी गई।

जादूगर सम्राट अजूबा का शो देखने उमड़ी भीड़

रायपुर, (एजेंसी)। पिछले कई दिनों से राजधानी रायपुर के लोगों को अपनी जादुई करिश्मों से दिवाना बनाने वाले जादूगर सम्राट अजूबा का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है।

जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि जब से यह जादू रायपुर में दिखा रहे हैं लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो हमारे जादू का कायल नहीं हुआ । हमारी कोशिश होती है कि हम अपने जादू से लोगों का मनोरंजन कर उन्हें जादू की दुनिया से परिचित कराएं, इसमें हमारी पूरी टीम काम करती है । सभी का प्रयास रहता है कि अच्छा से अच्छा जादू दिखाकर लोगों का मनोरंजन करें । हमारा जादू शो 5 मई तक रायपुर शहर में रहेगा, लेकिन अगर दर्शकों का भरपूर प्यार मिला तो शो को एक सप्ताह बढ़ाकर 12 मई तक कर सकते हैं । हमारे शो में रोजाना कुछ न कुछ नए नए कारनामें देखने को मिलेंगे। रोजाना 3 शो चलते हैं , 1 बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे । प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है, जिसका टिकट आप ऑनलाइन६६६.नंि४ऋंश्नङ्कङ्कंङ्के से या ऑफलाइन रंग मंदिर परिसर में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं । रोजाना शो को देखने स्कूल के बच्चे एवं ग्रुप संस्थाओं के लोग पहुँच रहे हैं, जिन्हें जादूगर अजूबा की तरफ से विशेष छूट दिया जा रहा है ।

दारोगा पर फरसे से जानलेवा हमला करने वाला आरोपित सिपाही गिरफ्तार

ऋषिकेश, (एजेंसी)। जनपद पौड़ी गढ़वाल के थाना लक्ष्मण झूला में तैनात सस्पेंड चल रहे एक कांस्टेबल ने थाने में ही तैनात चौकी प्रभारी पर फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपित कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना लक्ष्मण झूला की जल पुलिस में तैनात कांस्टेबल अनुराग पाल को अधिकारियों ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने और अनुपस्थित रहने के कारण सस्पेंड कर दिया था। मंगलवार की दोपहर राम झूला चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राज विक्रम सिंह पंवार के साथ इस सिपाही का मामूली विवाद हो गया। सिपाही अपने पास फरसा लेकर आया था। उसने उपनिरीक्षक पर हमला कर दिया।

चोरी की बाइक और नकदी के साथ दो शातिर गिरफ्तार

हरिद्वार, (एजेंसी)। दुकान का ताला तोड़कर नकदी और अन्य सामान चोरी करने के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की एक बाइक व चोरी का अन्य सामान बरामद किया है।लोधा मंडी ज्वालापुर निवासी शाहबाज ने 22 अप्रैल को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को तहरीर दी कि शहवाज उर्फ भैया पुत्र शहराज और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से नकदी व अन्य सामान चोरी कर ली। दूसरी ओर गुलजार निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर ने भी अपनी बाइक चोरी के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।